


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 174 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.12 2079 बुधवार, 7 सितंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## आर्य समाज का प्रमाणपत्र शादी का सबूत नहीं

प्रयागराज, 6 सितंबर (एजेंसियां)। आर्य समाज समाजों द्वारा जारी किए गए मैरिज सर्टिफिकेट के बार-बार उपयोग को गंभीरता से लेते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि वे दस्तावेजों की वास्तविकता पर विचार किए बिना विवाह के आयोजन में विश्वास का दुरूपयोग कर रहे हैं।

दरअसल, इस मामले पर एक शख्स ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की थी कि बंदी प्रत्यक्षीकरण की मदद से उसकी पत्नी को अदालत के सामने पेश करने के संबंध में आदेश जारी हो, लेकिन अदालत ने यह कहकर उसकी इस याचिका को खारिज कर दिया कि सिर्फ आर्य समाज के प्रमाणपत्र को साक्ष्य नहीं माना जा सकता।

# 5 विपक्षी नेताओं से मिले नीतीश

## 13 को साथ लाने का टारगेट, मकसद 500 सीटों पर भाजपा से लड़ाई




नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में भाजपा को सत्ता से दूर करने के बाद नीतीश कुमार मिशन 2024 की तैयारी में जुट गए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को वे 3 दिन के दौरे पर दिल्ली पहुंचे। पहले दिन ही उन्होंने विपक्ष के 5 बड़े नेताओं से मुलाकात की। इनमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कर्नाटक के पूर्व सीएम और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी, सीपीआई(एम) महासचिव सीताराम येचुरी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार शामिल हैं।

इसके अलावा ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और ओडिशा के सीएम बीजू जनता दल के नेताओं से भी नीतीश की मुलाकात प्रस्तावित है। राजनीतिक गलियारों में नीतीश के दिल्ली दौरे को विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। बिहार में भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद से ही नीतीश लगातार विपक्षी नेताओं से संपर्क साध रहे हैं। अगर, नीतीश के प्रयास सफल रहे तो 2024 के चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के साथ-साथ सभी क्षेत्रीय पार्टियां साथ आ सकती हैं। यह पहली बार नहीं है, जब नीतीश महागठबंधन बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। 2015 में भी उन्होंने कोशिश की थी, लेकिन तब वे सफल नहीं हो सके थे। नीतीश के दिल्ली दौरे से 2024 के चुनाव पर क्या असर होगा?

**दक्षिण से उत्तर तक घेराबंदी**

नीतीश का दिल्ली दौरा अगर सफल रहा और सभी दल एकजुट हो गए तो आगामी लोकसभा चुनाव में 500 से ज्यादा सीटों पर भाजपा से सीधी लड़ाई होगी।

जिन दलों से नीतीश संपर्क साध रहे हैं, वे सभी दल दक्षिण से लेकर उत्तर भारत तक प्रभावी हैं। देश के रूरल एरिया में लोकसभा की कुल 353 सीटे हैं, जिसमें 2019 में भाजपा को 207 सीटों पर जीत मिली थी। >12

# दिल्ली शराब घोटाला : ईडी की हैदराबाद समेत देशभर में 30 जगहों पर छापेमारी

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दिल्ली शराब घोटाले के सिलसिले में, प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने मंगलवार को हैदराबाद में तलाशी अभियान चलाया। घोटाले की चल रही जांच के तहत, ईडी ने देश भर में कई स्थानों पर छापेमारी फिर से शुरू की। वे उन लोगों पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है कि टीआरएस नेताओं के साथ उनके करीबी संबंध हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 30 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की जा रही है। वे लखनऊ, गुरुगांव, चंडीगढ़, मुंबई, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं। छापे का अभियान मंगलवार सुबह शुरू हुई। ईडी का यह मामला सीबीआई की उस प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शराब कारोबारियों को आबकारी नियमों का उल्लंघन कर 30 करोड़ रुपये की छूट दी गई। ईडी ने यह भी कहा कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया और कुछ शराब कारोबारी कथित तौर पर शराब लाइसेंसधारियों से वसूले गए अनुचित आर्थिक लाभ को लोक सेवकों को देने में शामिल थे, जो इस मामले में आरोपी हैं। हैदराबाद में, ईडी के अधिकारियों ने कोकापेट में अरुण रामचंद्र पिल्लई के आवास सहित छह स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इनका नाम पिछली छापेमारी के दौरान सामने आया था। अरूण रामचन्द्र पर आरोप लगे थे कि उनके टीआरएस विधायक और मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता से संबंध है। पिल्लई के अलावा ईडी बोइनपल्ली अभिषेक राव, सुदिनी सृजन रेड्डी और गांद्रा प्रेमसागर राव के घरों और कार्यालयों में छापेमारी कर रही है। ईडी ने हैदराबाद के नानकरामगुडा स्थित रॉबिन डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रधान कार्यालय पर छापा मारा, जिसमें अरुण रामचंद्र पिल्लई और प्रेमसागर राव को निदेशक बताया गया है। राजेंद्रनगर में भी छापेमारी की जा रही है। आरोप हैं कि सुदिनी सृजन रेड्डी कविता की बिजनेस पार्टनर है, जिन्होंने फरवरी 2010 में एडिकोर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक कंपनी बनाई थी। उनके पास दीपक इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक और कंपनी भी है, जो कलवाकुर्ती लिफ्ट इरिगेशन स्कीम में काम कर रही है। दिलचस्प बात यह है कि सृजन पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिवंगत एस जयपाल रेड्डी के भतीजे हैं, जो तेलंगाना पीसीसी अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी के करीबी हैं।

## हैदराबाद का पहला सोलर रूफ साइकिलिंग ट्रैक

**23 किलोमीटर लंबे ट्रैक की छत 16 मेगावाट बिजली बनाएगी, 2023 तक इस्तेमाल कर सकेंगे**

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद को जल्द ही साइकिल चलाने के लिए एक ऐसा ट्रैक मिलने वाला है, जिसके ऊपर सोलर पैनल की छत होगी। इसे सोलर रूफ साइकिलिंग ट्रैक कहा जा रहा है। यह रास्ता 23 किलोमीटर लंबा होगा। इसे दक्षिण कोरिया में डेजॉन और सेजोंग बाइक हाईवेज की तर्ज पर बनाया जा रहा है। तेलंगाना म्युनिसिपल मिनिस्टर केटी रामा राव मंगलवार को आउटर रिंग रोड की सर्विस रोड पर इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया।

**प्रोजेक्ट का 3डी वीडियो रिलीज हुआ :**

राव ने ट्विटर पर साइकिलिंग ट्रैक का 3डी प्लानिंग वीडियो रिलीज किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट अगले साल की गर्मी तक बनकर तैयार हो जाएगा। 23 किलोमीटर लंबा और 4.5 मीटर चौड़ा साइकिल ट्रैक नानकरामगुड़ा, तेलंगाना स्टेट पुलिस एकेडमी (टीएसपीए) सर्कल, नरसिंगी और कोल्लूर को जोड़ेगा। फिलहाल अधिकारी शुरूआती 21 किलोमीटर पर काम करेंगे। सोलर पैनल से सजी छत 16 मेगावाट बिजली पैदा करेगी। >12

## केरल, कर्नाटक, आंध्र में भारी बारिश का अलर्ट

बेंगलुरू/तिरुअनंतपुरम, 6 सितंबर (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने मंगलवार को केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 8 और 9 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में लोगों की जिंदगी थम गई है।

कई इलाकों में पानी भर गया है और सड़कों पर नाव चलाने की नौबत आ गई है। सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरू में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है, जब आईटी वर्कर्स ट्रैक्टर पर दफ्तर जा रहे हैं। बेंगलुरू में भारी बारिश के चलते सोमवार को 23 साल की लड़की की मौत हो गई।

# मोदी और शेख हसीना के बीच बैठक : भारत और बांग्लादेश के संबंध नई ऊंचाइयां छुएंगे

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। शेख हसीना 5 सितंबर से 8 सितंबर तक भारत दौरे पर हैं। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, रेलवे और वाटर मैनेजमेंट से जुड़े 7 समझौते हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के बीच बैठक खत्म हो गई है। पीएम मोदी और शेख हसीना ने मीटिंग के बाद एक साझा बयान भी जारी किया।

पीएम ने कहा, पिछले साल हमने बांग्लादेश की आजादी के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। हमने पहला मैत्री दिवस भी सेलिब्रेट किया। भारत और बांग्लादश आने वाले दिनों में नई ऊंचाइयों को छुएगा। बांग्लादेश और भारत के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। आईटी, स्पेस, न्यूक्लियर जैसे सेक्टर्स में भी दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। पीपुल टू पीपुल कोऑपरेशन में लगातार इम्प्रूवमेंट हो रहा है। भारत दौरे पर आईं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को पीएम मोदी ने उन्हें मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में रिसीव किया। शेख हसीना 8 सितंबर तक भारत दौरे पर रहेंगी। इस



दौरान दोनों देशों के बीच 7 समझौते हो सकते हैं। बैठक से पहले शेख हसीना ने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह एक बहुत ही उपयोगी चर्चा होगी और हमारा मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से विकसित होना और हमारे लोगों की बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करना है जो हम कर पाएंगे। दोस्ती से आप किसी भी समस्या का समाधान निकाल सकते हैं इसलिए, हम हमेशा ऐसा करते हैं। राष्ट्रपति भवन में बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने कहा, जब लिबरेशन वॉर हुआ, हमारे देश ने जब स्वाधीनता पाई तब भारत और यहां के लोगों ने हमारा साथ दिया, सपोर्ट किया।

उस कॉन्ट्रीब्यूशन के लिए मैं हमेशा भारत की आभारी रहूंगी। राष्ट्रपति भवन में शेख हसीना ने कहा, भारत हमारा मित्र है। भारत आना हमेशा ही मेरे लिए सुखद रहता है, क्योंकि हमें हमेशा याद दिलाता है कि इस देश ने बांग्लादेश की आजादी के वक्त क्या योगदान दिया था। हमारे संबंध दोस्ताना हैं और हम हमेशा एक-दूसरे का सहयोग करते हैं। शेख हसीना ने कहा, हमारा मुख्य फोकस हमारे लोगों के बीच सहयोग बढ़ाना, गरीबी को खत्म करना और इकोनॉमी को दुरूस्त करना है। इन मुद्दों के साथ मिलकर हम दोनों देश साथ काम करेंगे। इससे भारत-बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लोगों को बेहतर जीवन मिल सके। यही हमारा लक्ष्य है।




E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership. | Maruti Suzuki vehicles are now available under CSD & CPC* | For bulk order, mail at: nishant.vijayvergia@maruti.co.in.

AUTHORISED DEALERS: TELANGANA STATE: VARUN: (NIZAMBAD) CALL: 8462236236, (KARIMNAGAR) CALL: 0878- 2950555. HYDERABAD: ADARSHA: (ATTAPUR) CALL: 8897973366, (KARMANGHAT) CALL: 8297576633. KALYANI MOTORS: (NACHARAM) CALL: 9100102157, (LB NAGAR) CALL: 9100102157. GEM MOTORS: (KONDAPUR) CALL: 9272506060. ACER: (TIRUMALGIRI) CALL: 9154073240. AUTOFIN: (BOWENPALLY) CALL: 040-67292222. JAYABHERI: (GACHIBOWLI) CALL: 8100823456. PAVAN: (SECUNDERABAD) CALL: 7093711199. VARUN: (BEGUMPET) CALL: 040-44607676, (BANJARA HILLS) CALL: 040-44887676, (KUKATPALLY) CALL: 040-44587676, (VANASTHALIPURAM) CALL: 040-24029979, (GACHIBOWLI) CALL: 040-49497676. RKS: (SOMAJIGUDA) CALL: 9848898488, (MALAKPET) CALL: 9848898488, (SECUNDERABAD) CALL: 9848898488, (KUSHAIGUDA) CALL: 9848898488. MITHRA: (HIMAYATHNAGAR) CALL: 040-27634444, (MEHDIPATNAM) CALL: 7799884949. SAI SERVICE: (ERRAGADDA) CALL: 7331168888, (MIYAPUR) CALL: 7331168888. E-OUTLETS: SAI SERVICE: (SANGAREDDY) CALL: 7331168888. ADARSHA: (SIDDIPET) CALL: 9581656633. VARUN: (MEDAK) CALL: 9703656111. AUTOFIN: (MEDCHAL) CALL: 8885040034. PAVAN: (IBRAHIMPATNAM) CALL: 7093711199.

**Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer, and ISL/ Corporate offer (wherever applicable) on S-Presso (MT Petrol- V & V+ variants only). ^Gold coin offer up to ₹5 000 is Applicable on select Models/ variants of S.Presso and value of coin may vary depending on variant. Gold coin offer is valid on Invoicing till 30th September 2022. ***Terms & Conditions apply. Finance scheme details mentioned in the Advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the bank. ^^Up to 100% on-road funding is provided by select financiers only. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. Accessories and features shown in the pictures may not be a part of the standard equipment and may vary according to the variant. #As certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of CMVR 1989. (CMVR is an Acronym for Central Motor Vehicles rules, 1989). Mileage Mentioned is for VXI(O) AGS & VXI+(O) AGS. *For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to the owner's manual. Creative Visualization. The black glass is the vehicle is due to the lightning effect. Images used are for illustration purposes only. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offer is valid till 30th September 2022.

# बेंगलुरु में बुरा हाल : 50 रुपये में ट्रैक्टर से दफ्तर जा रहे आईटी पेशेवर

### सीएम ने कांग्रेस पर फोड़ा ठीकरा



बेंगलुरु, 6 सितंबर (एजेंसियां)। देश की सिलीकॉन सिटी बेंगलुरु में भारी बारिश से बुरा हाल है। कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अनेक परिसरों, सड़कों आदि इलाकों में कईफीट पानी भरा हुआ है। इस बीच 23 साल की एक स्कूटी सवार युवती की करंट लगने से मौत हो गई।

वहीं, आईटी पेशेवरों को दफ्तर पहुंचने के लिए ट्रैक्टर टॉलियों का सहारा लेना पड़ रहा है। ये 50-50 रुपये देकर ट्रालियों से दफ्तर जा रहे हैं। उधर सीएम बसवराज बोम्मई ने शहर में बाढ़ की समस्या के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। सड़कों पर जलजमाव के कारण वाहन चालकों की मुसीबत हो रही है। मंगलवार को कई आईटी पेशेवर ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर दफ्तर पहुंचे। बताया गया है कि सड़कों पर जमा पानी में फिसलने से युवती अखिला स्कूटी समेत बिजली के खंभे के पास गिर गई। खंभे से फैले करंट लगने के कारण अखिला की मौत हो गई। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। रविवार व सोमवार को बेंगलुरु में भारी वर्षा हुई थी। इसके बाद इस हाईटेक शहर की कई इमारतों के बेसमेंट में पानी घुस गया था। शहर के ड्रेनेज सिस्टम को लेकर लोगों ने बृहद बेंगलुरु नगर निगम के प्रति रोष जताया। उनका कहना है कि हर साल बेंगलुरु में बाढ़ जैसे हालात बनते हैं, क्योंकि पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। सीएम बोम्मई ने मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा में कहा बेंगलुरु की यह हालत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कारण हुई है।

# राजपथ का नाम कर्तव्य पथ करने के प्रस्ताव पर महुआ मोइत्रा का तंज

### उम्मीद है पीएम के नया आवास का नाम किंकर्तव्यविमूढ़ मठ होगा

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार नई दिल्ली के प्रतिष्ठित राजपथ का नाम बदलने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार ने इसका नाम बदलकर 'कर्तव्य पथ' करेगी।

राजपथ का नाम बदले जाने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को केंद्र सरकार की इस योजना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री के नए आधिकारिक आवास का नाम 'किंकर्तव्यविमूढ़ मठ' होगा।

इंडिया गेट सी-हेक्सागन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा से राष्ट्रपति भवन तक की सड़क और क्षेत्र को कथित तौर पर कर्तव्य पथ के रूप में जाना जाएगा। मार्ग को औपनिवेशिक शासन के दौरान एक औपचारिक मुख्य मार्ग के रूप में बनाया गया था और इसे लंदन में किंग्सवे की तर्ज पर डिजाइन किया गया था। ब्रिटिश शासन के दौरान राजपथ का नामकरण किया गया था तब इसे किंग्सवे के नाम से जाना जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाने वाले सभी ऐतिहासिक इमारतों, सड़कों और धरोहरों के उन्मूलन पर जोर दिया है।



**टीएमसी सांसद ने किया ट्वीट**

टीएमसी सांसद ने ट्वीट किया, "मेरा मानना है कि वे राजपथ का नाम बदलकर 'कर्तव्य पथ' कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि वे नए प्रधानमंत्री के आवास का नाम किंकर्तव्यविमूढ़ मठ रख देंगे।" इसके साथ ही टीएमसी की कृष्णानगर की लोकसभा सदस्य ने सुकुमार रे के हाजाबराला का एक अंश भी साझा किया, जिसे बंगाली साहित्य की सर्वश्रेष्ठ बकवास कहानियों में से एक माना जाता है। बच्चों के उपन्यासों में हर चीज को अजीब नाम दिया जाता था।

**पीएम आवास को शिफ्ट किया जाएगा**

सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत प्रधानमंत्री आवास को मौजूदा साउथ ब्लॉक के पीछे शिफ्ट किया जाएगा। राजपथ का नाम बदलकर 'कर्तव्य पथ' करने की खबरें सामने आने के बाद सोमवार को मोइत्रा ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया,"यह क्या हो रहा है? क्या भाजपा ने हमारी संस्कृति को बदलने का अपना एक मात्र कर्तव्य बना लिया है। क्या उनके महापाप और पागलपन में हमारी विरासत का इतिहास फिर से लिखा जाएगा?"

**2014 के बाद से बदले इन जगहों के नाम**

2015 में औरंगजेब रोड का नाम बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड कर दिया गया। एक साल बाद रेसकोर्स रोड का नाम बदलकर लोक कल्याण मार्ग कर दिया गया। 2017 में डलहौजी रोड का नाम बदलकर दारा शिकोह रोड कर दिया गया। साथ ही तीन मूर्ति चौक को 2018 में बदलकर तीन मूर्ति हैफा चौक कर दिया गया। अकबर रोड का नाम बदलने के लिए कई प्रस्ताव आए लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया गया है।

### जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

# टीएमसी विधानसभा में लाएगी केंद्र के खिलाफ प्रस्ताव

कोलकाता, 6 सितंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का लंबे समय से आरोप लगा रही है। इसके खिलाफ अब वह बंगाल विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है।

टीएमसी का आरोप है कि केंद्र सरकार राजनीतिक बदले के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। बंगाल विधानसभा का मानसून सत्र 14 से 22 सितंबर तक होने की संभावना है। इसमें पार्टी केंद्र के खिलाफ प्रस्ताव ला सकती है। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने कहा कि सत्र में एक प्रस्ताव लाने के बारे में चर्चा हुई है, लेकिन अभी इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। अगले कुछ दिनों के भीतर इस पर फैसला किया जाएगा। इसके बाद प्रस्ताव को अगले सप्ताह होने वाली बैठक में सदन की परामर्श समिति के समक्ष रखा जाएगा। टीएमसी विधायक दल के सूत्रों के अनुसार, प्रतिशोध के लिए 'राजनीतिक औजार' के रूप में केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ एक प्रस्ताव लाने की योजना बनाई जा रही है।



टीएमसी के एक वरिष्ठ विधायक ने कहा कि न केवल पश्चिम बंगाल में, बल्कि सभी विपक्ष शासित राज्यों में भाजपा सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इन एजेंसियों ने भाजपा नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से आंखें मूंद ली हैं। बता दें, टीएमसी को झटका देते हुए ईडी और सीबीआई ने पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और पार्टी नेता अनुब्रत मंडल को गिरफ्तार किया है। पूर्व शिक्षा मंत्री चटर्जी को ईडी ने जुलाई में स्कूल नौकरी घोटाले में गिरफ्तार किया था, जबकि टीएमसी के बीरभूम जिला अध्यक्ष मंडल को पिछले महीने पशु तस्करी मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

**भाजपा प्रस्ताव का विरोध करेगी**

भाजपा ने कहा कि वह सदन में लाए जाने वाले ऐसे किसी भी प्रस्ताव का विरोध करेगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक मनोज तिग्गा ने कहा, 'अगर किसी ने कोई गलत काम नहीं किया है, तो वह केंद्रीय एजेंसी का सामना करने को लेकर क्यों भयभीत है? कानून अपना काम करेगा।

भाजपा किसी जांच को प्रभावित नहीं करती। हम सदन के पटल पर ऐसे किसी भी प्रस्ताव का विरोध करेंगे।' इस बीच, कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में सीबीआई ने तृणमूल कांग्रेस के विधायक से पूछताछ की। बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या हुई थी।

# महिला एसआई पर दिल्ली पुलिस ने किया केस

### मां से बहस करने पर ससुर को पीटा; दोनों पक्षों में हाथापाई का सीसीटीवी फुटेज मिला

दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक महिला सब-इंस्पेक्टर पर दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज किया है। महिला एसआई का अपने ससुर की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह अपनी मां और एक पुलिस वाले के सामने बुजुर्ग ससुर को थप्पड़ मारती नजर आ रही है। वीडियो सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**बीच-बचाव करने में नाकाम रहा पुलिसकर्मी**

जब इस महिला की मां और एक पुलिस कर्मी उसके ससुर के घर पर आए थे। मारपीट से पहले सब इंस्पेक्ट की मां और बुजुर्ग के बीच तीखी बहस होती है। इस बहस के दौरा न ही वह बुजुर्ग महिला की मां को धक्का मार देता है। महिला SI अपने ससुर पर थप्पड़ों की बरसात कर देती है। हालांकि, वहां मौजूद पुलिस कर्मी इसे रोकने की कोशिश करता दिखता है, लेकिन नाकाम रहता है।

**बुजुर्ग का आरोप मां-बेटी ने तोड़फोड़ की**

64 साल के बुजुर्ग का आरोप है कि रविवार को बहू और उसकी मां उनके घर आए और खिड़कियां तोड़ दीं। इसके बाद आरोपी महिला ने बुजुर्ग को उनके बीच चल रहे एक अदालती मामले को लेकर थप्पड़ मार दिया।

बुजुर्ग का कहना है कि उसकी बहू दो साल से अपनी पुलिस पावर का इस्तेमाल कर परिवार को परेशान कर रही है और उनसे मारपीट करती है।

# नई सहकारिता नीति के लिए प्रभु की अध्यक्षता में कमेटी, शाह का एलान



नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। देश में राष्ट्रीय सहकारिता नीति बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई राष्ट्रीय सहकारी नीति का मसौदा तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय समिति के गठन का एलान किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है। इसमें देश के सभी हिस्सों से 47 सदस्य शामिल किए गए हैं। समिति में राष्ट्रीय, राज्य, जिला और प्राथमिक सहकारी समितियों के प्रतिनिधि, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिव, सहकारिता और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार और केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के अधिकारी शामिल किए गए हैं।

देश में अभी करीब 8.5 लाख सहकारी समितियां हैं। इनके लगभग 29 करोड़ सदस्यों हैं। मोदी सरकार 'सहकार से समृद्धि' पर जोर दे रही है। इसे साकार करने के लिए नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति बनाई जा रही है। मौजूदा राष्ट्रीय सहकारिता नीति 20 साल पुरानी है। सहकारिता के विस्तार को देखते हुए नई नीति बनाई जा रही है।

# मिजोरम में म्यांमार के 30 हजार शरणार्थी

### म्यांमार के शरणार्थियों को पहचान-पत्र, 160 शिविरों में चौकसी तेज, जनसंख्या संतुलन पर संकट

गुवाहाटी, 6 सितंबर (एजेंसियां)। म्यांमार में सैन्य तानाशाह सरकार के अत्याचारों से पीड़ित शरणार्थियों का भारत आने का सिलसिला जारी है। पूर्वोत्तर के राज्य मिजोरम में लगभग साढ़े 30 हजार शरणार्थी पनाह लिए हुए हैं। मिजोरम सरकार ने राज्य में पहुंचे इन शरणार्थियों की प्रोफाइलिंग कर डेटा भी तैयार कर लिया है। मिजोरम सरकार ने म्यांमार के सभी शरणार्थियों को विशेष पहचान-पत्र जारी किए हैं।

राज्य सरकार के अधिकारी का कहना है कि इन पहचान-पत्रों का उपयोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में नहीं किया जा सकता। मिज़ोरम की आबादी लगभग साढ़े 12 लाख है। इनमें भी 30 हजार म्यांमार के शरणार्थियों के आने से यहां का जनसंख्या संतुलन बिगड़ने की आशंका है। मिजोरम के लगभग 160 शरणार्थी शिविरों में चौकसी तेज कर दी गई है, ताकि ये शरणार्थी स्थानीय क्षेत्रों में नहीं बस पाएं।




**शिविरों में म्यांमार की पूर्ववर्ती सरकार के जनप्रतिनिधि भी**

बीते साल फरवरी में म्यांमार में सेना के सत्ता पर कब्जे के बाद से ही आतंकित लोग समूहों में टिआऊ नदी को पार कर मिजोरम पहुंच रहे हैं। ये शरणार्थी मूल रूप से म्यांमार के चिन प्रांत के रहने वाले हैं। इन शिविरों में म्यांमार की आंग सांग सू की के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती लोकतांत्रिक सरकार के 14 जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं।

**शरणार्थियों में 22 हजार से ज्यादा महिलाएं और बच्चे**

मिजोरम में पहुंचे म्यांमार के शरणार्थी चंफाई, सियाहा, लांग्तलाई, सेरछिप, ह्नाहथियाल और सेतुआल जिलों के 160 राहत शिविरों में रह रहे हैं। मिजोरम में रह रहे म्यांमार के 30 हजार शरणार्थियों में से 11,800 बच्चे और 10,200 महिलाएं हैं। राज्य सरकार ने शरणार्थियों के लिए अब तक करीब 80 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

**म्यांमार के 85 लोग सीमा पार करते पकड़े जा चुके**

हाल ही में म्यांमार की सीमा से लगे मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में 20 बच्चों सहित 80 म्यांमार नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन्हें बाद में इंफाल में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। भाजपा की प्रदेश इकाई ने म्यांमार से आने वाले लोगों पर रोक की मांग की है।

**स्थानीय जातियों-जनजातियों को आबादी घटने की चिंता**

मणिपुर में म्यांमार के 5,000 से 10,000 नागरिक रह रहे हैं। इससे मैते और नागा जनजाति के लोगों को आशंका है कि इनकी आमद से जातीय संतुलन बिगाड़ सकता है। बहुसंख्यक हिंदू समुदाय मैते की भी जनसंख्या लगातार घट रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मैते राज्य की कुल आबादी का 51% थे, जबकि 1971 में 66% के करीब थे।

# मदरसों के सर्वे के विरुद्ध जमीयत की बैठक

### सरकार से जल्द करेंगे मुलाकात



नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने यूपी में मदरसों के सर्वे के विरोध में एक महत्वपूर्ण बैठक की और बैठक में सरकार से मिलने का निर्णय लिया गया और इसको लेकर एक स्टेरिंग कमेटी भी बनाई गई है।

बैठक में यूपी के बड़े मदरसों से जुड़े लोग शामिल हुए, ये सभी लोग गैर सरकारी इमदाद से मदरसे चलाने वाले हैं। सरकारी ऐलान के बाद महमूद मदनी के साथ बैठक करने के बाद आगे की रणनीति तैयार की गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य में मदरसों की शिक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारियों को सर्वे कराने के निर्देश दिए जाने के खिलाफ हुई बैठक के बाद महमूद मदनी नें कहा, हम कहना चाहते हैं कि मदरसे देश की संपत्ति हैं और गरीबों के लिए मदरसे जरूरी हैं। मदरसे से निकले लोगों ने देश की सेवा की है, इसलिए मदरसों का रोल बहुत अहम है। आज के जमाने मे मदरसों को गलत निगाह से देखा जा रहा है मदरसों का काम आपसी दूरी को खत्म करना है। हम देश के लिए हैं, थे और रहेंगे। मदरसों के मामले में जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए।

दरअसल यूपी में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे होगा और उसके बाद रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी जाएगी। सर्वे टीम में एसडीएम, बीएसए और जिला अल्पसंख्यक अधिकारी शामिल रहेंगे। टीम अपने सर्वे के बाद रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेंगे और एसडीएम या अपर जिलाधिकारी से मिली रिपोर्ट का निरीक्षण करने के बाद ही जिलाधिकारी रिपोर्ट को आगे शासन के पास भेजेंगे।

# देश का सबसे बड़ा कार चोर

### 27 साल में 5000 कार चुराईं, टैक्सी ड्राइवरों का मडर्र किया; 3 बीवियों 7 बच्चों का है परिवार



नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने देश के सबसे बड़े कार चोर अनिल चौहान को गिरफ्तार कर लिया। अनिल चौहान पर 5000 कारें चुराने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि 52 साल के अनिल ने चोरी के दम पर दिल्ली, मुंबई और नॉर्थ ईस्ट में कई प्रॉपर्टी खरीदी हैं। वह रईसी वाली जिंदगी जी रहा था। पुलिस के मुताबिक, अनिल की तीन बीवियां और सात बच्चे हैं। पुलिस का दावा है कि यह देश का सबसे बड़ा कार चोर है। इसने 27 साल में 5000 से ज्यादा कार चुराई हैं। सेंट्रल दिल्ली पुलिस के स्पेशल स्टाफ को अनिल के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद उसे देशबंधु गुप्ता रोड से पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से छह पिस्टल और सात कारतूस बरामद किए हैं। दिल्ली के खानपुर इलाके में रहते हुए अनिल ऑटोरिक्शा चलाने का काम करता था। 1995 के बाद उसने कार चुराना शुरू किया। 27 साल में उसने सबसे ज्यादा मारुति 800 मॉडल चुराया। अनिल देश के अलग-अलग इलाकों से कार चुराकर उन्हें नेपाल, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों को भेजता था। चोरी के दौरान उसने कई टैक्सी ड्राइवरों का मर्डर भी किया। इसके बाद वह असम जाकर रहने लगा। कार चोरी करके कमाई संपत्ति से उसने दिल्ली, मुंबई और पूर्वोत्तर राज्यों में प्रॉपर्टी खरीदीं।

## रोचक खबरें

# डॉगी ने डिले करा दी फ्लाइट, क्रू मेंबर से लेकर पायलट तक खूबसूरती में ऐसा खोए कि भूल गए उड़ान भरना




ट्रेन लेट होने की घटनाएं अब बेहद आम बात लगती है. लेकिन फ्लाइट के साथ ऐसा मामला बेहद कम मिलता है. कोई भी फ्लाइट बिना किसी बड़ी वजह के उड़ान भरने में मिनट भर की भी देरी करे ऐसा बेहद कम होता है. लेकिन सोशल मीडिया पर एक ऐसी घटना वायरल हो रही है जहां फ्लाइट डिले होने के पीछे जो वजह निकलकर आई, उसने हर किसी को हैरान कर दिया. एक डॉगी के चक्कर में फ्लाइट डिले हो गई. लेकिन किसी को इस बात का कोई अफसोस नहीं हुआ.

**डॉगी की ब्यूटी ने डिले करा दी फ्लाइट**

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक शख्स अपने डॉगी के साथ फ्लाइट के अंदर जैसे ही घुसता है डॉगी की खूबसूरती क्रू मेंबर से लेकर पायलट तक को बेहद इम्प्रेस कर देती है. फिर क्या था उड़ान के लिए तैयार बैठी फ्लाइट की चिंता छोड़ पूरा स्टाफ डॉगी के साथ सेल्फी लेने में बिज़ी हो गया. कोई उसकी फोटो खींचने लगा तो कोई उसके साथ सेल्फी अपने कैमरे में कैद करने में मशगूल हो गया. कोई उस पर प्यार जताने लगा तो कोई उसको सहलाकर शौक पूरे करने लगा. धीरे धीरे डॉगी के साथ लोगों की मस्ती का वक्त इतना आगे निकला की पता ही नहीं चला की फ्लाइट की उड़ान का धन निर्धारित वक्त पीछे छूट गया. और जब होश आया तो फ्लाइट लेट हो चुकी थी. अब जब पायलट ही हाथ में कैमरा लेकर सेल्फी में बिज़ी था तो भला उड़ान कौन भरता.

# 'हुक्का चोरी' के आरोप में मकानमालिक का बेटा पहुंचा जेल



**खुद शान से घर में रह रही है किरायेदार!**

दुनिया में कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसके बारे में सुनकर हम दंग रह जाते हैं. ये घटनाएं हमें सोचने को मजबूर कर देती हैं. एक ऐसी ही घटना अमेरिका में हुई, जिसमें एक शख्स को पुलिस ने अपने ही घर में कमरे का ताला तोड़ने के लिए गिरफ्तार कर लिया. आप भी सोच रहे होंगे कि आखिर कोई अपने ही घर में चोरी क्यों करेगा? चलिए आपको इस पूरी घटना के बारे में बताते हैं. ये घटना अमेरिका के फ्लोरिडा की है. जहां 19 साल के एक शख्स ने अपने ही घर के एक कमरे का ताला तोड़ कर कुछ लेने की कोशिश की. उसकी रूममेट को जैसे ही इस बारे में पता चला, उसने पुलिस से उसकी शिकायत कर दी. जिसने पुलिस से चोरी की शिकायत की है, वो इस लड़के घर में ही बतौर रूममेट शिफ्ट हुई थी और वो सामान काफी छोटा है, जिसके पीछे इतना बड़ा कांड हुआ है.

**हुक्का चोरी के लिए तोड़ा था ताला**

जिस लड़के के साथ ये घटना हुई है, उसका नाम टायलर वेस्ले है. 19 साल का ये लड़का फॉर्ट मार्टस शहर में अपने माता-पिता के साथ अपने घर में रहता है, जबकि उनकी पहचान की एक लड़की मोनिका उनके घर में बतौर रूममेट रहती है. उसने पुलिस को फोन करके वेस्ले की शिकायत करते हुए कहा कि उसने हुक्का चोरी करने के लिए उसके कमरे का ताला तोड़ा है. पुलिस को वेस्ले सीसीटीवी कैमरे पर कपड़ा डालते हुए भी दिखाई दिया, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हो गई.

**फिर आया कहानी में ट्विस्ट ...**

कहानी में ट्विस्ट तब आया जब घर की मालकिन एमी ने बताया कि उनके घर में बतौर किरायेदार रह रही मोनिका ने महीनों से उनका किराया नहीं चुकाया है और वेस्ले को पकड़वाकर वो उन्हें ब्लैकमेल करना चाहती है. उन्होंने बताया कि मोनिका के पास कोई हुक्का नहीं था, जिसके चोरी होने का उसने आरोप लगाया है. यहां तक कि उन्होंने मोनिका पर उनका बड़ा स्पीकर चुराने का आरोप लगाया है. हालांकि इन आरोपों के बाद भी शिकायत करने वाली लड़की घर में है और मकानमालिक का बेटा जेल में है.

# मुंह में तलवार दबाकर लड़ाई करने लगा कुत्ता, योद्धा की तरह उछल-उछलकर लड़ी जंग!



इंसान और कुत्तों की दोस्ती बड़ी ही खास होती है. जब कोई व्यक्ति कुत्ता पालता है तो असल में उसे सिर्फ एक पालतू जानवर नहीं एक दोस्त भी मिल जाता है. कुत्ते इंसानों की बातों को काफी हद तक समझ लेते हैं और उनके प्रति हमेशा वफादार रहते हैं. लोग अक्सर कुत्तों के साथ मस्ती करने का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहते हैं. हाल ही में एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दो लोग एक कुत्ते के साथ तलवारबाजी करते नजर आ रहे हैं.

ट्विटर अकाउंट 'लाफ्स फॉर ऑल' पर अक्सर हैरान करने वाले वीडियोज पोस्ट किए जाते हैं. हाल ही में इस अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें दो लोग तलवारबाजी कर रहे हैं, मगर मजेदार बात ये है कि वो उनके साथ उनका कुत्ता भी मुंह से तलवार पकड़कर लड़ाई कर रहा है. आपने कुत्तों को मुंह से गेंद या हड्डी दबाए तो देखा होगा मगर मुंह से तलवार दबाने का दृश्य बेहद फनी और चौंकाने वाला है.

**तलवारबाजी करता दिखा कुत्ता**

वायरल वीडियो में युवक-युवती और एक कुत्ता तलवार लिए खड़े हैं. जहां दोनों लोगों ने हाथ से तलवार पकड़ी है वहीं कुत्ते ने मुंह से तलवार को दबाया हुआ है. जैसे ही दोनों लोग तलवार चलाना शुरू करते हैं, कुत्ता ज्यादा ही उत्साहित हो जाता है और जोर-जोर से तलवार घुमाकर चलाने लगता है. कुत्ता अपने पूरे शरीर को इतनी जोर से हिला रहा है कि उसे देखकर ऐसा लग रहा है जैसे वो वाकई तलवारबाजी जानता है. इस फनी वीडियो को 3 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. कई लोगों ने कुत्ते की तुलना कार्टून वाले योद्धा कुत्तों से की जो तलवार लेकर लड़ाई करते हैं।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

बुधवार, 7 सितंबर, 2022 

सु वि चा र

सच्चा मनुष्य वही है जो अपनी गलती को मान ले और फिर उसे त्याग कर अपने आपको सुधार ले।

## अन्नाराम, मेडिगड्डा से जल्द शुरू होगी पानी की पम्पिंग : हरीश राव



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अगले चार वर्षों तक कालेश्वरम परियोजना से पानी की आपूर्ति नहीं करने पर विपक्षी दलों की आशंकाओं को दूर करते हुए, वित्त मंत्री टी. हरीश राव ने कहा कि अन्नाराम और मेदिगड्डा पंप हाउसों से इस महीने के तीसरे सप्ताह और पिछले सप्ताह अक्टूबर में पंपिंग फिर से शुरू हो जाएगी। मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार हाल ही में गोदावरी नदी में बाढ़ के दौरान डूबे पंप हाउसों की मरम्मत और अन्य लागतों पर एक रुपया भी खर्च नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि दोष देयता अवधि मानदंडों के अनुसार पूरी लागत एजेंसी द्वारा वहन की जाएगी। वित्त मंत्री ने मंगलवार को यहां विधान परिषद में सदस्यों को विस्तृत स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि यासंगी सीजन के दौरान पहले की तरह किसान समुदाय को पर्याप्त पानी की आपूर्ति की जाएगी।

हरीश राव ने कहा कि केंद्र सरकार को राज्य से धान की खरीद के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि यासंगी सीजन में भी बंपर उत्पादन होगा। हाल ही में गोदावरी नदी में आई बाढ़ के प्रभाव पर चर्चा के दौरान, वित्त मंत्री ने राज्य और केंद्र दोनों के भाजपा नेताओं पर बाढ़ के दौरान कीचड़ उछालने की राजनीति करने के लिए आड़े हाथ लिया। उन्होंने भाजपा नेताओं की इस टिप्पणी का उपहास उड़ाया कि बाढ़ के दौरान हुए नुकसान के कारण अगले चार वर्षों तक कालेश्वरम परियोजना से पानी की आपूर्ति नहीं की जा सकती है। कलेश्वरम परियोजना के 21 पंप हाउसों में से केवल मेदिगड्डा और अन्नाराम पंप हाउस अचानक बाढ़ के कारण जलमग्न हो गए। उन्हें कुछ हफ्तों में चालू कर दिया जाएगा। बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण पंप हाउस के अंदर की मोटरें पानी को पंप नहीं कर सकीं, जिससे पंप हाउस जलमग्न हो गए। यह मुख्य रूप से प्राकृतिक आपदा के कारण है और कोई मानवीय त्रुटि नहीं है।

हालांकि, विपक्षी दलों की सभी उम्मीदें, जिन्होंने पंप हाउसों के जलमग्न होने के कारण शैतानी खुशी प्राप्त की, धराशायी हो जाएगी क्योंकि राज्य सरकार इस महीने के अंत से अन्नाराम और पिछले सप्ताह अक्टूबर से मेदिगड्डा में पानी की पंपिंग फिर से शुरू करेगी।

इससे पहले चर्चा के दौरान, पार्टी लाइनों को काटते हुए, सदस्य चाहते थे कि परिषद में एक प्रस्ताव पारित किया जाए जिसमें केंद्र सरकार से तेलंगाना में भद्राचलम के पास के पांच गांवों को वापस विलय करने का अनुरोध किया जाए क्योंकि वे राज्य के विभाजन के दौरान आंध्र प्रदेश में विलय हो गए है। एमएलसी चाहते है कि राज्य सरकार पोलावरम परियोजना के बैकवाटर के कारण भद्राचलम पर जलमग्न प्रभाव के पुनर्मूल्यांकन के लिए केंद्र सरकार से मांग करे। उन्होंने इस साल जुलाई में गोदावरी नदी में भारी बाढ़ के कारण हुए नुकसान के लिए केंद्र से तेलंगाना को तत्काल वित्तीय सहायता देने की मांग करते हुए परिषद में एक प्रस्ताव पारित करने पर भी जोर दिया।

## स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों के निर्माण के लिए सरकार ने 203 करोड़ रुपये की मंजूरी



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायतीराज मंत्री येर्राबेली दयाकर राव ने बताया कि सरकार ने राज्य में 485 नए उप केंद्रों, 43 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 206 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नवीनीकरण के लिए भवनों के निर्माण के लिए 203 करोड़ रुपये जारी किए हैं। मंत्री येराबेली ने मंगलवार को शहर में अपने आवास से संबंधित अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और उन्हें इन कार्यों की समय सीमा के रूप में दिसंबर, 2022 का महीना निर्धारित करते हुए 9 सितंबर तक निविदा प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव के निर्देशों के बाद पंचायत राज विभाग की देखरेख में प्रस्तावित कार्यों को पूरा किया जाएगा और सरकार ने इन कार्यों को पूरा करने के लिए दिसंबर महीने की समय सीमा निर्धारित की है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रत्येक इकाई पर रु. 1.5 करोड़, जबकि एक उप केंद्र का निर्माण 20 लाख रुपये की लागत से किया गया है। अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यों के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत बचे हुए धन का उपयोग करने के लिए भी कहा गया है। इसमें स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के सचिव रिजवी, परिवार कल्याण आयुक्त श्वेता महंती, पंचायत राज आयुक्त हनुमंत राव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बंड़ी ने परिवार योजना सर्जरी के मामले में मंत्री हरीश राव को निलंबित करने की मांग की

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय कुमार ने आज मांग की कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने अपने स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव को अपने मंत्रिमंडल से निष्कासित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इब्राहिमपट्टनम सरकारी अस्पताल में हाल ही में हुई परिवार नियोजन सर्जरी के दौरान चार महिलाओं की मौत की जिम्मेदार स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव है। उन्होंने यह भी मांग की कि सीएम इस मुद्दे पर सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डॉ श्रीनिवास को निलंबित करें। नामपल्ली में राज्य भाजपा पार्टी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, बंडी ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग भ्रष्ट हो गया है और अनियमितताएं कर रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जो भ्रष्टाचार का सहारा ले रहे हैं। इसलिए सीएम को स्वास्थ्य मंत्री और जन स्वास्थ्य विभाग के निदेशक को बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चार महिलाओं की मौत ने राज्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की परिवार नियोजन सर्जरी हुई है, वे दिहाड़ी मजदूर हैं। बंडी संजय कुमार ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने चारों पीड़ितों के छोटे बच्चों को कोई मदद नहीं दी। घटना के जांच अधिकारी के रूप में लोक स्वास्थ्य निदेशक की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने हैरानी जताई कि चार महिलाओं की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारी को घटना का जांच अधिकारी कैसे बनाया गया। उन्होंने कहा कि लोक स्वास्थ्य निदेशक प्रतिनियुक्ति और पदोन्नति के मुद्दे पर आरोपों का सामना कर रहे थे। उन्होंने यह भी सोचा कि एक घंटे में 34 परिवार नियोजन सर्जरी कैसे की गई? भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि जब भी देश भर में शराब मामले में ईडी की छापेमारी हो रही है। सीएम के बेटे मंत्री के तारकरमा राव और बेटी कविता की भूमिका सामने आनी वाली है। उन्होंने दावा किया कि सीएम अपने बेटे और बेटी से लोगों का ध्यान हटाने के लिए स्वतंत्र सत्ता और राष्ट्रीय राजनीति की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे 11 सितंबर को मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने की योजना बना रहे है। संजय ने इस अवसर पर भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के नेताओं की गिरफ्तारी की भी निंदा की।

## केंद्र सरकार के खिलाफ सीएम केसीआर का झूठ बेहद भ्रामक और हास्यास्पद : तरुण चुघ

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और तेलंगाना राज्य प्रभारी तरुण चुघ ने निजामाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा फैलाए जाने वाले झूठे झूठ पर कड़ी आपत्ति जताई।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार के खिलाफ सीएम केसीआर का झूठ बेहद भ्रामक और हास्यास्पद है। यदि लोग अनुमति दें तो मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी किस्मत आजमाने का पूरा अधिकार है, लेकिन उन्हें देश के लोगों को गुमराह करने के लिए बेशर्म झूठ बोलने का सहारा नहीं लेना चाहिए। तेलंगाना डिस्कॉम को गहरे कर्ज में डूबाने के बाद, अगर वह राष्ट्रीय स्तर पर भी यही काम करना चाहते हैं, तो भी वह ऐसा कर सकते हैं।

चुघ ने कहा कि कोई भी फार्म पंपों में मोटर लगाने की बात नहीं कर रहा है, लेकिन केसीआर हर बैठक में इसके बारे में बात करते हैं। वह सोचता है कि अगर एक झूठ को दोहराया गया तो लोग उस पर विश्वास कर लेंगे। लेकिन लोग इतने समझदार होते हैं कि झूठ और सच के बीच अंतर कर लेते हैं, लेकिन केसीआर की लोगों की बुद्धि को कम आंकने की सामान्य आदत है। उन्होंने कहा कि लगता है केसीआर को संवैधानिक तंत्र पर कोई भरोसा नहीं है। अपराधियों को पकड़ने के लिए सीबीआई और ईडी संवैधानिक रूप से आवश्यक हैं। सीबीआई और ईडी को बार-बार मैदान में घसीटकर, वह उन्हें यह महसूस किए बिना डराना चाहते हैं कि वे भयभीत नहीं हैं और तथ्यों से आगे बढ़ेंगे।

## एक शाम बाबा रामदेवजी के नाम जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अलवाल स्थित मच्छाबोलारम बाबा रामदेवजी महाराज के मंदिर प्रांगण मे भादव मास की पावन दशमी के अवसर पर श्री बाबा रामदेव नवयुवक मित्र मंडल अलवाल वेकन्टापुरम भक्तों के सान्निध्य में भव्य जागरण आयोजित किया गया। नवयुवक मंडल के महेन्द्रसिंह पितावत ने बताया कि मंदिर में बाबा रामदेवजी महाराज का विशेष श्रृंगारकर सोमवार 5 सितम्बर पूजा-अर्चना, ज्योत प्रज्वलितकर व आरती के पश्चात् पधारे भक्तों एवं समाज बन्धुओं के लिए सायं 7 बजे से भोजन प्रसादी, रात्रि 8.15 बजे से जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे सतीश मालिया व अमित नागोरी ने भजनों के पुष्प अर्पित किये गये। भजन गायकार ने बाबा रामदेवजी के प्रसिद्ध भजन पर समाज बन्धुओं व महिलाओं ने बाबा रामदेवजी के नारे लगाकर नाचते-गाते हुए मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। जागरण के मध्य कार्यक्रम में पधारे रावत राजपूत समाज अध्यक्ष टीलसिंह रावत, कॉरपोरेटर शांति, गज्जु भाई कोलरिया, मदनलाल रावल, पत्रकार परबत सोलंकी व पधारे सम्मानित अतिथियों का राजस्थानी परम्परा से पुष्प-माल, राजस्थानी शॉल व साफे से सम्मान किया। कार्यक्रम में नवयुवक मंडल के महेन्द्रसिंह पितावत, घनश्याम भाटी, पारसनाथ चौहान, नेमीचन्द गोयल, किशनलाल देवासी, जीतमल कच्छवाहा, सुखराम साँखला, सुनिल पंवार, रामसिंह भाटी, नेमाराम राठौड़, धर्माराम सैणचा, रतनलाल सोलंकी, मोतीलाल बर्फा, गणेश जान्दु, प्रभुराम भाटी, दिनेश मांगर, दिनेश कुमावत, अनिल रेडवाल, पुरणमल कच्छवाहा, बाबूलाल नायक, हनुमान दुबलदिया, कुपाराम चौधरी, शेषाराम मुलैवा, गोविन्दसिंह, मानकदास, मांगीलाल परिहार, रामकुमार कच्छवाहा, नवरतन कच्छवाहा, नथमल भाटी, बबलू प्रजापत, बुधाराम काग, चेनाराम कुमावत, श्रवणकुमार, गणपतकुमार, धन्नाराम गुर्जर पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहे। महाआरती के पश्चात् जागरण का समापन हुआ।

## शिक्षकों को सम्मानित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात : अमित झिंगरन

### भारतीय स्टेट बैंक, हैदराबाद सर्कल ने मनाया शिक्षक दिवस



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय स्टेट बैंक, हैदराबाद सर्कल ने पूरे तेलंगाना राज्य में शिक्षक दिवस मनाया। एसबीआई की सभी शाखाएं और कार्यालय अपने-अपने इलाके के शिक्षकों के पास पहुंचे और उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय, कोटी में अमित झिंगरन सीजीएम, श्रीमती मंजू शर्मा जीएम एनडब्ल्यू-1, देबाशीष मित्रा जीएम एनडब्ल्यू2 ने प्रमुख वैदिक विद्वान और कंप्यूटर विज्ञान पेशेवर डॉ. आरवीएसएस अवधनुलु और कलारत्न डॉ. वनजा उदय (सहायक प्रोफेसर, विज्ञान विभाग, पोट्टी श्रीरामुलु तेलुगु विश्वविद्यालय) को सम्मानित किया। डॉ. वनजा उदय को राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

श्री झिंगरन ने कहा कि जिन शिक्षकों की वजह से हम आज यहां हैं, उन्हें सम्मानित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए उन्होंने संत कबीर दास के एक दोहे "गुरु गोविंद दो खड़े काके लगूं पाए, बलिहारी गुरु अपने जिन गोविंद दिए बताते हैं" का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि एक शिक्षक का सम्मान करना प्राथमिकता होगी, क्योंकि ईश्वर से शिक्षक प्रधान हैं, जो शिष्य को ईश्वर के बारे में ज्ञान देता है। कार्यक्रम में बैंक के उप महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारी उपस्थित थे।

## कार की डिक्की में बच्चों को बैठना पड़ा महंगा, ट्रैफिक पुलिस ने किया चालान



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अभिभावकों के गैरजिम्मेदाराना व्यवहार से आहत एक ट्विटर यूजर ने कार की डिक्की में बच्चों के बैठने का वीडियो शेयर किया। साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन का ई-चालान जारी किया। एक ट्विटर यूजर ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें तीन बच्चे, एक लड़की और दो लड़के सड़क पर चल रही एक कार की डिक्की में बैठे दिखाई दे रहे है। बच्चों को एक खिलौने के साथ खेलते देखा गया जबकि वयस्क कार के अंदर बैठे थे।

## एनटीपीसी-एसआरएचक्यू ने शिक्षकों को सम्मानित किया



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शिक्षक दिवस के अवसर पर, एनटीपीसी-एसआरएचक्यू ने अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत दक्षिण दीपांजलि महिला समिति (डीडीएमएस) के सहयोग से गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल एंड कॉलेज, वेस्ट मारेडपल्ली, सिकंदराबाद के शिक्षकों के साथ-साथ चल रहे बालिका सशक्तिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका आनंद, अध्यक्ष, डीडीएमएस ने शिक्षकों को सम्मानित किया और हमारे जीवन में शिक्षकों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने आगे छात्रों के भविष्य और बड़े पैमाने पर समाज के विकास में शिक्षकों के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर डीडीएमएस और एनटीपीसी के पदाधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने जिला परिषद हाई स्कूल का औचक दौरा किया



कोत्तागुडेम, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोत्तागुडेम जिला कलेक्टर अनुदीप दुरीशेट्टी ने मंगलवार को जिले के पलोंचा मंडल के जगन्नाधापुरम स्थित जिला परिषद हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आसपास का निरीक्षण किया और छठी और दसवीं कक्षा के छात्रों के साथ उनकी शैक्षणिक क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए बातचीत की। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कलेक्टर ने उनकी अंग्रेजी की पकड़ की जांच की और उनके अंग्रेजी ज्ञान की सराहना की। उन्होंने छात्रों को अच्छी तरह से अध्ययन करने और परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने की सलाह दी। अनुदीप दुरीशेट्टी ने मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की भी समीक्षा की और जांच की कि भोजन मेनू के अनुसार परोसा जा रहा है या नहीं। मध्याह्न भोजन आयोजकों ने लंबित बिलों का मुद्दा उठाया और जवाब में डीईओ सोमशेखर शर्मा ने कहा कि 10 दिनों के भीतर सभी बिलों को मंजूरी दे दी जाएगी।

कर्मचारियों ने शिकायत की कि कुछ गुंडे छुट्टियों के दौरान स्कूल में प्रवेश कर रहे हैं और असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हैं और वे मामले को कई बार स्थानीय पुलिस तक ले गए, लेकिन सब कुछ व्यर्थ रहा।

## भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के सदस्यों की गिरफ्तारी निंदनीय : गज्जला



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शेरीलिंगमपल्ली निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रभारी गज्जला योगानंद ने मंगलवार को भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के सदस्यों की अवैध गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गणेश विसर्जन की व्यवस्था नहीं कर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है। उन्होंने आलोचना की कि हर बार जब गणेश उत्सव आता है, तो इसी तरह के दमन, गिरफ्तारी और झगड़े होते हैं। उन्होंने मांग की कि हुसैन सागर में गणेश विसर्जन की पूरी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि विरोध रैली को रोकना अपमानजनक है। उन्होंने आलोचना की कि सरकार के दिन खत्म हो गए हैं।





भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ.भगवंत राव, विहिप नेता रामाराजू, मुरारी द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को समर्थन देने पहुंचे समाजसेवी गेविंद राठी, वैकुंठम, मनोज जायसवाल, महेंदर व्यास व बाबू गुरु।

## नालों के जल निकासी का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए : महापौर



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर महापौर गडवाल विजयलक्ष्मी ने अधिकारियों को शहर में बाढ़ की रोकथाम के उपायों के तहत किए जा रहे जल निकासी कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को महापौर ने चिंतल बस्ती प्रेमा नगर कॉलोनी में 56 करोड़ रुपए की लागत से बाल्कमपुरा नाले के कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि शहर के निचले इलाकों में लोगों को बाढ़ की समस्या न हो इसके लिए 958 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 37 कार्य किए जा चुके हैं और अधिकारियों को ऐसे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। इस दौरान महापौर के साथ जोनल कमिश्नर रविकिरण, सीई किशन और अन्य ने भाग लिया।



प्रातः स्मरणीय

**श्री बाबूलालजी अग्रवाल**

हिन्दी पढ़ें, हिन्दी लिखें,
अपना काम-काज
राष्ट्रभाषा हिन्दी में भी करें
– बाबूलाल अग्रवाल

हम जिनके आदर्शपूर्ण पुरुषार्थ से अपनी पहचान बना सके हैं, उनके बताये रास्ते पर हम चल सकें, प्रभु ऐसी शक्ति प्रदान करें ।

३७वीं पुण्यतिथि पर आपके अपने

**महेन्द्रकुमार अग्रवाल**

अंजनीकुमार, कृष्णकुमार अग्रवाल,
वेणुगोपाल, वासुदेव, क्रिशिव एवं कविश अग्रवाल
राजकमल सिल्क एण्ड साड़ीस, तिलक रोड, आबिड्स

## बर्तन चुराने पर दी खौफनाक मौत दंपती गिरफ्तार

कानपुर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। कानपुर के नजीराबाद क्षेत्र में बर्तन चुराने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद एक दोस्त ने दोस्त को सरेआम पीट-पीट कर खौफनाक मौत दे दी। हत्या का ये खौफनाक वीडियो मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने पांच घंटे में मामले का खुलासा करते हुए आरोपित दंपती को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार की देर रात रेलवे लाइन रामबाग निवासी बलबीर की डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें एक गाड़ी के पास महिला खड़ी है। बलबीर के आने पर महिला ने इशारा किया तब गली से उसका पति निकला और डंडे से बलबीर पर हमला कर दिया। उसने एक के बाद एक कई वार करके बलबीर को मौत के घाट उतार दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान अंकुर और उसकी पत्नी शालू के तौर पर हुई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

## टूटेगी शराब की बोतल तो खनकेगी चूड़ियां, नीतीश सरकार देगी जीविका में रोजगार

पटना, 6 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। पुलिस की छापेमारी में मिलने वाली अवैध शराब को जब्त करके नष्ट कर दिया जाता है। मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग ने सकारात्मक कदम उठाते हुए शराब की बोतलों से चूड़ी बनाने का की जिम्मेदाई जीविका को सौंपी है। उत्पाद आयुक्त बी कार्तिकेय धनजी ने सोमवार को बताया कि शराबबंदी लागू होने के बाद से बड़ी मात्रा में देसी-विदेशी शराब की खेप पकड़ी जा रही है। शराब को नष्ट किए जाने के दौरान बोतलों को भी नष्ट कर दिया जाता है। नष्ट करने के बाद भी शीशे की बोतलों का चूर्ण बच जाता है।

## कभी नक्सल प्रभावित रहा इलाका आज पर्यटकों से गुलजार



कैमूर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। 90 के दशक कैमूर जिले के अधौरा प्रखंड की पहचान नक्सल प्रभावित के रूप में था। लोग इसे लाल गलियारा कहा करते थे। उस दौर में सरकारी कर्मचारी नियमित उस इलाके में अपनी ड्यूटी नहीं करते थे। वह इसलिए कि एक तरफ से नक्सलियों का कब्जा था। लेवी की चर्चाएं अक्सर सामने आती थी। कैमूर की पहाड़ियां एक तरफ उत्तर प्रदेश के सोनभद्र और नजदीक के मध्य प्रदेश तो दूसरी तरफ झारखंड से जुड़ी है।

यह भी बात सही है कि उन दिनों अधौरा नक्सलियों का हब था। लेकिन आज की तारीख में अपनी प्राकृतिक खूबसूरती की वजह से पर्यटकों के लिए लोकप्रिय है। भभुआ अधौरा मार्ग पर स्थित तेलहर कुंड जो दुर्गम पहाड़ियों से घिरा हुआ है उसे नजदीक से निहारने के लिए काफी संख्या में पर्यटक बरसात के मौसम में पहुंच रहे हैं। इस जलप्रपात की खासियत यह है कि 80 मीटर ऊंचाई से इसका पानी नीचे गिरता है। इस जलप्रपात का पानी बारहमासी शीतल रहता है। दुर्गम पहाड़ियां बरसात के दिनों में अपनी हरियाली की वजह से बेहद खूबसूरत लगती हैं। गौरतलब है कि कैमूर हिल्स करीब पांच सौ किलोमीटर लंबी विंध्य पहाड़ियों का एक हिस्सा है। बिहार के रोहतास और कैमूर जिले के आसपास फैले इस कैमूर हिल्स में बहने वाली नदियां यहां की पहाड़ियों से बेहद खूबसूरत दिखाई देती हैं। अनोखे जलप्रपातों की अलौकिक खूबसूरती और दुर्गम घाटियों के विहंगम दृश्य आपको सुकून के साथ रोमांच से भर देते हैं। बाहर से आने वाले कई पर्यटक कैमूर हिल्स को सिर्फ कैमूर जिले से जोड़ कर देखते हैं लेकिन यह खूबसूरत हिल्स कैमूर के साथ जिले में भी पड़ता है।

# सरकार से बाहर होने के बाद कार्तिकेय सिंह हुए अंडरग्राउंड

## पटना पुलिस कर रही गैर जमानती वारंट की तैयारी

पटना, 6 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह अंडरग्राउंड हो गए हैं। अपहरण के एक मामले में उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी है। पुलिस पटना स्थित उनके सरकारी आवास और उनके पैतृक आवास में उनको तलाश करने के लिए पहुंची तो वे नहीं मिले। अब पुलिस उनके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी करने की तैयारी कर रही है। दानापुर कोर्ट से कार्तिकेय सिंह की अग्रिम जमानत याचिका से पहले ही खारिज हो चुकी है।

पटना के एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लों ने मीडिया को बताया कि पुलिस टीम मोकामा स्थित उनके पैतृक गांव गई तो वे वहां नहीं मिले। इसके बाद चार सितंबर को पटना के कंकड़बाग स्थित उनके सरकारी आवास पर टीम गई तो वे वहां भी नहीं मिले। इसकी जानकारी कोर्ट को दे दी गई है। अब अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी।

**जिस दिन सरेंडर करना था, उसी दिन मंत्री बन गए**

कार्तिकेय सिंह को पिछले महीने 16 तारीख को कोर्ट ने सरेंडर करने के लिए निर्देश दिया था, लेकिन सीएम नीतीश कुमार ने उसी दिन उनको कानून मंत्री की शपथ दिला दी। इस पर विवाद शुरू हो गया। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर शोर मचाया तो 30 अगस्त को मुख्यमंत्री ने उनसे कानून मंत्री की जिम्मेदारी वापस लेकर उन्हें गन्ना उद्योग मंत्री का प्रभार सौंप दिया। इसके बाद शाम को वे अपना इस्तीफा सौंप दिए।

साल 2014 में एक व्यक्ति का अपहरण हुआ था। इस मामले में कार्तिकेय सिंह भी आरोपी हैं। उनके खिलाफ अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है और उनको 16 अगस्त को कोर्ट में पेश होना था। जिस वक्त उन्हें



कार्तिकेय सिंह

सरेंडर होना था, उस वक्त वे मंत्री पद की शपथ ले रहे थे। कार्तिकेय सिंह ने अभी तक ना तो कोर्ट के सामने सरेंडर किया है ना ही जमानत के लिए अर्जी दी है।

**चुनावी हलफनामे में खुद पर चार केस दर्ज होने की बात बताई है**

कार्तिकेय सिंह ने चुनावी हलफनामे में कार्तिकेय ने अपने ऊपर चार मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। इन मामलों में उनके ऊपर चोरी, अपहरण, दंगा करने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, आपराधिक साजिश रचने, जबरन वसूली, घातक हथियारों से लैस होकर दंगा करने से जुड़े आरोप हैं। इसके साथ ही सार्वजनिक सड़क, पुल, नदी या चैनल को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप उनके ऊपर है।

# भाजपा विधायक अरविंद गिरि का हार्ट अटैक से निधन



### सीएम योगी ने शोक व्यक्त किया

लखनऊ, 6 सितंबर (एजेंसियां)। मंगलवार की सुबह गोला विधायक अरविंद गिरि का हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया है। वह सुबह पांच बजे अपने निवास से लखनऊ में पार्टी की बैठक में शामिल होने जा रहे थे। पार्टी के कद्दावर नेता एवं विधायक अरविंद गिरी के निधन से पूरे जिले में शोक की लहर है। विधायक के मोहल्ला तीर्थ शिव मंदिर के निकट आवास और फार्म हाउस पर शुभचिंतकों का ताता लगा है। विधायक के परिजनों ने बताया कि विधायक अरविंद गिरी सुबह 5 बजे अपने निज निवास फार्म हाउस से लखनऊ में पार्टी बैठक में शामिल होने निकले थे। कार में उनके साथ ड्राइवर राकेश, गनर रंजीत और खानसामा थे। चालक राकेश कुमार ने फोन पर बताया कि रास्ते में सिधौली पहुंचे ही थे कि विधायक की तबीयत खराब हो गई और गाड़ी रोकने को कहा।

# आरसीपी सिंह का नाम सुनते ही भड़के नीतीश कुमार

## कहा- हमने जिसको बनाया वो ही अब बोल रहा है

पटना, 6 सितंबर (एजेंसियां)। सीएम नीतीश कुमार अपने पुराने साथी आरसीपी सिंह का नाम सुनते ही मंगलवार को भड़क गए। आरसीपी सिंह से जुड़े सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा कि हमने जिसको बनाया, वो हीअब बोलने लगा है। नीतीश कुमार ने कहा कि उसको (आरसीपी सिंह) राजनीति में कौन लाया था। आईएएस था। उसे अपना प्राइवेट सेक्रेट्री बनाया। पार्टी में उसे अपनी कुर्सी दे दिया। लेकिन वो बीजेपी के हाथ में चले गए।

नीतीश कुमार ने कहा कि कौन (आरसीपी सिंह) क्या बोलता है हमें इससे कोई मतलब नहीं है। आप लोगों को उस आदमी (आरसीपी सिंह) को लेकर हमसे सवाल भी नहीं करना चाहिए। नीतीश कुमार इससे पहले दिल्ली में वाम दल के नेताओं से मुलाकात किया। अपनी इस मुलाकात पर उन्होंने कहा कि सीपीआई से हमारा पुराना संबंध है। हम लोग तो पहले एक साथ थे फिर बीच में अलग हो गए थे। अब हमलोग एक बार फिर एक साथ हो गए



सीपीआई के नेताओं से बात करते सीएम नीतीश कुमार

हैं। सब लोग मिलकर इस देश को आगे बढ़ाएंगे।

बताते चलें इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमला बोला था। सीएम नीतीश कुमार की ओर से देशभर की विपक्षी पार्टियों की एकजुट करने पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में बाढ़ और सुखाड़ है। इससे किसान पस्त हैं। बिहार के सीएम नीतीश कुमार इससे इतर दिल्ली में मस्त हैं। विपक्षी एकता के सवाल पर कहा कि विपक्षी एकता नहीं, पक्षी एकता है। पटना में केसीआर आए और सिर्फ उठ-बैठ होते रहा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार पर विश्वास किया था और उन्होंने जनता को धोखा दिया है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में नीतीश कुमार की राहुल गांधी से मुलाकात पर कहा कि वो रात में किसकी पैरवी से मिले यह सब कोई जानता है। दोनों की मुलाकात पर उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार जेपी आंदोलन से निकले हैं और किनसे जाकर मिल रहे हैं?

## बाबरी विध्वंस केस में कोर्ट से आडवाणी, जोशी, उमा की रिहाई के खिलाफ अपील पर सीबीआई को है आपत्ति

लखनऊ, 6 सितंबर (एजेंसियां)। अयोध्या के विवादित ढांचा विध्वंस मामले में सत्र न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में दाखिल अपील के विरुद्ध सोमवार को सीबीआई की ओर से आपत्ति दाखिल की गई। न्यायालय ने अपीलार्थियों को दो सप्ताह का समय देते हुए, मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 सितंबर की तिथि तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की खंडपीठ ने अयोध्या निवासी हाजी महबूब अहमद और सैयद अखलाख अहमद की ओर से दाखिल अपील पर दिया है। मामले में शुरुआत में पुनरीक्षण याचिका दाखिल की गई थी, जिसे न्यायालय ने आपराथिक अपील में परिवर्तित करने का आदेश दिया था। सोमवार को इसी अपील पर सुनवाई हुई। सीबीआई का कहना है कि अपीलार्थी विवादित ढांचा गिराए जाने के इस मामले के पीड़ित नहीं है।

लिहाजा सीआरपीसी की धारा 372 के परंतुक के तहत वर्तमान अपील दाखिल नहीं कर सकते।

# कौन चंदन और कौन भुजंग

## संजय जायसवाल ने नीतीश से पूछा



पटना, 6 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में चल रही राजनीतिक सरगर्मियों के बीच अब 'चंदन कुमार' और 'भुजंग प्रसाद' की इंट्री हो चुकी है। नीतीश कुमार के एक पुराने ट्वीट का स्क्रीनशॉट लगाते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने उन पर जम कर चुटकी ली है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि नीतीश जी सजायाफ्ता लालू जी और बेल पर बाहर तेजस्वी जी के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई कैसे लड़ेंगे? उन्होंने ही कभी कहा था कि चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटत रहत भुजंगॅ

संजय जायसवाल ने आगे लिखा कि नीतीश जी तब तो आपने नहीं बताया था, अब तो बता दीजिए। इस 'ठगबंधन' में 'चंदन' कौन है और 'भुजंग' कौन? एक अन्य ट्वीट में उन्होंने नीतीश कुमार से पूछा कि स्वघोषित भावी पीएम उम्मीदवार साहब यह भी बताएं कि ठगबंधन पार्ट-1 में विष किसने फैलाया था? आपने या तब आपको 'जहर का घूंट' कहने वालों ने? ठगबंधन पार्ट-2 में भी कोई 'भुजंग' है क्या? या आपने अपनी 'कला' से 'विषदंत' तोड़ दिए हैं? गौरतलब हो कि 2015 के विधानसभा चुनाव में जदयू द्वारा सोशल मीडिया पर आयोजित एक कार्यक्रम में नीतीश कुमार जनता से लाइव मुखातिब हुए थे।

इसी कार्यक्रम में एक ट्विटर यूजर ने लालू पर शंका जाहिर करते हुए नीतीश से सवाल पूछा था कि यदि इस चुनाव में आप लालू जी के साथ जीतते हैं और अगर उनकी सीटों की संख्या ज्यादा होती है तो आप लालू के साथ बिहार का विकास कैसे करेंगे? इसका जवाब देते हुए नीतीश कुमार ने रहीम के प्रसिद्ध दोहे "जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग। चंदन विष व्यापत नहीं, लपटे रहत भुजंग॥" को कोट करते हुए दिया था। उन्होंने माना था कि जैसे चंदन पर सांप लिपटे होने के बावजूद जहर का असर नहीं होता है, वैसे ही उन पर गलत संगत का असर नहीं पड़ेगा।

नीतीश के इस जवाब ने तब काफी सुर्खियां बटोरी थीं। यहां तक कि इन्हीं चुनावों के दरम्यान गांधी मैदान में परिवर्तन रैली को संबोधित हुए प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने भी नीतीश के इस ट्वीट के जरिए नीतीश-लालू दोनों पर निशाना साधा था. उन्होंने कहा था कि "निजी सियासी लाभ के लिए गठबंधन (राजद-जदयू) तो कर लिया। लेकिन चुनाव के बाद उनका जहर उगलना तय है।

# 'बाढ़ में डूब रहा बिहार और मुख्यमंत्री दिल्ली में सियासी टूर कर रहे'

## सुशील मोदी का नीतीश पर बड़ा हमला

पटना, 6 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार बाढ़ में डूब रहा है और नीतीश कुमार सियासी टूर पर घूम रहे हैं। गंगा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप भागलपुर शहर में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई और यह विश्वविद्यालय और कॉलेजों में भी प्रवेश कर गया। नीतीश कुमार को बिहार की जनता की कोई परवाह नहीं है। सुशील मोदी ने आगे कहा कि इससे पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने भी छह राज्यों की यात्रा की थी और ममता बनर्जी ने भी कई बार दिल्ली में डेरा डाला लेकिन परिणाम आपलोगों के सामने है। अब नीतीश कुमार वही काम कर रहे हैं क्योंकि लोकसभा चुनाव नजदीक है। इसका कोई परिणाम नहीं निकलने वाला है और इन लोगों की 90 के दशक की मानसिकता है, वे बार-बार संयुक्त मोर्चा, राष्ट्रीय मोर्चा,



देवेगौड़ा, इंदर कुमार गुजराल की सरकार को याद करते हैं। भारत उस युग से बहुत आगे निकल गया है लेकिन वे हैं अभी भी 90 के दशक की मानसिकता में जी रहे हैं। केरल को छोड़कर पूरे देश में वाम दलों का अस्तित्व खत्म हो गया है।

जब पत्रकार ने सुशील मोदी से पूछा कि सीएम नीतीश पीएम के उम्मीदवारी से इंकार कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि ऐसी बात नहीं है। नीतीश कुमार के मन में तो प्रधानमंत्री बनने के लिए लड्डू फूट रहा है लेकिन वे खुलकर बोल नहीं पा रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि कोई उन्हें स्वीकार नहीं करेगा। आपको लगता है कि राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल या ममता बनर्जी उन्हें पीएम बनने देंगे।

## बारिश के दौरान जर्जर मकान का छज्जा गिरा

### मलबे में दबकर चार लोगों की मौत, कई की हालत नाजुक

प्रयागराज, 6 सितंबर (एजेंसियां)। प्रयागराज में हटिया पुलिस चौकी के पास जर्जर मकान का बारजा (छज्जा) तेज बारिश के दौरान गिर जाने के कारण बारजे के नीचे खड़े दर्जन भर से अधिक लोग मलबे में दब गए। घायलों को आनन-फानन एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। साथ ही हादसे में मारे गए लोगों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा प्रदान करने का भी निर्देश अधिकारियों को दिया है।

बताया जा रहा है कि मकान काफी पुराना था। तेज बारिश से बचने के लिए लोग उसके नीचे खड़े हो गए थे। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

# 'शिकारी' मगरमच्छ रात के अंधेरे में मवेशियों को बना रहा निवाला

मुंगेर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार के कई जिलों में मगरमच्छ का खौफ देखा जा रहा है। पिछले दिनों ही रोहतास में वन विभाग ने करीब डेढ सौ किलो के मगरमच्छ को पकड़ा था। सुल्तानगंज से लेकर सारण तक के लोग मगरमच्छ के शिकार हुए हैं, लेकिन मुंगेर का शिकारी मगरमच्छ रात के अंधेरे में पानी से बाहर आता है और मवेशियों का शिकार कर सुबह से पहले पानी में लौट जाता है। इस शिकारी मगरमच्छ से पूरे इलाके के लोग दहशत में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह मगरमच्छ अभी छोटे-छोटे मवेशियों को अपना निवाला बना रहा है, लेकिन अगर इसे पकड़ा नहीं गया तो मगरमच्छ कहीं इंसानों पर भी न हमला कर दे।



**गंगा में पानी कम होने के साथ आते हैं मगरमच्छ**

पिछले कुछ दिनों से मुंगेर में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। हालांकि, अब गांगा नदी का जलस्तर कम होने से बाढ़ का पानी उतरने लगा है। इसके बावजूद बरियारपुर प्रखंड के बाद पीड़ित गांव के लोग भयभीत हैं। दरअसल, बाढ़ में बहकर एक मगरमच्छ ग्रामीण इलाकों में आ गया है। बरियारपुर प्रखंड के बंगाली टोला, रघुनाथपुर, कल्याणपुर और घोरघट इलाके में बाढ़ का पानी गांवों में घुस गया, ऐसे में बाढ़ में बहकर आया मगरमच्छ गांव में आ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मगरमच्छ मौका पाकर रात में छोटे मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है। मगरमच्छ कभी आम के बगीचा में तो कभी बाढ़ के पानी में खुलेआम ग्रामीणों को दिख रहा है, जिसका ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाया है।

**रेलवे पटरी तक पहुंचा मगरमच्छ**

मुंगेर में पहली बार मगरमच्छ दिखा है, ऐसी बात नहीं है। इससे पहले भी मुंगेर से लगते गंगा के तटीय इलाकों में मगरमच्छ दिख चुका है। बाढ़ का पानी कम होने के बाद अब मगरमच्छ गांवों तक आ गाय है और ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बंगाली टोला निवासी भादो मंडल ने बताया की बाढ़ के पानी से बचने के लिए ग्रामीण रेलवे ट्रैक पर आ गये हैं। उन्होंने बताया कि मवेशियों को वहीं पर बांधा जाता है। मगरमच्छ रेलवे ट्रैक तक बाढ़ के पानी के साथ आ गया है। बहियार में मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है।

**डरे हुए हैं ग्रामीण**

ग्रामीण मगरमच्छ के गांवों में आने से काफी भयभीत हैं। जिला परिषद सदस्य दुर्गेश सिंह ने बताया कि बरियारपुर के ग्रामीण काफी भयभीत हैं की उनके इलाके में मगरमच्छ बाढ़ के पानी के साथ घुस गया है। इस बात की जानकारी उनके द्वारा अधिकारियों को दे दिया गया है, पर ग्रामीणों का डर अभी भी खत्म नहीं हो पा रहा है। मगरमच्छ ग्रामीणों के मवेशियों को निवाला बना रहे हैं।

## लखनऊ अग्निकांड: दोनों मालिक और मैनेजर गिफ्तार

### 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

लखनऊ, 6 सितंबर (एजेंसियां)। लखनऊ के लेवाना होटल में हुए अग्निकांड में मालिक राहुल अग्रवाल और रोहित अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। राहुल, रोहित और जनरल मैनेजर सागर श्रीवास्तव को पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

वहीं, हादसे के दूसरे दिन भारी संख्या में पुलिस बल यहां तैनात कर दिया गया है। वही, सीलिंग के निर्देश के बाद एलडीए की कार्यवाही देखने कमिश्नर और एलडीए अध्यक्ष डॉ. रोशन जैकब खुद मौके पर पहुंची और सभी विधिक कार्यवाही तेजी से करने के निर्देश दिए। होटल परिसर को पुलिस की मौजूदगी में एलडीए इंजीनियरों ने सील कर दिया है। एक दिन पहले आग लगने के बाद जो लोग अफरा तफरी में होटल छोड़ कर चले गए थे वह अपना सामान लेने मंगलवार को लेवाना पहुंचे। कल हुए हादसे का खौफ और बदहवासी उनके चेहरों पर साफ झलक रही थी।

# प्रमुख चौराहों पर चस्पा किए जाएंगे पूर्व मंत्री हाजी याकूब और बेटों के पोस्टर, गैंगस्टर की भी तैयारी

मेरठ, 6 सितंबर (एजेंसियां)। यूपी के पूर्व मंत्री और बसपा नेता हाजी याकूब कुरैशी पर शिकंजा और कसता जा रहा है। हाजी याकूब और बेटों को भगौड़ा घोषित करते हुए मेरठ में जगह-जगह उनके पोस्टर चस्पा करने की तैयारी पुलिस कर रही है। इसके साथ ही हाजी याकूब और उनके दोनों बेटों समेत सात लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की फाइल तैयार हो गई है। इस फाइल को एसएसपी के पास भेजा गया है। जल्द कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।

हाजी याकूब कुरैशी के बेटे इमरान की खरखौदा के अलीपुर में मीट फैक्ट्री है। मीट फैक्ट्री पर पुलिस टीम ने 31 मार्च की रात दबिश दी और यहां से अवैध मीट पैकिंग पकड़ी गई। मामले में हाजी याकूब



और दोनों बेटों, पत्नी समेत 17 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया। 10 लोगों की मौके पर गिरफ्तारी कर ली गई थी। हाजी याकूब और फिरोज, इमरान अभी तक फरार हैं।

पुलिस सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। हाजी याकूब, फिरोज, इमरान, मैनेजर मोहित त्यागी समेत 7 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की फाइल खरखौदा पुलिस तैयार कर एसएसपी को भेजी गई है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो फाइल डीएम कार्यालय भेज दी गई है। डीएम की अनुमति के बाद गैंगस्टर लग जाएगी।

हाजी याकूब और दोनों बेटे फरार

हाजी याकूब और उसके दोनों बेटे इमरान व फिरोज फरार हैं। इन पर 25-25 हजार का इनाम भी घोषित है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी है, लेकिन कोई हाथ नहीं आया। इसके बाद इनाम बढ़ाकर 50 हजार करने की कार्रवाई शुरू की गई है और आईजी मेरठ को एसएसपी की ओर से फाइल भेजी गई है।

हाजी याकूब, दोनों बेटों समेत 7 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू की गई थी। फाइल तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी है। आगे की कार्रवाई अधिकारियों के आदेश के बाद होगी।

# केंद्रीय मंत्री टेनी के खिलाफ अपील पर सुनवाई टली

लखनऊ, 6 सितंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के खिलाफ दाखिल राज्य सरकार की अपील पर मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। मंगलवार को जब मामला सुनवाई के लिए आया तो केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि स्थानांतरण प्रार्थना पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। अनुरोध किया गया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई के पश्चात ही वर्तमान अपील की सुनवाई की जाए। न्यायालय ने इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए, मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 सितम्बर की तिथि नियत कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति रमेश



सिन्हा और न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की खंडपीठ ने पारित किया।

22 साल पहले 8 जुलाई 2022 को लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कस्बे में 22 वर्षीय प्रभात गुप्ता को सरेआम कनपटी पर गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था। प्रभात के पिता संतोष गुप्ता ने आरोप लगाया था कि 8 जुलाई को करीब साढे तीन बजे दिन में तिकुनिया थाना क्षेत्र के बनवीरपुर गांव में प्रभात गुप्ता को गोली मारी गई। इस मामले में अजय मिश्रा, शशि भूषण, राकेश डालू और सुभाष मामा को आरोपी बनाया गया था।

# हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का पटना में खुलासा

मधेपुरा, 6 सितंबर (एजेंसियां)। मधेपुरा में कॉलगर्ल सप्लायर के खुलासे के बाद पटना पुलिस ने सोमवार की रात पटना में एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी कर इस प्रकार के काम में लगे नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सभी लोगों का पटना में चल रहे सेक्स रैकेट से कनेक्शन बताया जा रहा है।

पुलिस पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सेक्स रैकेट संलिप्त लड़कियों को पटना के बाहर से बुलाया जाता था। इसके लिए उन्हें मोटी रकम भी दी जाती थी।

इस बात की सूचना मिलने पर पटना पुलिस की विशेष टीम सोमवार की रात बेउर, पत्रकार नगर, कंकड़बाग सहित कई दूसरे थाना क्षेत्रो में छोपमारी की और सेक्स रैकेट में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि रामकृष्णा नगर में देह व्यापार में संलिप्त कुछ युवतियों को पुलिस ने पकड़ा था। उनसे पूछताछ में जो सूचना मिली उसके आलोक में पटना पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर नौ लोगों को गिरफ्तार कर ली।

पुलिस द्वारा मुक्त कराई गई और पकड़ी गई कुछ लड़कियां दूसरे राज्यों की हैं। उन लोगों ने पुलिस को बताया कि एक बड़ी रकम देकर उन्हें बुलाया था। पकड़ी गई कुछ लड़कियों ने कहा कि नौकरी का झांसा देकर उन्हें बुलाया गया था, जबकि तीन ऐसी भी हैं जिनकी तस्वीर वाट्सएप पर दिखाकर बुलाया गया था।

# आंध्र को 879.08 करोड़ रूपये की केन्द्र ने पोस्ट डिवोल्यूशन रेवेन्यू डेफिसिट अनुदान की छठी किस्त जारी की

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। केन्द्र सरकार ने आंध्र प्रदेश सहित 14 राज्यों को आज कुल 7,183.42 करोड़ रूपये की पोस्ट डिवोल्यूशन रेवेन्यू डेफिसिट अनुदान की छठी मासिक किस्त जारी कर दी है। यह अनुदान पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार जारी किया गया है।

वित्त मंत्रालय के अधिकारी ने यह जानकारी देते हुये कहा कि पंद्रहवें वित्त आयोग ने वर्ष 2022-23 के लिये 14 राज्यों को 86,201 करोड़ रुपये के कुल पोस्ट हस्तांतरण राजस्व घाटा अनुदान की सिफारिश की है।

यह अनुदान 12 समान मासिक किश्तों में अनुशंसित राज्यों को वित्त मंत्रायल के व्यय विभाग द्वारा जारी किया जाता है। इस महीने की छठी किस्त जारी होने के साथ ही 2022-23 में अब तक इन राज्यों को कुल 43,100.50 करोड़ रूपये जारी किये जा चुके है। अधिकारी ने बताया कि केन्द्र ने इस महीने आंध्र प्रदेश को 879.08 करोड रूपये की छठी किस्त जारी की है और अब राज्य को कुल 5274.50 रूपये जारी किये जा चुके है।

राज्यों के राजस्व खातों में अंतर को पूरा करने के लिए क्रमिक वित्त आयोगों की सिफारिशों के अनुसार राज्यों को अनुदान जारी किया जाता है।

उन्होंने कहा कि इस अनुदान को प्राप्त करने के लिए राज्यों की पात्रता और 2020-21 से 2025-26 तक की अवधि के लिए अनुदान की मात्रा का निर्धारण पंद्रहवें वित्त आयोग ने राज्य के राजस्व और व्यय के आकलन के बीच के अंतराल के आधार पर किया गया था। अधिकारी ने कहा कि पंद्रहवें वित्त आयोग ने 2022-23 के दौरान आंध्र प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड और पशचिम बंगाल को राजस्व घाटा अनुदान के हस्तांतरण की सिफारिश की।



सिकंदराबाद छावनी परिषद के मडफोर्ड क्षेत्र में पौधारोपण करते हुए ब्रिगेडियर के.सोमाशंकर, विधायक सायन्ना, सीईओ बी. अजीत रेड्डी, महेंदर व अन्य।





एयर स्कॉडन एनसीसी, कारखाना कैडेट व्दारा समाज में जागरूकता लाने के लिए रैली निकाली गयी। रैली में एनसीसी कैडेटों ने कचरा प्रबंधन प्लास्टिक उपयोग नहीं करने, शिक्षा का महत्त्व महिलाओं के सम्मान तथा वृक्षारोपण पर जोर दिया गया। रैली में भाग लेने वाले एनसीसीकर्मी तथा बच्चे शामिल हुए।

## हैदराबाद में खान मंत्रियों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। देश के खनन क्षेत्र में हाल की क्रियान्वित सुधार नीति के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिये इस सप्ताह नौ और दस तारीख को हैदराबाद में दो दिवसीय खान मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का लक्ष्य सुधार नीति का मूल्यांकन के वास्ते नई रणनीतियां बनाने के अलावा विभिन्न राज्य सरकारों के बीच तालमेल को मजबूत करना है।

इस सम्मेलन में केन्द्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी, केन्द्रीय कोयला एवं रेलवे राज्यमंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे, केन्द्रीय कोयला एवं खान सचिव, आंध्र प्रदेश के खान मंत्री पेड्डीरेड्डी रामचंद्र रेड्डी सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री, प्रमुख सचिव :खानः और खान महानिदेशक और खान एवं भूगर्भ विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेगें। विश्व में अगले 25 साल के दौरान खनिजों की मांग में बढ़ोतरी को देखते हुये भारतीय खनिज क्षेत्र मौजूदा उत्पादन को बढ़ाने के लिये आमूल विकास में अहम भूमिका निभायेगा। लिहाजा, खान मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन ऐसा प्रभावशाली मंच बनेगा, जहां खनिज क्षेत्र में राज्य सरकारों के मार्ग में आने वाली अड़चनों पर गौर किया जायेगा।

सम्मेलन का लक्ष्य है खान मंत्रालय और विभिन्न राज्य सरकारों के बीच तालमेल को मजबूत बनाना। सम्मेलन के प्रमुख विषयों में खनन क्षेत्र में किये जाने वाले प्रयासों, राज्य सरकारों द्वारा राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास (एनएमईटी) की निधियों का बेहतर उपयोग, कर्नाटक, ओडिशा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुतिकरण, राज्य सरकारों द्वारा नीलामी की स्थिति पर प्रस्तुतिकरण तथा अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों (एनपीईए) के साथ संवाद शामिल हैं। सम्मेलन के दूसरे दिन कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र के सुधारों और उनके प्रभावों को पेश करेगा। इसके साथ ही कोयला खनन परियोजनाओं के लिये भू-अधिग्रहण तथा कोयला लॉजिस्टिक्स के बारे में प्रस्तुतिकरण के जरिये जानकारी दी जायेगी।

आबंटित कोयला खानों के परिचालन और उनकी अद्यतन स्थिति पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा राज्य सरकारों के खान मंत्री, केंद्रीय कोयला मंत्रालय के सचिव डॉ. अनिल कुमार जैन और कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल भी दूसरे दिन सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।



रहीमपुरा, पुरानापुल में गणेश मंडप में भगवान का दर्शन करते हुए शिवचरण अहीर, सुरेशचंद, श्रीराम यादव, श्रवण व अन्य।



हनुमान भक्त मंडल द्वारा स्थापित गणेश पंडाल में पूजा-अर्चना करते हुए समाजसेवी गोपाल बल्दवा, पं. श्रीलाल शुक्ला, विनोद शुक्ला, पं. रंजन पांडेय व अन्य।



चिक्कड़पल्ली में श्री गणेश एसोसिएशन द्वारा स्थापित गणेश पंडाल में पूजा-अर्चना करते हुए सदस्यगण।



शिवरामपल्ली स्थित श्री रामदेवरा दरबार मंदिर में श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर द्वारा श्री रामदेव जी बाबा महाराज की भादवा सुदी दशमी (बाबा की बड़ी दशमी) मनायी गयी। इसमें भाग लेते हुए मंदिर के चेयरमैन श्याम सुंदर गिलडा, निर्मल कोठारी, प्रधान संयोजक कमल जाजु, जगदीश अग्रवाल, समाज सेवी राजेश करवा एवं अन्य भक्त।

## डॉ पलवई ने योग प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह में लिया भाग



सिरपुर-कागजनगर, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ.पलवाई हरीश बाबू ने आज तेलंगाना योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित कुमरम भीम आसिफाबाद जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. पलवई हरीश बाबू ने कहा कि योग शरीर और आत्मा का मिलन है और हमारे प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से हम 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक कुमारी केसरी अलेख्य का अभिनंदन किया गया।इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ. कोठापल्ली श्रीनिवास, राज्य महिला कार्यकारी समिति सदस्य कृष्णा कुमारी, जिला महासचिव सुदर्शन गौड़, आधिकारिक प्रवक्ता केसरी अंजनेयुलु गौड़, आसिफाबाद निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी अजमेरा आत्माराम नाइक, आसिफाबाद तालुक संयोजक सोलू लक्ष्मी, भाजयुमो मेडी कार्तिक, मंडे सुधाकर, राजशेखर और अन्य उपस्थित थे।



श्री सिद्धिविनायक यूथ एसोसिएशन व्दारा स्थापित श्री राम कॉलोनी लक्ष्मीनारायण, विनोद, नरसिंह, लड्डू, तरुण, राजू व अन्य।



मोंडा मार्केट, सिकंदराबाद स्थित ग्रेन बाजार धर्मशाला एसोसिएशन द्वारा स्थापित गणेश पंडाल में पूजा-अर्चना करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतम जैन, उपाध्यक्ष गोपाल बंग, महासचिव हरिकिशन बंग, आनंद बंग, पी. राजेंद्र यादव, दीपक कांकानी, शंकरलाल पुनेरिया, महेश बंग व अन्य।

## दैनिक पंचांग





| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह | में | सिंह... | 04-40 | बजे |
| चंद्र- | मकर | में | कन्या | 06-47 | बजे |
| मंगल | वृष | में | तुला - | 08-52 | बजे |
| बुध- | कन्या | में | वृश्चिक | 11-02 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | धनु--- | 13-16 | बजे |
| शुक्र- | सिंह | में | मकर- | 15-22 | बजे |
| शनि- | मकर | में | कुंभ - | 17-13 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मीन... | 18-50 | बजे |
| केतु- | तुला | में | मेष-- | 20-26 | बजे |
| | | | वृष-- | 22-11 | बजे |
| | | | मिथुन.. | 00-12 | बजे |
| | | | कर्क... | 02-15 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- उत्तर -धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी - **00-05** तक उपरान्त, त्रयोदशी
मास - भाद्रपद शुक्ल पक्ष ,बुधवार, **07 Sep**
नक्षत्र -उत्तराषाढा - **16 -00** - तक उपरान्त,
योग - शोभन **-01- 15** - तक उप- सौभाग्य
करण- बव - **13 -35** - तक,उप- बालव
विशेष:- पद्मा जलझूलनी ११ व्रत वैष्णव
व्रत -त्योहार - श्री वामन जं,वामन द्वादशी

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 12:14 से 13:46 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ. | 06:06 - 07:37 | शुभ | उत्पात | 18:24 - 19:51 | अशुभ |
| अमृत | 07:37 - 09:09 | शुभ | शुभ | 19:51 - 21:19 | शुभ |
| काल | 09:09 - 10:42 | अशुभ | अमृत | 21:19 - 22:47 | शुभ |
| शुभ. | 10:42 - 12:14 | शुभ | चंचल | 22:47 - 00:14 | शुभ |
| रोग | 12:14 - 13:46 | अशुभ | रोग | 00:14 - 01:42 | अशुभ |
| उत्पात | 13:46 - 15:19 | अशुभ | काल | 01:42 - 03:09 | अशुभ |
| चंचल | 15:19 - 16:51 | शुभ | लाभ | 03:09 - 04:37 | शुभ |
| लाभ | 16:51 - 18:21 | शुभ | उत्पात | 04:37 - 06:06 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) आज का दिन सृजनात्मक प्रवृति के लोगों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा। आपके हुनर और कार्यों दोनों की ही प्रशंसा होगी।अपने कार्य के लिए धन प्राप्ति भी संभव है। अगर आप विद्यार्थी हैं तो आपके लिए समय अच्छा है और परीक्षा से डरने के स्थान पर उसका सामना करना बेहतर होगा।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) इस बात की सम्भावना है कि कोई आपके आसपास आपके विचार चुराकर आने करियर में प्रगति करना चाहता है।इसीलिए किसी से बात करते हुए सावधान रहें।आपको इस समय बड़ी गंभीरता से अपने हित के बारे में सोचना है।अपने लम्बे सहकर्मी रह चुके लोगों के साथ भी अपनी जानकारियां साझी न करें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) दिन आपके लिए अच्छा रहेगा लेकिन ऐसा हो सकता है कि आप छोटी सी बात के बारे में सोच-सोचकर परेशान हों।ऐसा सोचना प्राक्रतिक है लेकिन इससे आपकी घर और कार्यस्थल की शांति और कार्य की गति प्रभावित होगी।यह समय बड़े लक्ष्यों को सोचकर छोटी-मोटी बातों को नजरंदाज कर देने का है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) प्रयास करने वाले भी पहले व्यक्ति बनें और उसका श्रेय लेने में भी आगे रहें।अपने आप को ज्यादा ना थकाएं और कम महत्वपूर्ण विषयों के लिए अधिक मेहनत ना करें।दूसरों को अच्छी ना लगने वाली बातें कहकर उनका दिल ना दुखाएं।आपको किसी भी मैदान में बिना सोचे-समझे कूद पड़ने की आदत है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) बहादुरी भरे कदम उठाने का है,इसमें हिचकिये मत। इसके स्थान पर मजबूत फैसला लीजिये।अवसरों को जाने मत दीजिये।इस समय विश्वास पूर्वक लिया गया एक फैसला नाटकीय तरीके से आपकी जिंदगी को बदल सकता है,शायद आपको अभी ये प्रतीत न हो। पुराने संबंधों के बारे में फिर से सोचने और अर्थहीन संबंधों को तोड़ देना ही सही रहेगा।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आप आसानी से आगे होने वाली बातों का अनुमान लगा लेते हैं।आपकी संचार क्षमता भी प्रभावशाली और नजरिया खुला है,इसीलिए जो आप चाहते हैं उसके लिए बहुत मेहनत करें। हमेशा गलतियाँ ढूँढने की फिराक में रहने वाले आक्रामक लोगों के साथ उलझने से बचें।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) आज का दिन बदलाव के नाम रहेगा।आपकी मुलाकात ऐसी किसी आदमी से हो सकती है जो आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलावों का या तो खुद कारण बनेगा या बदलाव लाने वाले लोगों से मुलाकात का माध्यम बनेगा।हालाँकि सभी बदलाव आपके लिए अच्छे नही रहेंगे। इससे पहले कि आप बदलाव को स्वीकार कर आगे बढ़े।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) आप आज ऊर्जा से भरे हैं आपके आकर्षण और कुशलता से आज घर-ऑफिस में सब प्रभावित होंगे।अपने दोस्तों या किसी ख़ास के साथ बाहर घुमने जाकर मजे करें।दिन शांत और तनावरहित रहेगा। आज अच्छा वित्तीय लाभ होने की सम्भावना तो बनी हुई है,लेकिन अपने खरीदारी के खर्चो पर भी नजर रखें।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) आज किसी अनियोजित रोमांचक यात्रा पर जाने की सम्भावना है।हो सकता है कि शहर में ही घूमना चाहें,लेकिन आपका विचार खूब मजे करने का है और ऐसा ही होगा भी। आप किसी करीबी के साथ हुए गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं। आपको पहले ही ऐसा करना चाहिए था,परन्तु आज सामने आने पर सब बातें साफ़ हो जायेंगी।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) आपसे सामजिक संपर्को पर और ध्यान देने की अपेक्षा है।आपके आकर्षक व्यक्तित्व का सबपर प्रभाव पड़ेगा।इसके अलावे आपको उन लोगो पर भी ध्यान दें जो आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुंचा रहे हैं।अपनी व्यस्त कार्यशैली के बावजूद सेहत का ध्यान रखें।आपका व्यक्तित्व काफी आकर्षक है।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) आप किसी भी प्रकार का नियंत्रण पसंद ना करते।आपको ऐसा करने की जरूरत भी नही है इसके स्तान पर ख़ुशी और प्यार दें और आपको भी बदले में खूब ख़ुशी और प्यार मिलेगा।अपनी काम की मारामारी वाली जिन्दगी में अपने सहकर्मियों के साथ किसी छोटी सी यात्रा पर जाकर रंग भर सकते हैं।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा और आपको किसी अप्रत्याशित घटना के लिए तैयार रहना है।आपको कई दिशायों में सक्रिय रहना पड़ेगा लेकिन सकारात्मक बने रहेंगे।आप नयी उर्जा एवं वास्तविकता से परिपूर्ण सार्थक योजनायें पेश करेंगे।अपनों को भी इनमे शामिल करें।आज किसी ख़ास व्यक्ति से मुलाक़ात होगी।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

## विशेष पूजा-अर्चना के बाद वृद्धाश्रम में प्रसाद वितरण



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एनकेएस समूह कंपनी ने देश सेवा में सफल पूर्वक 27वां वर्ष पूरा किया। इस अवसर पर न्यू हरियाणा फ्रेट कैरियर के कार्यालय में सर्व प्रथम भगवान गणेश, बालाजी भगवान की पूजा पंडित सुखेंकर महाराज एवं पंडित अनिल महाराज द्वारा की गई। पूजा के बाद आरती अवं प्रसाद वितरण किया गया। उसके बाद वृद्धाश्रम में भोजन व अन्य सामग्री वितरित की गई। इसके बाद अध्यक्ष एनके सिंह, निदेशक नंद किशोर सिंह, अमरजीत सिंह, मनोहर सिंह, आदित्य सिंह, सुरेश, राजेंद्र प्रसाद, हनुमान प्रसाद आदि ने पूजा-अर्चना करवाई।

## मासिक बैठक में विद्यापति समारोह पर चर्चा संपन्न

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद स्थित लायंस भवन में मिथिला सांस्कृतिक परिषद, हैदराबाद की मासिक बैठक की गई, जिसमें आगामी 25 दिसंबर को आयोजित होने वाला विद्यापति पर्व समारोह के साथ साथ परिषद के संविधान बनने पर गहन परिचर्चा एवं अन्यान्य विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।


परिषद के संरक्षक आलोक कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का संचालन महासचिव अनिल कुमार झा ने किया। आगामी 25 दिसंबर को आयोजित होने वाला विद्यापति पर्व समारोह के विषय में चर्चा आरंभ करते हुए पूर्व अध्यक्ष संयोग ठाकुर ने कहा कि विगत आमसभा में लिए गए निर्णय के अनुसार परिषद के कलामंच का गठन एवं उसके अभ्यास सत्र का शुभारंभ एवं परिचालन हेतु अध्यक्ष विनय कुमार झा एवं मंच के संयोजक धीरेन्द्र कुमार झा के प्रयास स्तुत्य हैं तथा हैदराबाद के मैथिलजनों के सांस्कृतिक पहचान को एक नया आयाम देने की दिशा में इसका दूरगामी प्रभाव होगा। पूर्व अध्यक्ष आलोक कुमार झा द्वारा परिषद के अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष को सुझाव दिए गए कि उक्त पदाधिकारीगण आनलाईन सदस्यता सहयोग राशि के संग्रहण हेतु वाट्सएप्प ग्रुप पर अपील जारी करें। अध्यक्ष विनय कुमार झा द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि विद्यापति पर्व समारोह का आयोजन नगरद्वयक के भिन्न - भिन्न क्षेत्र में किया जाए जिससे सम्बंधित क्षेत्र के लोगों को परिषद के साथ जोड़ने में अधिक सफलता मिल सकती है। उपस्थित सदस्य में से अधिकतर लोग इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

परिणामतः कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश कुमार झा को विद्यापति पर्व समारोह हेतु सभागृह के सर्वेक्षण कर उपयुक्त सभागार के चयन हेतु कार्यभार दिया गया। तदुपरांत, परिषद के संविधान के मोसविदा पर गहन परिचर्चा हुई जिसमें सभी ने गंभीरतापूर्वक विचार- विमर्श के उपरांत महत्वपूर्ण सुझाव दिए और उसमे से कुछ सुझाव एवं संशोधन सभी की सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। परिचर्चा में फिरन झा, तृप्ति नारायण झा, आलोक कुमार झा, संयोग ठाकुर, सीताराम ठाकुर, रजनीश कुमार झा, रंजन कुमार झा, धीरेन्द्र कुमार झा, सत्येन्द्र नाथ झा, भवकान्त झा, मनीन्द्र कुमार झा, श्रीमती सरोज झा, कंचन झा, मधु सिंह सहित कतिपय अन्य सदस्य /सदस्या ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



अत्तापुर स्थित इशष्टा सिटी सोसायटी में गणेश उत्सव मनाया गया। इसमें प्रतिदिन पूजा और भंडारा रखा गया है। इसमें बडी संख्या में लोग भाग लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आनंद लेते भक्तगण।

कोठी स्थित गोयल फार्मा कंपनी में विराजित भगवान गणपति की पूजा करते हुए राम प्रकाश अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल व अन्य।



स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 7 सितंबर, 2022

# बेकाबू रफ्तार और हादसे

जिस अहमदाबाद-मुंबई हाईवे पर टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की कार का एक्सीडेंट हुआ, उसे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी खतरनाक मानते हैं। गडकरी के अनुसार अहमदाबाद-मुंबई एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक वॉल्यूम 1 लाख 25 हजार पैसेंजर कार यूनिट है, इसलिए यहां ड्राइविंग के दौरान टक्कर की संभावना हमेशा बनी रहती है। वे आईएए वर्ल्ड समिट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 20 हजार या उससे ज्यादा पीएसयू का ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए छह लेन वाली सड़कों की जरूरत है। गडकरी ने साइरस मिस्त्री की सड़क हादसे में हुई मौत पर दुख जताया। उन्होंने कार में सीट बेल्ट न लगाने को गलत बताया। साथ ही कहा कि कार में पीछे बैठे लोगों के लिए भी सीट बेल्ट लगाना उतना ही जरूरी है, जितना आगे की सीट पर बैठने वालों के लिए। कार एक्सीडेंट में मारे गए मिस्त्री ने सीट बेल्ट नहीं लगाया था। बहरहाल, पालघर में हुए इस जानलेवा हादसे ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। यों तो शायद ही ऐसा कोई दिन जाता हो, जब ऐसे हादसे नहीं होते हों, मगर इसकी गंभीरता को लेकर तभी बहस होती है, जब कोई मामला सुर्खियों में आ जाता है। कार में अगली सीट पर बैठे दो लोगों की जान तो किसी तरह बच गई, लेकिन पिछली सीट पर सवार साइरस मिस्त्री सहित एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। संभवतः पिछली सीट पर बैठे साइरस मिस्त्री और एक अन्य व्यक्ति ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी और कार में पिछली सीट पर एअर बैग भी नहीं था। नतीजतन, पिछली सीट बैठे दोनों के सिर में गहरी चोट आई और उनकी जान चली गई। बताया जा रहा है कि कुछ साधारण लापरवाहियों की वजह से कार का नियंत्रण बिगड़ गया और इसकी कीमत दो लोगों की बहुमूल्य जिंदगी बनी। अगर गाड़ी चलाते हुए रफ्तार को नियंत्रण में रखा गया होता तो शायद दोनों हमारे बीच होते। अगर उसमें सवार लोगों ने सीट बेल्ट लगाने जैसी मामूली सावधानी बरती होती तो कम से कम उनकी जान तो बच ही सकती थी। जो दो लोग आगे बैठे थे और वे सीट बेल्ट लगाए थे, जिससे उनकी जान बच गई। सवाल तो उठता है कि इतनी महंगी और सभी तरह के सुरक्षा-उपायों से लैस कार में पिछली सीट के लिए एअर बैग क्यों नहीं थे! बता दें कि तकनीकी खामी का मामला लगभग अनिश्चित होता है और सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली कोई तकनीक भी कभी नाकाम हो जाए तो ताज्जुब नहीं करना चाहिए। तकनीक के स्तर पर सुरक्षा के लिए सभी उपायों से लैस होने के बाद भी सावधानी बरतना जरूरी है। दुर्घटना से बचाव के लिए खुद को तैयार रखने को लेकर हमेशा चौकन्ना रहना ही सबसे अहम होता है। देखा जाए तो सड़क सुरक्षा के साधारण उपायों को लेकर भी लोग हमेशा लापरवाही बरतते हैं, जिसकी वजह से आए दिन गंभीर हादसे होते रहते हैं। दुर्घटना की वजहों से लेकर उसके बाद घायलों को वक्त पर अस्पताल पहुंचाने में देरी के चलते भी कई बार घायलों को जान से हाथ तक धोना पडता है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल देश भर में हुए सड़क हादसों में एक लाख पचपन हजार छह सौ बाईस लोगों की जान चली गई। ऐसी दुर्घटनाओं की वजहें भिन्न हो सकती हैं। इसके बावजूद ऐसे तमाम लोग होते हैं, जो सड़क पर वाहन चलाते हुए जुनून में रफ्तार पर लगाम रखने को अपनी बेइज्जती समझते हैं। उस पर भी मर्सीडीज कार हो तो फिर कहने ही क्या? हैरानी की बात यह भी है कि अगर ऐसे वाहन चालक दूसरों की परवाह भले नहीं करते लेकिन खुद की जान की परवाह तो करना ही चाहिए। जब नियंत्रित तरीके से वाहन चला कर सुरक्षित सफर किया जा सकता है, तो बेलगाम रफ्तार की शेखी बघारने की जरूरत ही क्या है। जगजाहिर तथ्य यह है कि सिर्फ इस वजह से अक्सर होने वाले सड़क हादसों में नाहक ही मौतें होती हैं। रफ्तार पर लगाम लगाने मात्र से ही सड़क हादसों में काफी कमी लाई जा सकती है।

# दाढ़ी वाले उइगर मुस्लिम चीन के लिए आतंकी

चीन अपने डिटेंशन कैंपों में उइगर मुसलमानों के साथ अत्याचार कर रहा है। उन्हें इलेक्ट्रिक चेयर से बांधता है, ड्रग देता है, भूखे रखता है। इन कैंपों में ऑफिसर्स महिलाओं का बलात्कार करते हैं। उन पर लगातार नजर रखते हैं। उन्हें बिना किसी कारण इन कैंपों में बंद कर देते हैं। पहली बार उइगर मुस्लिमों पर जारी संयुक्त राष्ट्र यानी यूएन की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। 48 पन्नों की ये रिपोर्ट चीन पर मानवाधिकारों के हनन के गंभीर आरोप लगाती है।

कौन हैं उइगर मुस्लिम और चीन डिटेंशन कैंप में रखकर उनके साथ क्रूरता क्यों करता है? सबसे पहले जानते हैं, 9 महीने डिटेंशन कैंप में रह चुकी तुर्सुने जियावुडुन की आपबीती। 'आधी रात के बाद वे हमारे सेल में आते। किसी लड़की को पसंद करते और ब्लैक रूम में ले जाते। इस रूम में कोई कैमरा नहीं होता था।' चीन से भागकर अमेरिका में रह रहीं तुर्सुने जियावुडुन एक इंटरव्यू में यह आपबीती बताती हैं। वे आगे कहती हैं कि हर रात लड़कियों को उनके सेल से निकाल कर ले जाया जाता।

एक या ज्यादा मास्क पहने हुए चीनी सैनिक उनका बलात्कार करते। तीन अलग-अलग मौकों पर तीन-चार लोगों ने जियावुडुन के साथ गैंग-रेप किया। यह सब उनके साथ इसलिए हुआ, क्योंकि वे उइगर मुसलमान हैं। जियावुडुन के पति कजाकिस्तान से हैं। वे दोनों 5 साल यहां रहकर 2016 में शिनजियांग लौटे। उनके आने पर उनसे पूछताछ हुई। उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए। कुछ महीनों बाद पुलिस ने उन्हें एक मीटिंग में जाने के लिए कहा। यहां उन्हीं की तरह और भी उइगर मुसलमान और कजाकी लोग थे। इन लोगों को यहां गिरफ्तार कर डिटेंशन कैंपों में भेज दिया गया।

इसके कुछ दिनों बाद उन्हें छोड़ दिया गया। उनके पति का पासपोर्ट भी वापस कर दिया गया। वो वापस कजाकिस्तान चले गए, लेकिन जियावुडुन को पासपोर्ट नहीं मिला। 9 मार्च 2018 को उन्हें एक बार फिर पुलिस स्टेशन बुलाया गया। उनसे कहा कि उन्हें और पढ़ाई की जरूरत है। इसके बाद वे एक बार फिर कुंस काउंटी के उसी डिटेंशन कैंप में पहुंच गईं, जहां पहली बार उन्हें गिरफ्तार कर के रखा गया था।



चीन के शिनजियांग इलाके में बड़े स्तर पर लोगों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार किया जा रहा है। यहां उइगर मुसलमानों की एक बड़ी आबादी रहती है। इन लोगों को हाई-सिक्योरिटी फैसिलिटीज यानी डिटेंशन कैंपों में रखा जाता है। ये कब तक यहां रहेंगे, इसकी कोई तय समय नहीं है। चीन की सरकार आतंकी होने के शक पर लोगों को गिरफ्तार करती है। इसके पीछे वैसे तो कोई तर्क नहीं होता, लेकिन कारण कुछ भी हो सकता है। बुर्का पहनने से लेकर दाढ़ी रखने तक, पासपोर्ट इस्तेमाल नहीं करने से ज्यादा बच्चे पैदा करने तक कुछ भी आपकी गिरफ्तारी का कारण बन सकता है।

चीन इन कैंपों को वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग सेंटर्स कहता है। उसका कहना है कि वो इन्हें कट्टरपंथियों के लिए चलाता है। 2019 में चीनी सरकार ने कहा था कि ये कैंप मामूली केसों में शामिल अपराधियों के लिए पुनर्वास केंद्र हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 'आतंकवाद के गंभीर या मामूली केसों और चरमपंथी कामों में कोई खास अंतर नहीं हैं। दोनों ही केसों में आरोपियों के साथ अक्सर एक जैसा व्यवहार किया जाता है। रिपोर्ट ने इस तरह के डिटेंशन कैंपों में बलात्कार और यौन शोषण के आरोपों को सही पाया है।

संयुक्त राष्ट्र ने इस रिपोर्ट के लिए इन कैंपों में बंद रहे कई लोगों का इंटरव्यू किया। यहां उनके साथ हुई चौंकाने वाली घटनाएं लोगों ने बताई हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें 'टाइगर चेयर' पर बांधकर इलेक्ट्रिक बैटन यानी बिजली के डंडों से पीटा गया। लोगों ने यह भी बताया कि बिजली के डंडों से पीटने के दौरान उन पर पानी भी फेंका गया। उन्हें लंबे समय तक अकेले रखा गया। घंटों तक छोटे स्टूलों पर बैठने के लिए मजबूर किया गया। दो तिहाई से ज्यादा लोगों ने कहा कि डिटेंशन कैंपों में भेजने से पहले उन्हें पुलिस स्टेशनों में बंद रखा गया। यहां उन्हें टाइगर चेयर्स पर बांधकर पीटा गया। संयुक्त राष्ट्र को लोगों ने बताया कि उनके सेल में 24 घंटे लाइट जली रहती थी। इससे उन्हें सोने में दिक्कत होती थी और उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती थी। उन्हें पूजा करने और अपने धार्मिक नियमों को मानने की मनाही थी। वे अपनी भाषा में बात भी नहीं कर सकते थे। इसके अलावा उन्हें 'रेड सॉन्ग' गाने और याद करने के लिए मजबूर किया जाता था। यह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी यानी पीएलए की तारीफ करने वाला गीत है। चीन के इन डिटेंशन कैंपों में लोगों को भरपेट खाना नहीं दिया जाता था। उन्हें लगातार भूखा रखा जाता था। इसके चलते यहां रहने के दौरान वे बेहद कमजोर हो जाते हैं। लोगों को यहां इंजेक्शन या गोलियों के जरिए ड्रग्स दिए जाते थे, जिसे खाने के बाद उन्हें बहुत सुस्ती महसूस होती और नींद आती थी। उन्होंने बताया कि कैंप के गार्ड पूछताछ के दौरान ओरल सेक्स करने के लिए उन्हें मजबूर करते थे। उनके कपड़े उतारने के लिए जबरदस्ती की जाती। इन कैंपों में महिलाओं के जबरदस्ती गायनेकोलॉजिकल टेस्ट किए जाते। एक महिला ने अपने इंटरव्यू में कहा कि ये टेस्ट सभी लोगों के सामने किए जाते थे। लोगों के सामने उनके साथ यौन शोषण किया जाता था।

लोगों के यहां रहने का कोई समय तय नहीं है। हालांकि ज्यादातर लोग औसतन 18 महीने यहां बंद रहते हैं। उन्हें अपने परिवार से बात नहीं करने दी जाती। वो बाहर की दुनिया से पूरी तरह कट जाते हैं। रिपोर्ट कहती है कि लोगों ने इन कैंपों को साइकोलॉजिकल टॉर्चर कहा है। यहां की स्थिति को देखते हुए लोग डर जाते हैं। उन्हें पता नहीं होता कि उनके साथ ये सब क्यों हो रहा है? वो कब तक यहां रहेंगे?

चीन पर सालों से 10 लाख से भी ज्यादा उइगर मुसलमानों को डिटेंशन कैंप में रखने का इल्जाम लगता रहा है। वहीं राजधानी बीजिंग ने हमेशा इन्हें नकारा है। चीन का दावा है कि वो चरमपंथियों के लिए इस तरह के वोकेशनल सेंटर चला रहा है। चीन ने हर बार की तरह एक बार फिर इन आरोपों को झूठा बताया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि 'तथाकथित जरूरी रिपोर्ट अमेरिका और कुछ पश्चिमी देशों ने बनाई है। ये पूरी तरह से गैरकानूनी और बेकार है।'

उइगर मुसलमान तुर्की भाषा बोलने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग हैं। उनकी संस्कृति बीजिंग से ज्यादा मध्य एशिया के देशों से मिलती है। तकरीबन 1.2 करोड़ उइगर चीन के शिनजियांग इलाके में रहते हैं। कुछ उइगर मुसलमानों ने पहले चीन की सरकार का विरोध किया था। ये लोग पूर्वी-तुर्किस्तान बनाना चाहते थे। उनका आरोप है कि चीन उनके धर्म और संस्कृति को बर्बाद कर रहा है। विकास के नाम पर उन लोगों पर अत्याचार किए जा रहे हैं। साथ ही चीन के बहुसंख्यक समुदाय 'हान' को फायदा पहुंचाया जा रहा है। उन्हें इस इलाके में बसाने के लिए भी बहुत तेजी से काम हो रहा है।

चीन के अत्याचार का एक बड़ा कारण है शिनजियांग इलाके पर कब्जा बनाए रखना। यह इलाका चीन के व्यापार को पूरी दुनिया से जोड़ता है। साथ ही यहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है।

# ऋषि सुनक आखिर क्यों हार गए

लिज ट्रस ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री होंगी। ट्रस को 81 हजार से ज्यादा वोट मिले। वहीं, सुनक को 60 हजार वोट से ही संतोष करना पड़ा। पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक रेस में शुरू से ही काफी आगे थे। वहीं, विदेश मंत्री लिज ट्रस शुरू में टॉप दो में भी शामिल नहीं थीं। पार्टी में सांसदों के बीच हुई आंतरिक वोटिंग में ऋषि सुनक बाकी नेताओं और ट्रस से काफी आगे रहे, लेकिन अब जब इस रेस में वोटिंग का दायरा पार्टी कार्यकर्ताओं तक बढ़ गया, तब ऋषि सुनक रेस में पिछड़ते चले गए। आखिर क्यों कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों के बीच सबसे लोकप्रिय ऋषि सुनक अंतिम चरण में लिज ट्रस से पिछड़ गए? आइये जानते हैं इसकी वजह क्या है? 2019 में बोरिस जॉनसन चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बने। इसके बाद ब्रिटेन के वित्त मंत्रालय का प्रभार ऋषि सुनक के पास आया। हालांकि, 2020 में ही पूरी दुनिया की तरह ब्रिटेन में भी कोरोना की जबरदस्त लहर आई। आलम यह था कि देश में लॉकडाउन लग गया और लाखों लोगों को नौकरी गंवानी पड़ी। इस दौरान सुनक पर बेरोजगारों को आर्थिक मदद और टैक्स दरों में कटौती करने का काफी दबाव पड़ा। जहां कोरोनाकाल के दौरान ब्रिटेन को वित्तीय तौर पर मजबूत करने में सुनक ने अहम भूमिका निभाई, वहीं टैक्स दरों में कमी न करने को लेकर लेबर पार्टी से लेकर उनकी अपनी पार्टी के कुछ नेताओं ने उन पर सवाल उठाए। पीएम पद की डिबेट में भी सुनक ने टैक्स कटौती के विरोध में बयान दिए, जिनसे वोटरों के पास नकारात्मक संदेश गया। दूसरी तरफ लिज ट्रस ने टैक्स कटौती से लेकर मुश्किल हालात में ज्यादा खर्च की बात भी कही। उन्होंने तर्क दिया है कि कठिन समय में वित्तीय घाटे के बावजूद सरकार को ज्यादा खर्च करना चाहिए। उनके इस संदेश को मतदाताओं ने महंगाई के खिलाफ कदम माना। हालांकि, अर्थशास्त्रियों ने जहां सुनक की तारीफ की है, तो वहीं ट्रस के वादों को खोखला करार दिया। ऋषि सुनक मूल रूप से इंग्लैंड या ब्रिटेन के किसी देश से नहीं हैं। ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बनने के लिहाज से यह दोनों ही बातें काफी अहम हैं। दरअसल, इस देश के इतिहास में आज तक अंग्रेजों से इतर किसी को प्रधानमंत्री पद नहीं मिला है। जानकारों का मानना है कि ब्रिटेन जैसे पुराने लोकतंत्र में अब तक इस तरह की विविधता न आ पाना काफी चौंकाने वाली है। सुनक और ट्रस की ओर से पीएम पद के लिए उम्मीदवारी पेश करने के बाद जहां सांसदों द्वारा की गई वोटिंग में सुनक लगातार बाकी प्रतिद्वंदियों पर बढ़त बनाए रहे, वहीं जैसे ही पीएम पद के अंतिम चुनाव के लिए वोटिंग का जिम्मा कंजर्वेटिव पार्टी के दो लाख कार्यकर्ताओं के हाथों में आया, वैसे ही सुनक सभी सर्वे में ट्रस से पिछड़ते चले गए। रिपोर्ट्स की मानें तो ब्रिटेन के बुजुर्ग और अनुभवी कार्यकर्ताओं के बीच सुनक को काफी कम समर्थन मिला। उनका समर्थन सिर्फ युवा करते हैं, जिनकी कंजर्वेटिव पार्टी में संख्या छह फीसदी के करीब है। हाल ही में खुलासा हुआ था कि सुनक की पत्नी अक्षता ने करीब 20 मिलियन पाउंड (197 करोड़ रुपये) का टैक्स नहीं दिया है। दरअसल, अक्षता के पास अपने पिता नारायण मूर्ति की कंपनी इन्फोसिस में 0.93 फीसदी हिस्सेदारी है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, अपनी हिस्सेदारी से अक्षता सालाना करीब 11.65 करोड़ रुपये का डिविडेंड पाती हैं। अक्षता पर इसी कमाई से होने वाली आय पर टैक्स न देने का आरोप लगा। वित्त मंत्री रहते हुए सुनक ने बाद में इस मामले में जांच कराने की बात कही। उन्होंने तर्क दिया कि उनकी पत्नी की कमाई ब्रिटेन से बाहर होती है, इसलिए वे ब्रिटेन में कर नहीं देतीं। हालांकि, बाद में अक्षता ने इंफोसिस से होने वाली कमाई पर भी टैक्स देने का वादा किया। हालांकि, जब तक उनकी तरफ से यह सफाई आई, तब तक सुनक को नुकसान हो चुका था। ऋषि सुनक पर जो एक बड़ा और गंभीर आरोप लगा है, वह है वित्त मंत्री रहते हुए प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के खिलाफ जाने का। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के कार्यकर्ता बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के पीछे सुनक को कारण मानते हैं। उनका मानना है कि ऋषि सुनक ने बोरिस जॉनसन के खिलाफ सबसे पहले इस्तीफा देकर पूरी कैबिनेट में उनके खिलाफ माहौल बनाया। देखते ही देखते कई मंत्रियों ने जॉनसन पर दबाव बनाने के लिए अपने पद छोड़ दिए। आखिरकार खुद जॉनसन को पीएम पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

ब्रिटेन के राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, सुनक का इस तरह से जॉनसन के विरोध में इस्तीफा देना और उसके बाद खुद को पीएम पद के लिए पेश करने का वोटरों के बीच में गलत संदेश गया। एक विशेषज्ञ ने तो यहां तक कह दिया कि सुनक की छवि इस वक्त इटली के शासक जूलियस सीजर की धोखे से हत्या करने वाले ब्रूटस जैसी है। उन्हें इसका खामियाजा ट्रस के खिलाफ उठाना पड़ा। चुनाव अभियान के दौरान सुनक पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने अमेरिका में पढ़ाई के बाद ब्रिटेन लौटने के बावजूद अपना ग्रीन कार्ड नहीं छोड़ा। दरअसल, साउथैम्पटन में पैदा हुए सुनक ने अमेरिका में पढ़ाई की थी। यहीं उनकी मुलाकात अक्षता मूर्ति से हुई थी। दोनों ने 2009 में शादी के बाद अमेरिका में ही काम करना जारी रखा। सुनक-अक्षता के पास कैलिफोर्निया में एक 50 लाख पाउंड का पेंटहाउस भी है।

वैसे तो ब्रिटेन में दोहरी नागरिकता मान्य है, लेकिन कंजर्वेटिव पार्टी में सुनक के विरोधियों ने इसे गंभीर मुद्दा माना। कई नेताओं ने सवाल उठाए कि अगर देश का अगला प्रधानमंत्री ही अमेरिका में रहने के मौके खोज रहा है, तो यह खेदपूर्ण है। खुद सुनक ने भी माना था कि उन्होंने वित्त मंत्री रहने के 18 महीने बाद तक ग्रीन कार्ड अपने पास रखा और अक्तूबर 2021 में इसे सरेंडर किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चुनाव में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव के सांसदों की पहली पसंद भारतीय मूल के ऋषि सुनक ही थे। पांचों राउंड की वोटिंग में सुनक हर बार बड़े अंतर से जीते। आखिरी फैसला पार्टी के 1.60 लाख मेंबर्स ने किया। इनकी पसंद लिज ट्रस रहीं। जीत के बाद अगर लिज की पहली स्पीच को गौर से सुना जाए तो यह साफ हो जाता है कि ट्रेड और इकोनॉमी के मास्टर कहे जाने वाले ऋषि की फायरब्रांड लिज को कितनी जरूरत होगी। लिज ने साफ तौर पर कहा कि उन्हें ऋषि की गहरी समझ की जरूरत होगी। उन्होंने पार्टी में सुनक जैसे नेता के होने को खुशकिस्मती करार दिया।

# साइबर अपराध और बुनियादी ढांचे में कमियां



प्रियंका 'सौरभ'

भारत दुनिया भर में दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। यद्यपि प्रौद्योगिकी और इंटरनेट की प्रगति ने अपने साथ सभी संबंधित लाभ लाए हैं, लेकिन वैश्विक स्तर पर लोगों को प्रभावित करने वाले साइबर अपराध में भी वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार साइबर अपराध के 2020 में 50,035 मामले दर्ज किए गए थे। भारत में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध बढ़ रहा है। इसे एक अपराध के रूप में परिभाषित किया जाता है जहां एक कंप्यूटर अपराध की वस्तु है या अपराध करने के लिए एक उपकरण के रूप में उपयोग किया जाता है। साइबर अपराध सर्वकालिक उच्च स्तर पर हैं, जो व्यक्तियों, व्यवसायों और देशों को प्रभावित कर रहे हैं। साइबर अपराधों से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे में कमियां देखे तो इसके पीछे बहुत से कारक है, साइबर या कंप्यूटर से संबंधित अपराधों की जांच के लिए कोई प्रक्रियात्मक कोड नहीं है। साइबर अपराधों से निपटने के लिए तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती के लिए राज्यों द्वारा आधे-अधूरे प्रयास किए गए हैं। केवल तकनीकी रूप से योग्य कर्मचारी है जो डिजिटल साक्ष्य प्राप्त कर सकता है और उसका विश्लेषण कर सकता है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम, 2000 इस बात पर जोर देता है कि अधिनियम के तहत दर्ज अपराधों की जांच एक पुलिस अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए जो एक निरीक्षक के पद से नीचे का न हो। जिलों में पुलिस निरीक्षकों की संख्या सीमित है, और अधिकांश क्षेत्र की जांच उप-निरीक्षकों द्वारा की जाती है। क्रिप्टोकुरेंसी से संबंधित अपराध कम रिपोर्ट किए जाते हैं क्योंकि प्रयोगशालाओं के खराब स्तर के कारण ऐसे अपराधों को हल करने की क्षमता सीमित रहती है। अधिकांश साइबर अपराध प्रकृति में अंतर-क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार के साथ राष्ट्रीय हैं। पुलिस को अभी भी यू.एस. की गैर-लाभकारी एजेंसी, नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रेन (एनसीएमईसी) से ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) पर साइबर टिपलाइन रिपोर्ट मिलती है। अधिकांश उपकरण और प्रौद्योगिकी प्रणालियां किसी भी अन्य कनेक्टेड सिस्टम की तरह ही साइबर खतरों के प्रति संवेदनशील हैं। हालांकि सरकार ने नेशनल क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर की स्थापना की है, फिर भी इसे महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के उपायों की पहचान करना और उन्हें लागू करना बाकी है। राज्यों की साइबर फोरेंसिक प्रयोगशालाओं को नई प्रौद्योगिकियों के आगमन के साथ उन्नत नहीं है। क्रिप्टो-मुद्रा से संबंधित अपराध कम रिपोर्ट किए जाते हैं क्योंकि ऐसे अपराधों को हल करने की क्षमता सीमित रहती है। अधिकांश साइबर अपराध प्रकृति में ट्रांस-नेशनल हैं और अतिरिक्त-क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार के साथ हैं। भारत की क्रमशः 48 और 12 देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियाँ और प्रत्यर्पण व्यवस्थाएँ हैं। साइबर कमियों से संबंधित समस्याओं की देखते हुए भारत के न्यायालयों ने संज्ञान भी लिए है जैसे- अर्जुन पंडित राव खोतकर बनाम कैलाश कुषाणराव गोरंट्याल और अन्य मांमले में कोर्ट ने माना कि भारतीय साक्ष्य (आईई) अधिनियम की धारा 65 बी (4) के तहत एक प्रमाण पत्र (द्वितीयक) इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की स्वीकार्यता के लिए एक अनिवार्य शर्त है यदि मूल रिकॉर्ड उत्पादित नहीं हो सका। नूपुर तलवार बनाम स्टेट ऑफ यू.पी. में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने देखा कि भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी-आईएन) विशेषज्ञ को यह साबित करने के लिए इंटरनेट लॉग, राउटर लॉग और लैपटॉप लॉग का विवरण प्रदान नहीं किया गया था कि क्या उस घातक रात में इंटरनेट भौतिक रूप से संचालित था। 'पुलिस' और 'सार्वजनिक व्यवस्था' राज्य सूची में होने के कारण, अपराध की जांच करने और आवश्यक साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का प्राथमिक दायित्व राज्यों का है।

# रामलीला में राहुललीला



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

रामलीला मैदान की रैली में कांग्रेस ने काफी लोग जुटा लिए। हरियाणा से भूपेंद्र हुड्डा और राजस्थान से अशोक गहलोत ने जो अपना जोर लगाया, उसने कांग्रेसियों में उत्साह भर दिया लेकिन यह कहना मुश्किल है कि इस रैली ने कांग्रेस को कोई नई दिशा दिखाई है। इस रैली में कांग्रेस का कोई नया नेता उभरकर सामने नहीं आया। कांग्रेस के कई मुख्यमंत्री और प्रादेशिक नेता भी मंच पर दिखाई दिए लेकिन उनकी हैसियत वही रही, जो पिछले 50 साल से थी। सारे अनुभवी, योग्य और उम्रदराज नेता ऐसे लग रहे थे, जैसे किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर या बाबू हों। पिछले दिनों कांग्रेस के पुनर्जन्म की जो हवा बह रही थी, वह उस मंच से नदारद रही। राहुल गांधी इस पार्टी के अध्यक्ष रहें या न रहें, बनें या न बनें, असली मालिक तो वही हैं, यह इस रैली ने सिद्ध कर दिया। रामलीला मैदान में हुई राहुललीला क्या यह स्पष्ट संकेत नहीं दे रही है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' का नेतृत्व कौन करेगा? आप जरा सोचिए कि जो पार्टी लोकसभा की 400 सीटें जीतती थी, वह सिकुड़कर के 50 के आसपास आ जाए, फिर भी उसमें नेतृत्व परिवर्तन न हो, वह पार्टी अंदर से कितनी जर्जर हो चुकी होगी। रामलीला मैदान में भाषण तो कई नेताओं के हुए लेकिन टीवी चैनलों और अखबारों में सिर्फ राहुल गांधी ही दिखाई पड़ रहे हैं। इसका अर्थ यह भी लगाया जा सकता है कि ऐसा जान-बूझकर करवाया जा रहा है ताकि कांग्रेस की मजाकिया छवि बनती चली जाए। ऐसा नहीं है कि राहुल का भाषण बिल्कुल बेदम था। उसमें कई ठोस और उचित आलोचनाएं भी थीं लेकिन देश के श्रोताओं के दिमाग में जो छवि राहुल की पहले से बनी हुई है, उसके कारण कारण उसका कोई खास असर होने की संभावना बहुत कम है। राहुल और सोनिया गांधी को पता है कि अकेली कांग्रेस मोदी के मुकाबले इस बार पासंग भर भी नहीं रहनेवाली है। बावजूद इसके राहुल ने देश की अन्य प्रांतीय पार्टियों को अपने कथन से चिढ़ा दिया है। राहुल ने कहा कि इन पार्टियों के पास कोई विचारधारा नहीं है। क्या राहुल की कांग्रेस अन्य विरोधी पार्टियों के बिना मोदी का मुकाबला कर सकती है? राहुल का यह कहना भी कोरी अतिरंजना है कि संसद में विरोधियों को बोलने नहीं दिया जाता और मीडिया का गला घोंटा जा रहा है। राहुल ने न्यायपालिका को भी नहीं बख्शा। कांग्रेस के पास श्रेष्ठ वक्ताओं का अभाव है। यह बात राहुल के अलावा सबको पता है। हर सरकार मीडिया को फिसलाने की कोशिश करती है लेकिन यदि भारतीय मीडिया गुलाम होता तो क्या राहुल को आज इतना प्रचार मिल सकता था? राहुल ने महंगाई और बेरोजगारी का रोना रोया, सो ठीक तो है लेकिन क्या यह तथ्य सबको पता नहीं है कि अपने पड़ोसी देशों में महंगाई दो सौ और तीन सौ प्रतिशत तक बढ़ गई है। वे आर्थिक भूकंप का सामना कर रहे हैं और अमेरिका और यूरोप भी बेहाल हैं। उनके मुकाबले भारत कहीं बेहतर स्थिति में है।

# ईश्वर की कृपा अकारण होती है?

'ईश्वर तो करुणानिधान हैं। वे अकारण कृपा करते हैं। उनकी कृपा का कोई हेतु नहीं होता। बस उनकी मर्जी होती है और वे कृपा कर देते हैं। और जिस पर कृपा करते हैं उसका उद्धार हो जाता है...' इस तरह की बातें धर्मिक प्रवृत्ति के आस्थावान बड़े-बूढ़ों के मुंह से अक्सर सुनने को मिलती थीं। उस वक्त भी मन में यह सवाल उठता था कि जब ईश्वर अकारण करुणा बरसाते हैं तो उनकी कृपा पाने के लिए कुछ किया तो जा नहीं सकता। हम कैसे खुद को उस कृपा के लायक बनाएं। कोई पात्रता रखी ही नहीं गई है। बस इंतजार करना होगा कि कभी उनका ध्यान मुझ पर आए और उनका मन हो जाए मुझ पर कृपा बरसाने का। इसके बाद एक तरह की बेबसी महसूस होती थी।लेकिन उम्र बढ़ने पर मन में यह बात आई कि ईश्वर ने खुद तो बताया नहीं कि मैं अकारण कृपा करता हूं। वह तो उनके भक्तों ने अंदाजा लगाया, या मान लिया और एक-दूसरे को बताया होगा। उन्होंने ऐसा क्यों किया होगा? अपने मन से ही जवाब आया कि इसलिए किया होगा क्योंकि उससे भगवान की महत्ता बढ़ती है। किसी कारण कृपा करने वाला तो उस कारण के अधीन हो जाता है। लेकिन कोई अकारण कृपा करे तो उसकी कृपा सभी कारणों से परे हो जाती है। उस पर किसी का कोई क्लेम नहीं बनता। जो हमारी पहुंच से, हमारे किसी भी तरह के प्रभाव से जितना परे हो, उसकी उतनी ही महत्ता स्थापित होती है मन में। यह किसी भी भक्त की स्वाभाविक इच्छा हो सकती है कि उसके भगवान की महत्ता सबसे ऊपर स्थापित हो।

उम्र थोड़ी और बढ़ी तो कुछ और परेशान करने वाले सवाल उठे। मैंने पाया कि जो भी कहीं किसी प्रभावशाली स्थिति में है या ताकतवर पद पर है, वह अपने कार्य को किसी औचित्य से जोड़ने के बजाय अपनी इच्छा और सदाशयता से जोड़ता है। 'फलां बाबू का बेटा... ऐसे बनराता जा रहा था। किसी काम का नहीं था। मैंने उसे अमुक जगह रखवा दिया तो उसकी जिंदगी बन गई।' क्यों रखवा दिया?

ऐसे ही मेरा मन हुआ। सोचा कि एक जिंदगी बन जाएगी। यानी वही, अकारण कृपा। कई लोगों के मुंह से ऐसा भी सुना कि फलाने को मैंने वहां रखवाया तो उसने यह मान लिया कि वह डिजर्व करता है। डिजर्व करता है माय फुट। वह वहां इसलिए हैं क्योंकि मैंने चाहा। मैं न चाहूं तो दो मिनट में वहां से हटा दिया जाएगा...।

तो यहां से आई है ईश्वर पर बड़प्पन लादने की यह प्रवृत्ति! जो एक तानाशाह मन स्थापित करना चाहता है अपनी जैसी छवि बनाना चाहता है वैसी ही छवि ईश्वर की बन गई। कैसे?

क्या ईश्वर ने ऐसा चाहा होगा? पता नहीं, पर ईश्वर के भक्तों का मन तो जरूर ऐसा चाहता होगा। तभी तो उसने ये गुण अपने ईश्वर में देखने चाहे और जाने अनजाने उन पर ये गुण (या दोष) आरोपित किए।

# जब चुटकी भर चावल लेकर खीर बनवाने निकले गणेशजी







गणेश जी रिद्धि-सिद्धी के दाता और विघ्न विनाशक देवता हैं। जो पूजा- अर्चन से प्रसन्न होकर भक्त की हर बाधा को दूर कर सुख-सौभाग्य और धन- धान्य के भंडार भर देते हैं। उनकी दयाशीलता व दानशीलता को लेकर काफी कथाएं भी प्रचलित है, जिनमें एक बुढ़िया से खीर खाने की लोककथा काफी प्रसिद्ध है।

**गणेश जी की बुढ़िया से खीर खाने की कथा**

एक बार भगवान गणेश बाल रूप में चुटकी भर चावल और चम्मच में दूध लेकर पृथ्वी लोक में निकले। वे सबको अपनी खीर बनाने को कहते जा रहे थे। पर सबने उनकी बात को अनदेखा किया। इसी दौरान एक गरीब बुढ़िया ने उनकी खीर बनाना स्वीकार कर एक भगोना चूल्हे पर चढ़ा दिया। इस पर गणेश जी ने घर का सबसे बड़ा बर्तन चूल्हे पर चढ़ाने को कहा। बुढ़िया ने बाल लीला समझते हुए घर का बड़ा भगोना उस पर चढ़ा दिया। कुछ देर में ही एक चमत्कार हुआ। गणेशजी के दिये चावल और दूध बढ़ गए और पूरा भगोना उससे भर गया। इसी बीच गणेश जी नहाने के बाद खीर खाने की बात कहते हुए वहां से चले गए। पीछे से बुढ़िया के पोते- पोती आए तो भूख लगने पर बुढ़िया ने उन्हें वह खीर खिला दी। खीर बनते देख रही पड़ोसन को भी बुढ़िया ने कटोरा भरकर खीर दे दी। बेटे की बहू ने भी चुपके से एक कटोरा खीर खाने के साथ एक कटोरा खीर छिपा दी।

**आजा रे गणेस्या खीर खा ले**

इसके बाद भूख लगी तो बुढ़िया ने भी खाने के लिए खीर हाथ में ले ली और बोली, "आजा रे गणेस्या खीर खा ले।" तभी गणेश जी वहां पहुंच गए और बोले कि मैंने तो खीर पहले ही खा ली। जब बुढ़िया ने पूछा कि कब खाई तो वे बोले कि जब तेरे पोते-पोती, पड़ोसन व बहू ने खाई तभी मेरा पेट भर गया।

इसके बाद जब बुढ़िया ने बाकी बची खीर के उपयोग के बारे में पूछा तो गणेश जी ने उसे नगर में बांटने को कहा। जब बुढ़िया ने खीर बांटी तो राजा को भी इसका पता लग गया। इस पर उसने बुढ़िया को अपने दरबार में बुला लिया। सारा माजरा जानकर उसने बुढ़िया का खीर का भगोना अपने पास मंगा लिया। पर राजा के महल में जैसे ही वह पहुंचा तो उसमें कीड़े- मकोड़े व जहरीले जानवर गिर गए।

यह देख राजा ने वह बर्तन वापस बुढ़िया को दे दिया जो उसके घर ले जाते ही वापस पहले जैसा हो गया। इसके बाद बुढ़िया ने फिर गणेशजी से बची हुई खीर के उपयोग के बारे में पूछा तो उन्होंने झोपड़ी के कोने में गाड़ देने को कहा।

ऐसा कर बुढ़िया रात को सो गई और गणेश जी उसकी झोपड़ी को लात मारते हुए अंतर्ध्यान हो गए। अगले दिन जब बुढ़िया उठी तो उसे अपनी झोपड़ी महल में बदली हुई और खीर के बर्तन सोने- जवाहरातों से भरे मिले। गणेश जी की कृपा जानकर बुढ़िया काफी प्रसन्न हो गई।

**कथा के बाद की कामना**

हे गणेश जी महाराज! आपने जैसा फल बुढ़िया को दिया, वैसा सबको देना। कथा कहने वाले व हुंकार भरने वाले और आसपास के सुनने वाले सब के भंडारे भरे रखना।

# घर में किस दिशा में होनी चाहिए रसोई?

वास्तु शास्त्र में दिशाओं और पंच तत्वों को आधार मानकर शुभ-अशुभ प्रभावों की गणना की जाती है। ऐसे में जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और बरकत बनाए रखने के लिए अपने घर, दफ्तर आदि में भी वास्तु के नियमों का पालन करने की सलाह दी जाती है। वहीं रसोई जो कि घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होती है उससे जुड़े नियम भी वास्तु में बताए गए हैं। तो आइए जानते है किचन के लिए कुछ आवश्यक वास्तु टिप्स के बारे में...

## घर में कभी भी दक्षिण-पश्चिम दिशा में रसोई नहीं बनवानी चाहिए



**घर में किस दिशा में होनी चाहिए किचन?**

वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर में रसोई दक्षिण-पूर्व दिशा यानि आग्नेय कोण में बनवाना सबसे शुभ माना जाता है क्योंकि इस दिशा के स्वामी शुक्र ग्रह हैं।

अपने किचन में सिंक और पानी का स्थान ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व दिशा की तरफ रखना शुभ होता है। वहीं खाना बनाते समय गृहणी का मुंह पूर्व दिशा की तरफ होना चाहिए। इससे उसके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। घर के किचन में खिड़कियां पूर्व और पश्चिम दिशा की तरफ बनवानी चाहिए।

इस दिशा में न बनवाएं रसोई

वास्तु के जानकारों के अनुसार घर में कभी भी दक्षिण-पश्चिम दिशा में रसोई नहीं बनवानी चाहिए क्योंकि इससे घर में बेफिजूल के खर्चे बढ़ सकते हैं। साथ ही रसोई बनवाते समय ध्यान रखें कि रसोई का और आपके घर का मुख्य द्वार आमने-सामने नहीं होना चाहिए।

इसके अलावा उत्तर दिशा को धन के देवता कुबेर का स्थान माना गया है इसलिए इस दिशा में भी किचन होना अशुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार उत्तर दिशा में रसोई होने से धन और जमीन-जायदाद की हानि होने की संभावना बढ़ जाती है।


# आचार्य भिक्षु जब तक जिये ज्योति बनकर जिये



निर्मल बैद

**आचार्य भिक्षु को मेरा शत-शत श्रद्धानत वंदन है।**
**और धन्य पुण्य उस मरु-भूमि का भी अभिनंदन है।।**

तेरापंथ के प्रवर्तक आचार्य भिक्षु श्रमण परंपरा के महान संवाहक थे। प्रारंभ से ही वे असाधारण प्रतिभा के धनी थे। वे युग संस्थापक क्रांतदृष्टा, आत्म संगीत के उद्‌गाता एवं सत्य के महान अनुसंधाता थे। उनके जीवन का सर्वस्व ही सत्य था। जहां भी जब भी उन्हें सत्य की जिस रूप में अनुभूति हुई, दुनिया के सामने उन्होंने मींकता पूर्वक उस सत्य की अभिव्यक्ति दी। उनके सार्वभौमिक अहिसात्मक घोष से धार्मिक जगत् में एक नई क्रांति का जन्म हुआ।




हम सचमुच सौभाग्यशाली हैं, जिनको महामना आचार्य भिक्षु जैसे अध्यात्म वेता, नीति-निपुण अनुशास्ता मिले और सत्य के बंद दरवाजो को खोलने वाला जैन तेरापंथ धर्म संघ मिला। आचार्य भिक्षु एक विलक्षण नक्षत्रशाली पुरुष थे। अखंड अनन्त पुण्यों के पुंज थे। कुशल संगठन और मर्यादा पुरुषोत्तम । उन्होंने अपनी दूर-दृष्टि से जिन ठोस मर्यादाओं की नींव पर तेरापंथ धर्म प्रसाद की आधार-शिला रखी। उसी का पुण्य प्रसाद आज लाखो लोगो को मिल रहा है।

उन्हीं के प्रताप से तेरापंथ धर्म संघ शुद्ध आचार-विचार की साधना में अग्रसर होता हुआ सम्पूर्ण देश में आध्यात्मिक साधना और नैतिक मूल्यों की पुनर्जागरण की अलख जगा रहा है।

आचार्य भिक्षु एक सहज कवि और महान साहित्यकार थे। उन्होंने राजस्थानी भाषा में लगभग अडतीस हजार पद्यों की रचना कर जैन साहित्य को समृद्ध किया। आचार्य भिक्षु के साहित्य को पढ़कर आधुनिक विद्वान उन्हें हेगल और काष्ट की तुला से तोलते हैं।

आचार्य भिक्षु जब तक जिये ज्योति बनकर जिये। उनके जीवन का हर पृष्ट पुरुषार्थ की गौरवमयी गाथाओ से भरा पडा है। सिरियारी में पादु तेरस को समाधि भरण को प्राप्त किया उस समय उनकी उम्र 77 वर्ष की थी। अंतिम समय में आचार्य भिक्षु स्वामी की संथारा का पचरवाण भी किया। इस दौरान ज्ञान का प्रकाश भी हुआ। संतो से कहा जाओ सामने चारित्रात्माएं पधार रही है। सचमुच चारित्रात्म पधारी। वैकुंठी बन रही थी पूरी बनने के साथ ही संधा संपन्न हुआ। समाधिकरण को प्राप्त हुए। आचार्य भिक्षु मेरा शतशत श्रद्धानत वंदन है।

# क्या है भगवान गणेश का स्वास्तिक रूप? वास्तु दोषों को करता है दूर



हिंदू धर्म में स्वास्तिक चिन्ह का विशेष महत्व होता है। स्वास्तिक, 'सु' और 'अस्ति' से मिलकर बना है। 'सु' का अर्थ 'शुभ' और 'अस्ति' का अर्थ होना यानि शुभ होना, इसलिए स्वास्तिक चिह्न शुभ होना दर्शाता है। हिंदू धर्म में हर शुभ कार्य की शुरुआत भगवान गणेश जी की पूजा और स्वास्तिक चिह्न के साथ की जाती है। पंडित इंद्रमणि घनस्याल बताते हैं कि स्वास्तिक का भगवान गणेश जी से भी संबंध है। स्वास्तिक चिह्न से सभी तरह के वास्तु दोष भी दूर होते हैं।



**गणेश जी का स्वास्तिक रूप**

हिंदू धर्म के अनुसार, स्वास्तिक प्रथम पूजनीय देवता भगवान गणेश जी का साकार रूप है। स्वास्तिक में बायां हिस्सा गणेश जी का स्थान माना जाता है क्योंकि यहां 'गं' बीजमंत्र होता है। स्वास्तिक चिह्न में चार बिंदियों में गौरी, पृथ्वी, कूर्म और देवताओं का वास होता है, इसलिए कहा जाता है कि जिस स्थान पर स्वास्तिक बनाया जाता है, वहां गणेश जी निवास करते हैं और कार्य की शुरुआत शुभ होती है।

**वास्तु दोष भी होते हैं दूर**

स्वास्तिक देवताओं का प्रतीक होने से वास्तु दोष दूर करने में भी लाभदायक होता है। अगर तमाम कोशिशों के बाद भी सफलता हाथ नहीं लग रही है तो 7 गुरुवार को ईशान कोण में सूखी हल्दी से स्वास्तिक चिह्न बना कर पूजा करनी चाहिए। इसी तरह अपने कार्यस्थल पर उत्तर दिशा में हल्दी का स्वास्तिक चिह्न बनाना शुभ होता है।

**घर में बनी रहेगी सुख-समृद्धि**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक चिह्न बनाने से घर में सुख और समृद्धि का वास होता है। इससे घर में गणेश जी की कृपा बनी रहती है, जिससे सकारात्मक माहौल बना रहता है। इसी तरह वास्तु दोष होने के कारण नींद आने में भी परेशानी होती है। ऐसे में सोने से पहले तर्जनी अंगुली से स्वास्तिक चिह्न बनाने से अच्छी नींद आती है।

# दरिद्रता को दूर करता है कबूतर का पंख, घर आने के साथ लाता है कोई शुभ संकेत!

**शास्त्रों के अनुसार, लिविंग रूम में दक्षिण कोने में, रसोई के उत्तरी कोने में, बेडरूम के पूर्वी कोने में कबूतर का पंख रखने से अपार धन अर्जित होता है।**



हमारे आस-पास ऐसी बहुत सी चीजें होती हैं, जो हमारे जीवन पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव डालती है। वास्तु शास्त्र में इन सभी चीजों को लेकर विस्तार से बताया गया है। कुछ वस्तुएं ऐसी होती हैं, जो घर पर सुख-समृद्धि लेकर आती हैं, जैसे कबूतर का पंख। शास्त्रों के अनुसार, कबूतर का घर आना-जाना शुभ होता है। पंडित इंद्रमणि घनस्याल बताते हैं कि कबूतर के पंख घर पर रखने से कर्ज मुक्ति, धन की कमी जैसी परेशानियों से छुटकारा पाया जा सकता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने के साथ परिवार में खुशियों का माहौल बना रहता है। आइए जानते हैं कबूतर के पंख से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें।

**कबूतर के पंख के उपाय**


वास्तु शास्त्र के अनुसार, कबूतर का पंख घर की दरिद्रता को दूर करता है, क्योंकि कबूतरों को देवताओं का संदेशवाहक कहा जाता है। घर पर कबूतर के पंख रखना शुभ माना जाता है। कर्ज से मुक्ति पाने के लिए घर के अलग-अलग कोने में कबूतर के पंख रखने की सलाह दी जाती है। शास्त्रों के अनुसार, लिविंग रूम में दक्षिण कोने में, रसोई के उत्तरी कोने में, बेडरूम के पूर्वी कोने में कबूतर का पंख रखने से अपार धन अर्जित होता है। हालांकि, पंख को ऐसी जगह रखनी चाहिए, जहां किसी की नजर ना पड़े।

**कबूतर देता है ये संकेत**

शास्त्रों के अनुसार, घर पर कबूतर का अंडा देने का मतलब है कि जल्द ही कोई खुशखबरी मिल सकती है। कबूतर का पंख सफेद या लाल रंग के कपड़े में लपेटकर ध्यान करने से मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है। ऐसा करने से घर में कभी भी दरिद्रता नहीं आती है। व्यापार में लाभ के लिए पंख को पीली कौड़ी के साथ पीले कपड़े में बांध कर हल्दी लगाने के बाद उसे तिजोरी में रख दें। इससे व्यापार में लाभ होगा और धन की कमी दूर होगी।

# राकेश रौशन ने बताई बॉलीवुड फिल्मों के फ्लॉप होने की वजह

## बोले- लोग अब वही फिल्में बना रहे हैं, जो उन्हें और उनके दोस्तों को पसंद आती हैं



राकेश रोशन ने हाल ही में बॉलीवुड हंगामा को दिए एक इंटरव्यू के दौरान बॉलीवुड में फिल्मों के फ्लॉप होने के बारे में बात की। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि आखिर किस वजह से हिंदी फिल्में लगातार फ्लॉप हो रही हैं। राकेश ने कहा कि इन दिनों जिन टॉपिक्स पर फिल्में बन रही हैं, उससे ऑडियंस खुद को कनेक्ट नहीं कर पा रही है।

राकेश रोशन ने कहा, 'आज कल हिंदी फिल्में इसलिए फ्लॉप हो रही हैं, क्योंकि लोग अब सिर्फ वही फिल्में बना रहे हैं, जो उन्हें और उनके दोस्तों को पसंद आती हैं। वो फिल्में बनाने के लिए सिर्फ वही सब्जेक्ट चुन रहे हैं, जो ऑडियंस के एक छोटे से ग्रुप को ही अपील कर पाता है। ऑडियंस का एक बड़ा हिस्सा उनसे रिलेट नहीं कर पाता।'

राकेश ने आगे कहा, 'एक और बड़ी समस्या ये है कि आज कल कि फिल्मों से सॉन्ग्स गायब हो रहे हैं। पहले फिल्मों में कम से कम 6 सॉन्ग्स तो होते ही थे। वो सॉन्ग्स एक्टर्स को सुपरस्टार बनाते थे। फिलहाल इस समय सुपरस्टार बनना बहुत डिफिकल्ट हो गया है। आज कल अगर फिल्मों में सॉन्ग होते भी हैं, तो वो कभी-कभी सिर्फ बैकग्राउंड में ही चलते हैं, या फिर उनका सिर्फ मुखड़ा ही प्ले किया जाता है।'

राकेश कहते हैं, 'पुष्पा' और 'आरआरआर' जैसी फिल्में अपने गानों की वजह से भी खूब हिट रहीं। उनके हर गाने ने ऑडियंस में फिल्म को देखने का क्रेज पैदा कर दिया था। इसलिए बॉलीवुड को उन फिल्मों की सफलता से सीखने की जरूरत है।'

राकेश आगे कहते हैं, 'साउथ में लोग अभी भी उन कहानियों को देखना चाहते हैं, जिनसे उन्हें जुड़ाव महसूस होता है। वहां के फिल्ममेकर्स उन स्टोरीज को बहुत बढ़िया तरीके से प्रजेंट करते हैं, लेकिन हमारे बॉलीवुड फिल्ममेकर्स को पता नहीं क्या हो गया है। वो हमारे कल्चर से जुड़ी चीजों से दूर जाते जा रहे हैं। वो 'मॉडर्न सिनेमा' बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसी फिल्में सिर्फ 1% लोगों को ही पसंद आती हैं।

अगर फिल्ममेकर को पता है कि उसकी कहानी में कितना दम है और वो कितना बिजनेस करेगी तो उन्हें उसी हिसाब से एक्टर्स की कास्टिंग करनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि अगर किसी फिल्म का ट्रेलर या टीजर काम नहीं करता है, तो ऐसे में फिल्मों का प्रमोशन बहुत जरूरी है।

# राजू श्रीवास्तव के बॉडी ऑर्गन नैचुरली काम कर रहे; 2 बार वेंटिलेटर हट चुका



कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की हालत बीते 4 दिनों से स्थिर है। इससे डॉक्टर भी काफी राहत महसूस कर रहे हैं। अब उनके वेंटीलेटर हटाने को लेकर विचार किया जा रहा है। हार्ट, ब्लड प्रेशर, पल्स और मोशन व यूरिन पास भी उन्हें नैचुरली हो रहा है। आज उन्हें एम्स में भर्ती हुए 29वां दिन है, लेकिन उन्हें अब तक एक बार भी होश नहीं आ सका है।

उनके भाई ने राजू की सेहत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनके हाथों और पैरों में लगातार मूवमेंट है। लेकिन उनका होश में न आना हमारे लिए चिंता का विषय बना है। डॉक्टर अब वेंटीलेटर हटाने पर फैसला ले सकते हैं। बता दें कि 2 बार वेंटीलेटर कुछ समय के लिए हटाया जा चुका है।

भाई के मुताबिक उनको वेंटीलेटर हटाने का फैसला डॉक्टर्स कर चुके थे। लेकिन दोबारा बुखार आने की वजह से डॉक्टर्स अब कोई रिस्क नहीं लेना चा रहे हैं। बुखार न आता तो अब तक वेंटीलेटर हटा दिया जाता। अब राजू को मोशन और यूरिन भी नैचुरली हो रहे हैं। नली के माध्यम से रोजाना दूध और जूस पिलाया जा रहा है।

उनके भाई ने बताया कि राजू की बेटी अंतरा उन्हें देखने के लिए ICU गईं थीं। बेटी ने पापा से कहा कि पापा आंखें खोलो, कब तक यहां लेटे रहोगे। ये सुनने के बाद उनकी आंखों में हरकत हुई थी। लेकिन डॉक्टर्स ने इसे मानने से इंकार कर दिया। बेटी ने अपने परिजनों को ये बात बताई थी। राजू को बुखार में पूरी तरह से आराम मिल गया है। वहीं दिल्ली एम्स में राजू की देखरेख के लिए यूपी सरकार ने रेजिडेंट कमिश्नर को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने एम्स पहुंचकर परिवार से राजू की सेहत के बारे में पूरी जानकारी ले रहे हैं।

# पोर्नोग्राफी में फंसे शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की 'बिग बॉस' के घर में होने वाली है एंट्री!



सलमान खान एक बार फिर 'बिग बॉस' का नया सीजन लेकर आ रहे हैं. ऐसे में कंटेस्टेंट्स को लेकर कई नाम सामने आ रहे हैं, मगर सबसे ज्यादा जिसकी चर्चा है, वो शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा हैं. इन दिनों वह अजीबो-गरीब फेस मास्क पहनने को लेकर लगातार सुर्खियों में छाए हुए हैं और कंट्रोवर्सी से उनका हाल ही में तगड़ा नता रहा है. पोर्नोग्राफी बनाने के आरोप में जेल भी उन्हें जाना पड़ गया था. बिग बॉस के घर में विवादित लोगों को हमेशा से जगह मिलती रही है. रिपोर्ट्स की मानें तो उन्हें 'बिग बॉस 16' के लिए एप्रोच किया गया है.

### शो के मेकर्स के साथ चल रही है बातचीत

सूत्र के हवाले से बताया जा रहा है कि राज और शो के मेकर्स के बीच बातचीत चल रही है और वह 'बिग बॉस 16' में हिस्सा लेने के बारे में सोच रहे हैं. उन्हें लगता है कि देश को सच के बारे में बताने की जरूरत है. यहां इशारा राज पर लगे आरोपों की तरफ है, जिसके बारे में वह अपना पक्ष लोगों के सामने रखना चाहते हैं और इस शो से बेहतर प्लेटफॉर्म उन्हें कहां मिलेगा.

### पोर्नोग्राफी बनाने के आरोप में जा चुके हैं जेल

राज को पिछले साल जुलाई में पोर्नोग्राफी वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और सितंबर में उन्हें जमानत पर रिहा किया गया था. इसके बाद से ही वह पब्लिक प्लेस पर मीडिया से बचने के लिए फेस मास्क इस्तेमाल करने लगे हैं. इसको लेकर सोशल मीडिया पर वह अक्सर ट्रोल होते भी नजर आते हैं. लोग कहते दिखते हैं कि ऐसा काम ही क्यों किया, जो मुंह छिपाना पड़ रहा है.

### कोर्ट से की है केस से बरी किए जाने की मांग

राज ने हाल ही में एक मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका दायर कर केस से बरी किए जाने की मांग की है. उन्हें अभी तक दोषी नहीं ठहराया गया है. याचिका में उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए दावा किया है कि उनका पोर्नोग्राफी से कोई लेना-देना नहीं है. वहीं एक इंटरव्यू में राज ने कहा कि वह कभी भी पोर्नोग्राफी के प्रोडक्शन या डिस्ट्रीब्यूशन में शामिल नहीं रहे हैं. राज को लगता है कि उन्हें इस मामले में फंसाया जा रहा है. वह हर तरह के ट्रायल के लिए तैयार हैं. कानून व्यवस्था पर उन्हें पूरा यकीन है.

# निया शर्मा ने बताया अपने ट्रांसफॉर्मेशन का राज

## बोलीं- मैं खूबसूरत पैदा नहीं हुई थी बल्कि...



**निया शर्मा आज** छोटे पर्दे की सबसे फैशनेबल और हॉट एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अक्सर अपने अनोखे लुक के लिए सुर्खियों में रहती हैं. निया शर्मा जो भी लुक अपनाती हैं, वो ट्रेंड बन जाता है. एक्ट्रेस ने 'एक हजारों में मेरी बहना है' से टीवी में एंट्री की थी. उस वक्त उनका लुक आज के लुक से एकदम अलग है. निया शर्मा ने यहां तक पहुंचने के लिए खूब मेहनत की है. हाल ही में, निया शर्मा ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन का राज बताया है.

### मेकअप सही ना होने पर रोती थीं निया शर्मा

'झलक दिखला जा 10' में अपने डांस से जलवा बिखेरे वाली निया शर्मा ने ईटाइम्स के साथ बातचीत कर अपनी ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी शेयर की है. एक्ट्रेस ने कहा, "मैं एक ऐसी लड़की थी, जिसे मेकअप करना नहीं आता था. जब मैंने इंडस्ट्री में एंट्री की तो लोग मेकअप के नाम पर मेरे चेहरे पर कुछ भी करते थे. मैं कुछ नहीं कर पाती थी. इस तरह खुद को देखकर मैं रोया करती थी." निया ने ये भी खुलासा किया कि, उन्होंने खुद से मेकअप करना शुरू किया.

निया ने कहा, "मैंने पर्सनली मेकअप सीखने के लिए यूट्यूब पर मेकअप ट्यूटोरियल वीडियोज देखे हैं. मैंने इवेंट्स के लिए अपना खुद से मेकअप करना शुरू कर दिया. उसके बाद मुझे मेकअप स्टाफ मिलना शुरू हुआ. आज मुझे लोग मैसेज भेज रहे हैं कि, वे मेरा मेकअप करना पसंद करेंगे और मेरे लिए लुक बनाना पसंद करेंगे.

इसकी वजह से मेरा दिल खुशी से भर जाता है." निया ने ये भी खुलासा किया कि, वह सुंदर पैदा नहीं हुई थीं, बल्कि उन्होंने खुद को ऐसा बनाया है. एक्ट्रेस ने कहा, "वहां से यहां तक की मेरी यात्रा बहुत कठिन और अलग रही है. अच्छा दिखना महत्वपूर्ण है. मैंने खुद पर कड़ी मेहनत की है. मैंने खुद को संवारने के लिए हर दिन काम किया है. मैं सुंदर पैदा नहीं हुई थी, बल्कि मैंने खुद पर काम किया है."

# ब्रह्मास्त्र को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत : पाइरेसी से बचाने के लिए 18 वेबसाइट्स को ब्लॉक करने के दिए निर्देश




इस साल की मच अवेटेड फिल्म ब्रह्मास्त्र 9 सितंबर को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। ऐसे में फिल्म के पाइरेसी पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है। जिसके तहत ब्रह्मास्त्र की अनधिकृत स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी गई है। कोर्ट ने पाइरेसी से होने वाले नुकसान को देखते हुए 18 वेबसाइट्स को ब्लॉक करने का नोटिफिकेशन जारी करने का निर्देश दिया है।

लाइव लॉ की रिपोर्ट की मानें तो दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस ज्योति सिंह ने ब्रह्मास्त्र फिल्म के सह-निर्माता स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि- रिलीज के समय फिल्म की ऑनलाइन उपलब्धता या पाइरेसी के चलते मेकर्स को गंभीर आर्थिक नुकसान होता है, जिससे फिल्म पर बुरा असर पड़ता है और उसकी वैल्यू भी घटती है।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा -सिर्फ यह कहने से कोई भी फायदा नहीं होगा कि पाइरेसी पर लगाम लगाया जाए। हमें इसके लिए सख्ती से रुख अपनाना होगा। नकली वेबसाइट्स द्वारा कॉपीराइट सामग्री की स्क्रीनिंग या ऑनलाइन उपलब्धता के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए।

ब्रह्मास्त्र इस साल की सबसे बिग बजट फिल्म है। जिसे हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फैंस इस फिल्म का इंतजार बड़ी ही बेसब्री से कर रहे हैं, यही वजह है कि फिल्म की एडवांस बुकिंग तेजी से हो रही है। ब्रह्मास्त्र के पार्ट 1 शिवा में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय अहम भूमिका में नजर आएंगे।

# 'खतरों के खिलाड़ी 12' की इस कंटेस्टेंट ने बिकिनी पहन पूल में लगाई छलांग, वायरल वीडियो पर लोग कर रहे ऐसे कमेंट्स

टीवी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने वाली चेतना पांडे पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं. वह अक्सर सोशल मीडिया पर बोल्डनेस का तड़का लगाती रहती हैं. चेतना पांडे की तस्वीरें और वीडियोज जब भी पोस्ट होते हैं, वायरल हो जाते हैं. इन दिनों सोशल मीडिया पर उनका लेटेस्ट वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पूल में मस्ती करती हुई नजर आ रही हैं. वीडियो पर उनके फैंस तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं.

चेतना पांडे का पूल वीडियो

दरअसल, चेतना पांडे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक वीडियो शेयर किया है. व्हाइट कलर की बिकिनी में चेतना पांडे गॉर्जियस लग रही हैं. वीडियो में वह पूल में मस्ती करते हुए नजर आ रही हैं. इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है, "भले ही चीजें कुछ ज्यादा ही भारी क्यों न हो जाएं, क्या आप डूबेंगे? क्या आप तैरेंगे?" बता दें कि, वह इन दिनों तुर्की में वेकेशन मना रही हैं.

फैंस का रिएक्शन

चेतना पांडे के इस वीडियो को देखते ही 'खतरों के खिलाड़ी 12' फेम निशांत भट्ट खुद को कमेंट करने से नहीं रोक पाए. उन्होंने लिखा, "अंडरवाटर स्टंट करिए." निशा रावल ने कमेंट में लिखा, "आप हमेशा उड़ती रहोगी डार्लिंग." स्टार्स के अलावा फैंस भी उनके इस वीडियो को देखकर दीवाने हो गए हैं. कुछ उन्हें जलपरी बुला रहे हैं तो वहीं ब्यूटीफुल और गॉर्जियस कह रहे हैं. कुल मिलाकर फैंस को उनका ये वीडियो खूब पसंद आ रहा है.

वाटर स्टंट की वजह से 'खतरों के खिलाड़ी 12' से हुई थीं बाहर




चेतना पांडे 'खतरों के खिलाड़ी 12' का हिस्सा रही हैं. कुछ समय पहले ही उन्हें शो से एविक्ट किया गया था. दिलचस्प बात ये थी कि, उन्हें वाटर स्टंट की वजह से ही एविक्ट किया गया था और अब वह अपने पानी के फियर से खुद को निकालने की कोशिश कर रही हैं. चेतना पांडे 'दिलवाले' फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं.

# अनन्या पांडे की बहन ने समंदर किनारे दिखाई ग्लैमरस अदाएं, तस्वीरें देख उड़ जाएंगे आपके होश




अपने तस्वीरों के जरिए हमेशा सोशल मीडिया पर छाई रहने वाली अलाना पांडे की फिर कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें उनकी ग्लैमरस अदाएं साफ दिख रही हैं. बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे की भतीजी और अनन्या पांडे की कजिन अलाना पांडे अपने ग्लैमरस अदाओं को लेकर अक्सर ही चर्चाओं में बनी रहती हैं. अलाना पांडे भले ही फिल्मी दुनिया का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन सोशल मीडिया के ज़रिए लाइमलाइट बटोरने का वो कोई भी मौका नहीं छोड़ती हैं. वो इंस्टाग्राम पर अक्सर ही अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जिनसे वो खूब सुर्खियां बटोरती हैं. एक बार फिर उनकी कुछ ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं. अलाना ने हाल ही में बिकनी लुक में कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका अंदाज़ होश उड़ाने वाला है. इन फोटोज में देखा जा सकता है कि अलाना समंदर किनारे काफी हॉट लुक फ्लॉन्ट कर रही हैं. बहरहाल, अक्सर ही उनकी इस तरह की तस्वीरें सामने आती रहती हैं. साथ ही वो अपने मंगेतर के साथ भी तस्वीरें साझा करती रहती हैं. अलाना के मंगेतर का नाम आइवर मैक्रे है, जो एक फिल्म डायरेक्टर हैं. दोनों ने नवंबर 2021 में सगाई की थी. वहीं अगर बात अलाना पांडे के प्रोफेशनल लाइफ की करें तो वो एक सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर और फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

# ट्रैफिक पुलिस के अवतार में दिखीं सामंथा, रणवीर सिंह की लगाई क्लास, वीडियो वायरल



**साउथ की पॉपुलर** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु करण जौहर के फेमस चैट शो 'कॉफी विद करण 7' में दिखाई दी थीं, जहां उन्होंने 'रणवीर सिंह' के एनर्जी लेवल की काफी तारीफ की थी. वह रणवीर की एनर्जी से काफी प्रभावित थी. अब सामंथा और रणवीर ने पहली बार स्क्रीन शेयर की है. दोनों ने एक साथ एड फिल्म शूट की. इसमें सामंथा एक सख्त ट्रैफिक पुलिस के किरदार में दिखी थीं जबकि रणवीर ट्रैफिक निमयों को तोड़ने वाले बाइक राइडर की भूमिका में थे. दोनों की ये एड फिल्म अब रिलीज हो चुकी है.

### रणवीर सिंह से काफी प्रभावित हैं समांथा

बता दें कॉफी विद करण में जब सामंथा से पूछा गया कि अगर वह 'बैचरेट' पार्टी रख रही हैं तो बॉलीवुड के दो कौन से एक्टर होंगे जिन्हें वह डांस करने के लिए हायर करेंगी. इस पर सामंथा ने कहा, रणवीर सिंह और रणवीर सिंह. इसके बाद जब करण ने दोबारा सामंथा से पूछा कि अक्षय कुमार के साथ उनका लव ट्राइएंगल कौन होगा? इस पर भी सामंथा ने रणवीर का ही नाम लिया.

### रणवीर का भी आया रिएक्शन

सामंथा से इतनी तारीफ सुनकर रणवीर सिंह का भी रिएक्शन सामने आया. रणवीर ने बॉलीवुड हंगामा से बातचीत के दौरान बताया कि उम्मीद है कि मैं भविष्य में उनके साथ एक पूरी फिल्म करूंगा क्योंकि वह बहुत अद्भुत, प्यारी और प्रतिभाशाली इंसान हैं. रणवीर ने आगे कहा कि ऐड फिल्म में सामंथा के साथ काम करना अच्छा अनुभव रहा. हमने बस एक ऐड फिल्म की है. ऐड फिल्म के दौरान हम पहली बार मिले थे. जहां सामंथा ने मुझसे कहा कि कल मैं कॉफी विद करण शूट कर रही हूं.

### इंटरनेशनल डेब्यू करने जा रही है सामंथा

बात करें सामंथा के वर्क फ्रंट की तो वह 'यशोदा' में नजर आएंगी. हाल में फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है. इसके अलावा वह विजय देवरकोंडा के साथ 'ख़ुशी' और 'शाकुंतलम' में नजर आएंगी. 'अरेंजमेंट ऑफ लव' के साथ सामंथा जल्द ही अपना इंटरनेशनल डेब्यू करने जा रही हैं.

# 'दूल्हे राजा' बनेंगे शाहरुख खान?

## गोविंदा की आइकॉनिक फिल्म के खरीदे राइट्स, रीमेक बनाने की तैयारी!





**बॉलीवुड के बादशाह** शाहरुख खान फैंस की धड़कनों से बसते हैं. शाहरुख लंबे समय से सिल्वर स्क्रीन से गायब हैं. लेकिन अब वो कई फिल्मों के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं. शाहरुख खान फिल्मों में एक्टिंग के साथ प्रोडक्शन कंपनी भी चलाते हैं. अब उनकी कंपनी एक ऐसी आइकॉनिक फिल्म बनाने की तैयारी में है, जिसका नाम सुनकर आप खुशी से झूम उठेंगे. जी हां, आपने बिल्कुल सही सुना. शाहरुख खान भी अब रीमेक ट्रेंड का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं. पिंकविला की रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान की प्रोडक्शन कंपनी ने 1998 की आइकॉनिक कॉमेडी फिल्म 'दूल्हे राजा' के राइट्स खरीद लिए हैं. शाहरुख खान 90s की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दूल्हे राजा' की रीमेक बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं. इसके लिए शाहरुख खान ने गोविंदा और रवीना टंडन स्टारर फिल्म के राइट्स खरीद लिए हैं. रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि दूल्हे राजा की रीमेक को फरहाद समजी बनाएंगे. उन्होंने दूल्हे राजा की रीमेक की सक्रिप्ट पर काम करना भी शुरू कर दिया है. हालांकि, फिल्म दूल्हे राजा में कौन-कौन से स्टार्स काम करेंगे. इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है. आइकॉनिक फिल्म दूल्हे राजा की बात करें तो इसमें गोविंदा और रवीना टंडन के अलावा कादर खान, प्रेम चोपड़ा, जॉनी लीवर समेत कई स्टार्स शामिल थे. फिल्म और उसके गानों को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था.

दूल्हे राजा आज भी फैंस की फेवरेट मूवीज में से एक है. शाहरुख खान की बात करें तो वो फिल्हाल अपनी अपकमिंग फिल्म जवान की शूटिंग में बिजी हैं. शाहरुख सलमान की टाइगर 3 में भी कैमियो करते दिखेंगे. इसके अलावा 2023 का आगाज शाहरुख खान की पठान के साथ होने वाला है. इस फिल्म में शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम लीड रोल में दिखाई देंगे. इसके अलावा शाहरुख के पास 'दूनकी' भी है.




# महिलाओं को क्यों भाते हैं दाढ़ी वाले पुरुष

## क्लीन शेव्ड की तुलना में दाढ़ीदार पुरुषों को भरोसेमंद मानती हैं महिलाएं



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने अपने अमेरिकी दौरे पर रवाना होने के दौरान विमान के भीतर बैठे हुए अपनी एक तस्वीर ट्वीट की थी। इस तस्वीर के बाद से सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की दाढ़ी चर्चा का विषय बन गई। एक बड़ा तबका पीएम मोदी की वेल ट्रिम्ड दाढ़ी की तारीफ करते नहीं थक रहा है, तो वहीं दूसरा तबका टैगोर लुक के जाने की चर्चा कर रहा है। इस बीच एक रिसर्च ट्रेंड कर रही हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि महिलाओं को क्लीन शेव्ड की तुलना में दाढ़ी वाले पुरुष अधिक पसंद आते हैं। आइए बताते हैं कि महिलाओं की इस पसंद के पीछे का राज क्या है...

**प्रिय पुरुषों, क्या आप जानते हैं**

आपकी दाढ़ी आपकी लव लाइफ बना सकती है, तो वहीं क्लीन शेव्ड लुक आपके प्यार भरे सपनों पर पानी फेर सकता है। देखने में आया है कि पुरुषों को क्लीन शेव रहना पसंद होता है। उन्हें लगता है कि लड़कियों और महिलाओं को क्लीन शेव पुरुष ही पसंद आते हैं, लेकिन अब समय के साथ तेजी से ट्रेंड बदल रहा है। क्वींसलैंड विश्वविद्यालय की एक रिसर्च के नतीजों के मुताबिक, महिलाओं और लड़कियों को क्लीन शेव पुरुषों की तुलना में दाढ़ी वाले पुरुष अधिक आकर्षक लगते हैं। यानी कि अब वक्त आ गया है कि आप शेविंग क्रीम की तुलना में दाढ़ी जेल पर अधिक खर्च करना शुरू कर दें।

**सर्वे में शामिल हुईं 8,500 महिलाएं**

क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने अपनी इस रिसर्च में 8,500 से अधिक महिलाओं को शामिल किया। इसमें महिलाओं से दाढ़ी वाले और क्लीन शेव्ड लुक वाले पुरुषों की रेटिंग कराई। साथ ही उनके साथ रिश्ते से संबंधित सवाल भी पूछे। इस दौरान, महिलाओं को एक ही चेहरा कई रूपों में दिखाया। पुरुषों के चेहरे को दाढ़ी, क्लीन शेव, मूंछें और पूरी दाढ़ी के साथ दिखाने के लिए कंप्यूटर ग्राफिक्स का इस्तेमाल किया गया।

**लंबा साथ देते हैं दाढ़ी वाले पुरुष**

रिसर्च परिणाम के मुताबिक, महिलाओं ने दाढ़ी वाले पुरुषों को शादी के लिए अधिक योग्य बताया, जबकि हल्की दाढ़ी वाले पुरुषों को महिलाओं ने पूरी दाढ़ी और क्लीन शेव रखने वाले पुरुषों की तुलना में ज्यादा आकर्षित माना। वहीं क्लीन शेव वाले पुरुषों को कैजुअल रिलेशनशिप के लिए उपयुक्त बताया।

**दाढ़ी और मूंछ वाले होते हैं आदर्श साथी**

एक डेटिंग साइट द्वारा कराए एक अध्ययन के मुताबिक, 60 प्रतिशत महिलाएं दाढ़ी वाले पुरुषों की ओर आकर्षित हुईं। वहीं करीब 50 फीसदी महिलाओं ने दाढ़ी और मूंछ वाले पुरुषों को आदर्श साथी के रूप में चुना।

**दाढ़ी वालों पर महिलाओं को भरोसा**

महिलाओं को लगता है कि दाढ़ी वाले पुरुष लंबा साथ देते हैं और अच्छे पार्टनर बनते हैं। रिसर्च के मुताबिक, जो पुरुष अपनी दाढ़ी को सही ढंग से ग्रूम करके रखते हैं, वे लॉन्ग टर्म रिलेशनशिप में यकीन रखते हैं। वहीं महिलाएं और लड़कियां भी अपने रिश्ते को लेकर उन लड़कों और पुरुषों पर ज्यादा भरोसा करती हैं, जिनकी अच्छी पर्सनैलिटी होने के साथ ही दाढ़ी भी होती है।

**सिर्फ दो फीसदी लोग कराते है क्लीन शेव**

गीतांजलि सैलून में हेयर आर्टिस्ट मोहित नागिया बताते हैं कि सैलून आने वाले ज्यादातर लोग अपनी दाढ़ी सेट कराने आते हैं। अपनी दाढ़ी को शेप देने को कहते हैं। हमारे सैलून पर दिन भर में 50 कस्टमर आते हैं, तो उनमें से सिर्फ दो फीसदी क्लीन शेव कराते हैं। बाकी सब पूछते हैं कि टिप्स बताइए ताकि दाढ़ी थोड़ी और थिक हो जाए।

**बनते हैं बेहतर पिता**

इवोल्यूशन एंड ह्यूमन बिहेवियर जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, महिलाओं का मानना है कि दाढ़ी वाले पुरुष बेहतर पिता भी बनते हैं।



# टीनएज बच्चों को किस उम्र में दें सेक्स एजुकेशन?

**बच्चों का** मन गीली मिट्टी जैसा होता है। उन्हें जिस तरह आकार दिया जाए वह उसी में ढल जाते हैं। पेरेंट्स बच्चों को बड़ों का सम्मान करना, झूठ न बोलना और जीवन से जुड़ी अन्य बातें सिखाते हैं लेकिन जब फिजिकल एजुकेशन की बात आती है तो वह हिचकिचाने लगते हैं। उनके मन में एक ही सवाल आता है आखिर बच्चों को इस बारे में कैसे बताएं? भले ही, यह एक सेंसेटिव टॉपिक है लेकिन अगर समय रहते बच्चों को इस बारे में न बताया जाए तो उन्हे आगे चलकर कई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इस विषय पर कैसे बात और किस उम्र में कितनी बात करें।

**गुड और बैड टच**

2 से 5 साल की उम्र में बच्चे अपने शरीर के अंगों के बारे में जानना सीखते हैं। ऐसे में उन्हें शरीर के अंगों के नाम के साथ-साथ उनके कामों के बारे में बताएं। इसके साथ ही बच्चों को गुड और बैड टच के बारे में भी जानकारी दें। उन्हें यह भी समझाएं कि प्राइवेट पार्ट्स को बाहर जाकर मत छुएं और अगर कोई दूसरा उन्हें छूने की कोशिश करे तो तुरंत घर पर बताएं।

**बिना हिचकिचाए दें जवाब**

जब बच्चे 5 से 8 साल की उम्र में होते हैं तो वह हर बात को बड़े आराम से समझते हैं। इस उम्र में वह कई सवाल भी पूछते हैं जिनका आप बिना हिचकिचाए जवाब दें। इस दौरान आप उन्हें बताएं कि कैसे उसका जन्म हुआ। बच्चों को बताएं कि उसके पापा के शरीर में एक सेल होता है जिसे स्पर्म कहते हैं। वहीं उसके मम्मी के शरीर में भी एक सेल होता है जिसे एग कहा जाता है और बच्चा जब पैदा होता है तो उसे यूट्रस से बाहर निकाला जाता है।





**फिजिकल रिलेशन के बारे में बताएं**

कुछ बच्चे ऐसे होते हैं जिनमें उम्र के साथ-साथ फिजिकल रिलेशन के बारे में जानने को लेकर उत्सुकता बढ़ने लगती है। ऐसे में जब आपको बच्चा 9 से 12 साल की उम्र का हो तो उसे इस बारे में जानकारी देनी शुरू करें। इसके साथ ही इस उम्र की लड़कियों को पेरेंट्स पीरियड्स के लिए तैयार करें और उन्हें इस बारे में बताएं।

**सेक्सुअली ट्रांसमीटेड डिसीज़**

12 से 19 साल की टीनएज में बच्चे फिजिकल एजुकेशन के साथ-साथ डेटिंग, गर्भनिरोधक, सेक्सुअली ट्रांसमीटेड डिसीज़ के बारे में बताएं। साथ ही उन्हें समझाएं कि किस उम्र में शारीरिक संबंध बनाने चाहिए। उन्हें यह भी बताएं कि फिजिकल रिलेशन के लिए हमेशा हां ही नहीं बल्कि न बोलना भी सीखें।

**सेक्स एजुकेशन क्यों जरूरी?**

* बच्चों को अपने शरीर के बारे में पूरी जानकारी मिल सके।
* लड़का हो या लड़की दोनों के साथ कंफर्टेबल होकर बात कर सके।
* यौन शोषण, बलात्कार को समझ सकें।
* सेक्सुअली ट्रांसमीटेड डिसीज़ को लेकर जागरुकता

# महिला और पुरुष में किसका दिमाग सबसे तेज ?

**एग्जाम में** लड़कियों ने मारी बाजी... ये अब अखबारों में घिसी पिटी लाइन हो गई है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि बात चाहे बोर्ड एग्जाम में टॉप करने की हो या फिर लाइफ से स्ट्रेस को छूमंतर करने की, महिलाएं पुरुषों से हर चीज में आगे रहती हैं। शायद यही वजह है कि देश के विभिन्न राज्यों में कई परिवार ऐसी दुल्हन की तलाश में रहते हैं, जिनके लाडले विदेश में तो सेटल होना चाहते हैं, लेकिन उनकी अंग्रेजी कमजोर है। ऐसे में वे ऐसी लड़कियों से उनकी कॉन्ट्रैक्ट मैरिज करवा देते हैं जो पढ़ाई में होशियार हो और आईलेट्स क्लियर कर उनके बेटे के सपने को पूरा कर सके।

**क्या सच में लेडीज अंग्रेजी में माहिर?**

कॉन्ट्रैक्ट मैरिज में सारा खेल पढ़ी-लिखी होने और बेहतर अंग्रेजी बोलने का ही है। ग्लोबल इंग्लिश प्रोफिसेंसी टेस्ट में देखा गया कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं बेहतर अंग्रेजी बोलती हैं। बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लिश फर्स्ट (EF) इंग्लिश प्रोफिशिएंसी इंडेक्स (EPI) में 88 देशों के 1.3 मिलियन ऐसे युवा शामिल हुए, जिनकी मातृ-भाषा अग्रेंजी नहीं थी। इसमें पाया गया कि पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की अंग्रेजी भाषा में अच्छी पकड़ है।

**पढ़ाई में भी कम नहीं लड़कियां**

ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी की रिसर्च के अनुसार स्कूल शुरू करते ही लड़कियों की तुलना में दोगुना लड़के पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं। इंग्लैंड में प्रारंभिक कक्षा के 80 हजार लड़के पूरा वाक्य तक नहीं बोल पाते, इसलिए वे भविष्य में भी बेहतर नहीं कर पाते। पंजाब यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सोशल वर्क विभाग के असिस्टेंट प्रो. गौरव गौड़ के सर्वे के अनुसार कोरोनाकाल में ऑनलाइन पढ़ाई में भी लड़कों से ज्यादा लड़कियों की भागीदारी देखने को मिल रही है। लड़कों के मुकाबले 55% लड़कियां ऑनलाइन पढ़ाई में रोजाना हिस्सा ले रही हैं।

**आखिर किसका दिमाग ज्यादा तेज?**

पुरुषों और महिलाओं में किसका दिमाग ज्यादा तेज होता है? इस सब्जेक्ट को लेकर कई वर्षों से लंबी बहस और रिसर्च जारी है। लाइज इलिएट की मानें तो पुरुषों के दिमाग का साइज महिला के दिमाग से 10 फीसदी बड़ा होता है। साल 1673 में फिलास्फर फ्रांकोइस पॉलेन डि ला बारेन ने तो ये तक कह दिया था कि मस्तिष्क का कोई जेंडर नहीं होता। न्यूरोसाइंस के डॉ. डीन बर्नेट की रिसर्च बताती हैं कि महिला या पुरुष के दिमाग के काम करने में जेंडर से कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं, कैलिफोर्निया के आमेन क्लिनिक्स के शोधकर्ताओं के अनुसार पुरुषों के बजाये महिलाओं का दिमाग ज्यादा सक्रिय होता है। लैंगिक आधार पर दिमाग के अंतर को समझने के लिए किए गए इस शोध में ये बात भी सामने आई कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं के मस्तिष्क के विभिन्न हिस्सों में रक्त प्रवाह काफी उच्च होता है इसलिए उनकी फोकस करने की क्षमता ज्यादा होती है।



**क्या पुरुष अंग्रेजी बोलने वाली लड़कियों से घबराते हैं?**

पुरुषों की सोच पर हुए एक सर्वे में ये बात सामने आई है कि उन्हें सीधी-साधी और घरेलू लड़कियां पसंद आती हैं। कुछ पुरुषों का कहना था कि अंग्रेजी बोलने वाली लड़कियां सेल्फ डिपेंडेंट तो होती हैं लेकिन वो अपने पति और परिवार वालों से ऊपर उठकर चलती हैं। खुद को किसी से कम नहीं समझती। वहीं, कुछ पुरुषों ने कहा कि अंग्रेजी बोलने वाली लड़कियां बात-बात पर अंग्रेजी में गाली का इस्तेमाल करती हैं, जो उनकी समझ में नहीं आती। इसमें ये बात भी पता चली कि सिर्फ वही पुरुष अंग्रेजी बोलने वाली लड़कियों को पसंद करते हैं जिन्हें खुद भी अंग्रेजी आती हैं।

**अंग्रेजी बोलने की क्षमता से सोशल मीडिया पर मचाई धूम**


हरियाणा के समालखा के कमालपुर गांव में रहने वाली 16 साल की जाह्नवी पंवार सिर्फ एक दो नहीं, बल्कि दुनिया की 9 भाषाएं बखूबी बोल लेती हैं और उनकी इंग्लिश स्पीकिंग के तो क्या कहने। वे अपनी अंग्रेजी बोलने की क्षमता से सोशल मीडिया पर खूब धूम मचा चुकी हैं। इतनी सारी भाषाएं बोलने की अनोखी काबिलियत की वजह से ही उन्हें वंडर गर्ल का नाम दिया गया है। जाह्नवी अंग्रेजी में पूरी भगवद्गीता भी पढ़ चुकी है, उन्हें सभी किस्से भी याद हैं।

**अंग्रेजी भाषा बनी बहस का मुद्दा**

विभिन्न भाषा और बोलियों वाले देश में विदेशी भाषा कही जाने वाली अंग्रेजी की उपयुक्तता को लेकर आए दिन बहस छिड़ जाती है। साल 2011 की जनगणना के अनुसार देश की 43% आबादी हिंदी को अपनी पहली भाषा मानती है और 30% से ज्यादा लोग हिंदी को दूसरी वरीयता देते हुए अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को प्रथम भाषा मानते हैं। अंग्रेजी को अपनी पहली भाषा मानने वाले लोग केवल 0.2% हैं। हाइ कोर्ट में वकील योगेंद्र सिंह बताते हैं कि कई दफा ये मांग भी उठ चुकी है कि उच्च अदालतों में हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में भी मुकदमे दायर करने और फैसले सुनाने का प्रविधान होना चाहिए। इस पर ये भी तर्क दिया जाता है कि लॉ की किताबें अंग्रेजी में हैं, और पढ़ाई भी अंग्रेजी में होती है। साथ ही अंग्रेजी के शब्द ही लॉ सब्जेक्ट की बेहतर ढंग से व्याख्या करते हैं।

# लड़कों की इन बातों को मन ही मन नोटिस करती हैं लड़कियां

**लड़के भले ही** लड़कियों से बात करना काफी आसान समझते हों लेकिन वे इस बात को नहीं जानते कि लड़कियां उनसे बात करते समय काफी सारी चीजें नोटिस करती हैं. इन चीजों से ही वे लड़कों के बारे में जान लेती हैं और कोई भी रिलेशन आपके उस इंप्रेसन पर ही डिपेंड करता है. कई बार लड़कों की कुछ आदतें लड़कियों को काफी पसंद आती हैं तो कई बार कुछ आदतें बिल्कुल भी पसंद नहीं आतीं. अब ऐसे में लड़कों को इस बात को अक्सर ये जानने की काफी उत्सुकता रहती है कि लड़कियों को लड़कों की कौन सी बात पसंद आती हैं? जिससे वे उन्हें इंप्रेस कर सकें. अगर आप भी किसी लड़की को इम्प्रेस करना चाहते हैं तो नीचे बताई हुई क्वालिटीज को पर्सनैलिटी में ऐड करें, फिर देखिए कैसे आप लड़कियों के दिलों पर राज करते हैं.



*** जो लड़के कॉन्फिडेंट होते हैं**

हर लड़की को कॉन्फिडेंट लड़के काफी पसंद आते हैं. अगर आपमें कॉन्फिडेंस है और किसी भी काम को करने को लेकर अपने आपको कॉन्फिडेंट महसूस करते हैं तो जाहिर सी बात है कि कोई भी व्यक्ति आपकी ओर अट्रैक्ट होगा.

*** हंसी-मजाक करने वाले भी आते हैं पसंद**

हंसी-मजाक के बिना कोई भी इंसान बोरिंग लग सकता है. लड़का हो या लड़की, उसे मजाकिया होना काफी जरूरी है. अगर कोई लड़का ऐसा हो जो हमेशा हंसता रहता है और अपने आसपास के लोगों को हंसाता रहता है वो लड़कियों को काफी पसंद आता है. अगर आपका हंसी-मजाक वाला नेचर है तो आप बधाई के पात्र हैं.

*** वेल ड्रेस्ड लड़के**

किसी रिलेशन में फैशन जरूरी फैक्टर नहीं है लेकिन अगर आपने डेटिंग शुरू की है या फिर करने वाले हैं तो लड़की आपमें ये चीज जरूर नोटिस करेगी. हालांकि कोई भी लड़की हर बार किसी की ड्रेसिंग सेंस को नोटिस नहीं करती लेकिन कई बार देखा गया है कि लड़कियां लड़कों के ड्रेसिंग सेंस से ये अंदाजा भी लगा सकती हैं कि सामने वाला अपने ऊपर कितना ध्यान देता है.

*** फिटनेस पर ध्यान देने वाले लड़के**

अधिकतर लड़कियों को अपने ऊपर ध्यान देने वाले लड़के पसंद होते हैं. वहीं अगर लड़का फिटनेस फ्रीक है तो सोने पर सुहागा हो सकता है. इसका कारण है कि लड़कियों को लगता है कि जब लड़का अपने ऊपर ध्यान देता है, एक्सरसाइज के लिए समय निकालता है तो जाहिर सी बात है वह उस पर भी ध्यान देगा.


***अच्छे करियर वाले लड़के**

हर लड़के को ऐसे लड़के अधिक आकर्षित करते हैं जो अपने करियर में सफल होते हैं. हालांकि लड़की को ना ही आपकी सैलरी और स्टेटस से बिल्कुल मतलब नहीं होता, बस आपके करियर से आपकी सीरियसनेस और मेच्योरिटी का पता लग जाता है.

*** बात सुनने वाले लड़के**

लड़कियां काफी संवेदनशील और भावुक होती हैं, वे सारा दिन उन चीजों के बारे में सोचते हुए बिताते हैं जो उनके फेवर में नहीं होतीं. लड़कियां चाहती हैं कि कोई लड़का उनके बारे में सुने. भले ही आपकी रुचि लड़की की बात में हो या ना हो, बस आप लड़की की बात सुनें. अगर आप ऐसा करते हैं तो आप उसके फेवरेट पर्सन बन सकते हैं. हमेशा याद रखें कि एक-दूसरे से बात करने और सुनने से आपका रिश्ता और मजबूत होगा.

# अपने अजन्मे शिशु के साथ रिश्ता बनाने के लिए टिप्स



**महिलाओं** के लिए गर्भावस्था का समय बेहद ही खूबसूरत अहसास देता है। वे गर्भ में पल रहे बच्चे की मूवमेंट को अच्छे से महसूस करती है। वहीं एक्सपर्ट्स के मुताबिक, प्रेगनेंसी के कुछ महीने बाद बच्चे के शरीर और दिमाग का विकास होने लगता है। ऐसे में वह बाहर की दुनिया को अच्छे से महसूस करने लगता है। वे अपने पेरेंट्स की बातें सुनने के साथ उनके स्पर्श को महसूस करता है। ऐसे में आप प्रेगनेंसी में ही बच्चे के साथ अच्छा बॉन्ड बना सकती है। वहीं अगर आप पहली बार पेरेंट्स बनने जा रहें हैं तो आज हम आपको शिशु के साथ पक्का बॉन्ड बनाने के 5 टिप्स बताते हैं...

**शिशु से बातें करें**

एक्सपर्ट्स के अनुसार, गर्भ में पल रहा बच्चा प्रेगनेंसी के कुछ महीनों बाद सुनने लगता है। वे आवाजों का पहचानने लगता है। इसलिए आप शिशु के अच्छी कनेक्शन बनाने के लिए उससे बातें कर सकते हैं। इससे बच्चे खुश भी होगा और इसका बेहतर तरीके से मानसिक व शारीरिक विकास होगा।

**स्पर्श करें**

इन दौरान शिशु स्पर्श भी महसूस करते हैं। ऐसे में आप अपने पेट पर प्यार भरा हाथ लगाएगी तो ये आपके शिशु के महसूस होगा। वे आपके केयरिंग नेचर को अच्छे से समझेगा। वहीं अपने पापा द्वारा स्पर्श मिलने पर भी वह इसे अच्छे से महसूस करेगा।

**बच्चे की पहली किक महसूस करें**

बच्चे के पहली बार किक करने पर शिशु को होने का खूबसूरत अहसास होता है। ऐसे में इस पल को अपने पति को भी फील करवाएं। जब गर्भ में बच्चा किक करें तो बच्चे की इस मूवमेंट में पति का हाथ अपने पेट पर रखें। इससे बच्चे की बॉन्डिग आपके साथ अपने पापा से भी होगी।


**संगीत सुनाएं**

बच्चे के साथ बॉन्डिंग बनाने के लिए बातें करने के अलावा उसे संगीत सुना सकती है। आप खुद भी उसके लिए गा सकते हैं। इसतरह वे अपने पेरेंट्स की आवाज को अच्छे से पहचानेगा। इसके अलावा आप उन्हें कोई कहानी व कविता भी सुना सकते हैं। मगर बच्चे को शोर-शराबे वाले माहौल से दूर रखें। नहीं तो ज्यादा तेज व डरावनी आवाज से वह डर सकता है।

**बच्चे को खुशी में शामिल करें**



माना जाता है कि इस दौरान महिलाओं को सबसे ज्यादा खुश रहना चाहिए। ऐसे में घर पर पॉजीटिव माहौल बनाएं। साथ ही दोनों पति-पत्नी हर चीज को लेकर शिशु से बात करें। इससे शिशु का आपसे अच्छा कनेक्शन होगा। साथ ही उसका शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर तरीके से होगा।



# अमेरिका में बोले पीयूष गोयल- भारत निवेश के सबसे अच्छे मौके मुहैया करा रहा, इसे ना गंवाएं



नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत को निवेश का सबसे अच्छा गंतव्य बताते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के आपसी हितों एक साथ समाहित करने का समय आ गया है। भारत में निवेश के मौकों को गंवाया नहीं जाना चाहिए। सैन फ्रैन्सिसको में अमेरिका और भारत के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने अमेरिका में सोमवार को कहा है कि दोनों ही देश वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता और आपूर्ति शृंखला को लचीला बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि प्रतिस्पर्धी लाभ हैं जो भारत और अमेरिका संबंधों से हासिल किए जाने बाकी हैं। जहां भारत ने अमेरिका को आपूर्ति श्रृंखलाओं का लचीलापन और युवा प्रतिभा उपलब्ध कराया है वहीं अमेरिका ने भारत को निवेश मुहैया कराया है। ये साझेदारी के कारण बढ़िया व्यापारिक मामले बनते हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ये बातें यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) को संबोधित करते हुए कहा है।

# शेख हसीना से मिले गौतम अडाणी:बोले- दिसंबर तक ट्रांसमिशन लाइन का काम पूरा होगा

## झारखंड में बने प्लांट की पूरी बिजली बांग्लादेश को जाएगी

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी से मुलाकात की। इस दौरान एशिया के सबसे अमीर कारोबारी ने दिसंबर तक गोड्डा पावर प्रोजेक्ट के तहत ट्रांसमिशन लाइन के पूरा होने का भरोसा दिलाया। अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पावर ने झारखंड के गोड्डा में 1600 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाया है। ट्रांसमिशन लाइन के जरिए बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड को बिजली की सप्लाई की जाएगी। 2016 में इसे लेकर करार किया गया था। हसीना से मुलाकात के बाद गौतम अडाणी ने ट्विटर पर एक तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने लिखा,




'बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से दिल्ली में मिलना सम्मान की बात है। बांग्लादेश के लिए उनका विजन इंस्पिरेशनल और साहसिक है। हम 16 दिसंबर 2022 को विजय दिवस पर 1600 मेगावाट के गोड्डा पावर प्रोजेक्ट और बांग्लादेश को डेडिकेटेड ट्रांसमिशन लाइन की कमिशनिंग के लिए कमिटेड हैं।' भारत की पड़ोसी पहले नीति के तहत बांग्लादेश एक महत्वपूर्ण भागीदार है। दोनों देशों के बीच सहयोग का दायरा सुरक्षा, व्यापार, बिजली एवं ऊर्जा, ट्रांसपोर्ट और कनेक्टिविटी, साइंस और टेक्नोलॉजी, डिफेंस सेक्टर, नदियों और समुद्री मामलों सहित कई सेक्टर्स तक फैला हुआ है। भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आई हसीना ने सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत करके अपनी राजनयिक बैठक की शुरुआत की। आठ-आठ सौ मेगावाट के दो प्लांटों के निर्माण के लिए झारखंड सरकार और अडाणी पावर ने फरवरी 2016 में एक करार किया था। इसके तहत यहां उत्पादित 1600 मेगावाट बिजली विशेष ट्रांसमिशन लाइन से सीधे बांग्लादेश को भेजी जानी है। इसकी पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2015 में अपने बांग्लादेश दौरे में की थी। बाद में बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के दिल्ली दौरे के दौरान इस पर आगे की सहमति बनी। अडाणी का जो पावर प्लांट आज बनकर लगभग तैयार हो गया है उसके लिए एक समय जमीन अधिग्रहण भी बड़ी चुनौती थी। जिले में SPT एक्ट के कारण जमीन मिल पाना आसान नहीं था और मुआवजा राशि समेत अन्य कई मुद्दों को लेकर पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव अपने समर्थकों के साथ खुलकर इसका विरोध कर रहे थे।

# गडकरी ने माना, खतरनाक है अहमदाबाद-मुंबई हाईवे

## कहा- हैवी ट्रैफिक की वजह से हादसों का ज्यादा खतरा; यहीं गई थी साइरस मिस्त्री की जान

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। जिस अहमदाबाद-मुंबई हाईवे पर टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की कार का एक्सीडेंट हुआ, उसे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी खतरनाक मानते हैं। साइरस की कार ओवरटेकिंग के दौरान सूर्या नदी के पुल पर रोड डिवाइडर से टकरा गई थी। गडकरी ने सोमवार को कहा कि अहमदाबाद-मुंबई एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक वॉल्यूम 1 लाख 25 हजार पैसेंजर कार यूनिट है, इसलिए यहां ड्राइविंग के दौरान टक्कर की संभावना बहुत ज्यादा है। आईएए वर्ल्ड समिट में गडकरी ने कहा कि 20 हजार या उससे ज्यादा पीसीयू का ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए छह लेन वाली सड़कों की जरूरत है। गडकरी ने साइरस मिस्त्री की सड़क हादसे में हुई मौत पर दुख जताया। उन्होंने ड्राइविंग के दौरान कार में सीट बेल्ट न लगाने को गलत बताया। साथ ही कहा कि कार में पीछे बैठे लोगों के



लिए भी सीट बेल्ट लगाना उतना ही जरूरी है, जितना आगे की सीट पर बैठने वालों के लिए। कार एक्सीडेंट में मारे गए मिस्त्री ने सीट बेल्ट नहीं लगाया था। गडकरी ने समिट के दौरान कारों में सीट बेल्ट को लेकर चार मुख्यमंत्रियों का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा- कुछ समय पहले मैं चार मुख्यमंत्रियों की गाड़ियों में बैठा था। उन सभी की गाड़ियों की फ्रंट सीट पर सीट बेल्ट लगाने वाली जगह (सॉकेट) पर क्लिप लगी हुई थी। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि चेतावनी अलार्म ना बजे। मैंने ड्राइवर को डांटा और क्लिप हटवाई। इंटरव्यू में उन्होंने अपनी जवानी का किस्सा बताया। गडकरी ने कहा कि जवानी में वह खुद नियम तोड़ते थे। तब उन्हें अहसास नहीं था कि यह कितना खतरनाक है। गडकरी ने कहा - इलेक्शन के टाइम पर वे एक स्कूटर पर चार लोग बैठकर घूमते थे और नंबर प्लेट को हाथ से छिपा लेते थे ताकि चालान न हो सके। वे तब की बातें थी, लेकिन अब लोगों को अपना माइंडसेट बदलना होगा, नियमों का पालन करना होगा। सरकार ने 1 जुलाई 2019 से कार कंपनियों को सीट बेल्ट रिमाइंडर (अलार्म) लगाना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन यह सिर्फ अगली सीटों के लिए ही है, जबकि पीछे की सीट बेल्ट के लिए भी यह होना चाहिए। देश में साल 2020 में सड़क हादसों में 15,146 लोगों ने सीट बेल्ट नहीं लगाने की वजह से जान गंवाई।

# सोने-चांदी के बढ़े भाव

## जानें कितना मुनाफा वसूलता है आपसे ज्वेलरजानें कितना मुनाफा वसूलता है आपसे ज्वेलरजानें कितना मुनाफा वसूलता है आपसे ज्वेलर

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। सर्राफा बाजारों में मंगवार को सोने-चांदी के हाजिर भाव में बढ़त दिख रही है। आज 24 कैरेट सोना 50865 रुपये पर खुला, जो सोमवार के बंद रेट से 95 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा है। वहीं, चांदी भी 264 रुपये मजबूत होकर 52627 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5389 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 22381 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 50661 रुपये पर



हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 57630 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। वहीं, 22 कैरेट 46592, जबकि 18 कैरेट 38149 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 29756 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1525 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 52390 रुपये जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 55235 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 60759 रुपये में देगा। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 57398 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। जबकि, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 47989 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 52788 रुपये का पड़ेगा।

18 कैरेट गोल्ड की कीमत 3 फीसद जीएसटी के साथ 39293 रुपये प्रति 10 ग्राम होगी। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 43222 रुपये का पड़ेगा।

अब 14 कैरेट सोने का भाव जीएसटी के साथ यह 30648 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 33713 रुपये का पड़ेगा।

# 14 साल के निचले स्तर पर पहुंचा गेहूं का सरकारी स्टॉक

## त्योहारों में बढ़ सकते हैं गेहूं और आटे के दाम

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। देश में गेहूं के सरकारी स्टॉक में भारी गिरावट आई है। भारतीय खाद्य निगम का गेहूं का स्टॉक 14 सालों के निचले स्तरों पर पहुंच गया है। इसमें आगे और कमी आने की संभावना है। पिछले गेहूं सीजन में देश में गेहूं उत्पादन बहुत कम हुआ था। गेहूं के दाम बढ़ने के कारण गेहूं की सरकारी खरीद भी लक्ष्य के अनुरूप नहीं हुई थी। इसी को देखते हुए सरकार ने गेहूं निर्यात पर मई में ही प्रतिबंध लगा दिया था। मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार, राहत की बात यह है कि देश में फिलहाल चावल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। लेकिन इस बार देश के कई प्रमुख चावल उत्पादक इलाकों में कम बारिश होने से चावल का रकबा पिछले



साल के मुकाबले 8 फीसदी घटा है। इस वजह से इस बार देश में डेढ़ करोड़ टन चावल कम पैदा होने का अनुमान है। गेहूं के घटते स्टॉक और चावल उत्पादन में कमजोरी रहने की वजह से आगे देश में त्योहारी सीजन में गेहूं, उसके आटे और चावल की कीमतों में इजाफा होने की संभावनाएं प्रबल हो भारतीय खाद्य निगम के गेहूं के स्टॉक में भारी गिरावट आई है और यह 14 सालों के निचले स्तरों पर पहुंचा गया है। भारतीय खाद्य निगम का स्टॉक गिरकर 250 लाख टन पर पहुंच गया है। 1 अक्टूबर तक स्टॉक में और गिरावट की आशंका है। बाजार जानकारों का कहना है कि 1 अक्टूबर 2022 तक स्टॉक 229 लाख टन तक पहुंच सकता है। सितंबर में भारतीय खाद्य निगम के पास चावल का 246.15 लाख टन का स्टॉक है। लेकिन 1 अक्टूबर तक इसके घटकर 200 लाख टन पर पहुंचने की संभावना है। अक्टूबर में भी स्टॉक बफर स्टॉक का दोगुना होगा। चावल मिलों से 120 लाख टन चावल सरकार को मिलना अभी बाकी है।

# सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी अपने निवेशकों को हर दो शेयर पर एक बोनस शेयर देगी

## एक्स बोनस डेट पर चढ़े भाव

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड अपने निवेशकों को बोनस शेयर जारी करने जा रही है। सरकारी महारत्न कंपनी ये 1:2 के अनुपात में यह बोनस शेयर जारी कर रही है। इसका मतलब होगा कि कंपनी अपने हर दो शेयर पर एक बोनस शेयर जारी करेगी। जीएआईएल इंडिया के शेयर छह सितंबर 2022 को एक्स बोनस डेट पर कारोबार कर रहे हैं। बोनस इश्यू रिकॉर्ड कल यानी सात सितंबर 2022 को जारी की जाएगी। एक्स बोनस डेट पर कंपनी के शेयरों में तेजी का रुख है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में फिलहाल सरकारी कंपनी के शेयर करीब एक प्रतिशत की तेजी के साथ 93.10 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे हैं।

# महंगाई से राहत के आसार नहीं

## अगस्त में बढ़कर 7 फीसदी तक पहुंच सकती है खुदरा मुद्रास्फीति

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। अगस्त में वार्षिक आधार पर भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दर 6.19 फीसदी रह सकती है। वहीं, मूलभूत मुद्रास्फीति (कोर इन्फ्लेशन) 6 फीसदी रह सकती है। यह डॉयचे बैंक ने लगाया है। भारत अगले सोमवार को अपने मुद्रास्फीति आंकड़े जारी करेगा। डॉयचे बैंक का कहना है कि भले ही कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है लेकिन इसका प्रभाव सीपीआई पर काफी कम देखने को मिलेगा क्योंकि इसमें ईंधन उत्पादों का हिस्सा काफी कम होता है। इसके अलावा सितंबर-नवंबर में कृषि कम होती है जिसे देखते हुए खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी की आशंका बनी रहेगी। डॉयचे बैंक के भारत



और दक्षिण एशिया के लिए मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक दास ने कहा है कि मुख्य सब्जियों के दाम इस दौरान तेजी से ऊपर जा सकते हैं। दास ने कहा है कि सीजन खत्म होने के इतर वार्षिक आधार पर इस साल दालों की बुआई भी काफी कम हुई है। उन्होंने कहा कि ये ऐसे कुछ कारण हैं जो खाद्य महंगाई को ऊपर रखेंगे और नतीजतन सीपीआई 7 फीसदी के आसपास नजर आएगी। दास ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दरों में वृद्धि जारी रखेगा और बाकी बचे साल (कैलेंडर ईयर) में 75 से 85 बेसिस पॉइंट की तेजी देखने को मिल सकती है। उनका कहना है कि वह मान के चल रहे हैं कि अब केंद्रीय बैंक रेपो रेट में बहुत तेज वृद्धि नहीं करेगा। क्योंकि पहले ही रेपो रेट को काफी पुश मिल चुका है। पिछले महीने जारी किए गए जुलाई के खुदरा मुद्रास्फीति आंकड़ों से थोड़ी राहत मिली थी। जुलाई में खुदरा महंगाई दर 6.71 फीसदी रही थी जबकि जून में यह 7.01 फीसदी थी। हालांकि, गिरावट के बावजूद ये लगातार सातवां महीना था जब खुदरा महंगाई आरबीआई के लक्षित दायरे (2-6 फीसदी) के बाहर रही थी। जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति भी 7.75 फीसदी से लुढ़ककर 6.75 फीसदी पर आ गई थी। महंगाई को काबू में करने के लिए आरबीआई ने मई में अचानक रेपो रेट में 40 बेसिस पॉइंट का इजाफा कर दिया था। इसके बाद एमपीसी की जून में निर्धारित बैठक में एक बार फिर रेपो रेट 50 बेसिस पॉइंट बढ़ाई गई। अगस्त में आरबीआई मौद्रिक नीति को और सख्त करते हुए रेपो रेट में फिर से एक बार 50 बेसिस पॉइंट का इजाफा कर दिया था। इस तरह से 4 महीने के अदंर आरबीआई ने 3 बार रेपो रेट बढ़ाकर इसे 5.40 फीसदी तक पहुंचा दिया है।

जानकारों का मानना है कि आरबीआई अभी बाकी बचे साल में भी रेपो दर बढ़ाता रहेगा।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर के ठीक 2 महीने पहले बदले थे रेट, देखें 1 साल में कितना रहा दाम

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में आज से ठीक दो महीने पहले यानी 6 जुलाई को बदलाव हुआ था। अभी 1 सितंबर को कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में करीब 100 रुपये की कटौती की गई। पिछले 12 महीने की बात करें तो कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 15 बार बदलाव हुआ है, जबकि 6 अक्टूबर 2021 के बाद घरेलू सिलेंडर के रेट केवल चार बार बदले हैं। पिछले साल 6 अक्टूबर को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 899.50 रुपये थी। इसके बाद 22 मार्च 2022 को सिलेंडर 50 रुपये महंगा होकर 949.50 रुपये पर पहुंच गया। एक बार फिर 7 मई को रेट में 50 रुपये की बढ़ोतरी हुई और दिल्ली में एक सिलेंडर की कीमत बढ़कर



999.50 रुपये पर पहुंच गई। मई में 1003 रुपये पर पहुंचने के बाद 6 जुलाई को एक और झटका लगा। कीमत फिर बढ़कर 1053 पर पहुंच गई। अगर कामर्शियल सिलेंडर की बात करें तो यह पिछले एक साल में 15 बार सस्ता-महंगा होता रहा। अभी एक सितंबर से ही यह 100 रुपये तक सस्ता हो गया है। इंडियन ऑयल द्वारा 1 सितंबर को एलपीजी के नए रेट जारी किए गए हैं, जिसके मुताबिक इंडेन का सिलेंडर दिल्ली में 91.50 रुपये, कोलकाता में 100 रुपये, मुंबई में 92.50 रुपये और चेन्नई में 96 रुपये सस्ता हुआ था। लेह 1299 आईजोल 1205 श्रीनगर 1169 पटना 1142.5 कन्या कुमारी 1137 अंडमान 1129 रांची 1110.5 शिमला 1097.5 डिब्रूगढ़ 1095 लखनऊ 1090.5 उदयपुर 1084.5 इंदौर 1081 कोलकाता 1079 देहरादून 1072 चेन्नई 1068.5 आगरा 1065.5 चंडीगढ़ 1062.5 विशाखापट्टनम 1061 अहमदाबाद 1060 भोपाल 1058.5 जयपुर 1056.5 बेंगलुरू 1055.5 दिल्ली 1053 मुंबई 1052.5 स्रोतः आईओसी 1 सितंबर से दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1976.50 रुपये की जगह 1885 रुपये में मिल रहा है।

# त्योहारी सीजन में कमाई का मौका

## इन चीजों में निवेश से होगी खर्चों की भरपाई

नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। त्योहारों का मौसम शुरू होने ही वाला है। पितृपक्ष के बाद नवरात्र से छठ पूजा तक तीज-त्योहारों की भरमार रहेगी। त्योहारी सीजन में लोग खूब खरीदारी करते हैं। बहुत सारी खरीदारी से आपकी जेब खाली भी होती है। ऐसे में इन खर्चों से आप बच तो नहीं सकते, लेकिन इनकी भरपाई जरूर कर सकते हैं। अगर आप निवेशक हैं तो त्योहारी सीजन में खर्च करने के बजाय आप कमा भी सकते हैं। आप गोल्ड, सिल्वर और एल्युमिनियम जैसे कमोडिटी में निवेश कर सकते हैं। यह वस्तुओं को खरीदने का सबसे व्यवहार्य और लागत प्रभावी तरीका है। निवेशक कमोडिटी उत्पादक कंपनियों के शेयर खरीद सकते हैं। इन कंपनियों के स्टॉक की कीमत उनके द्वारा निर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि / गिरावट के साथ बढ़ेगी और गिरेगी। ये कंपनियां बंपर मुनाफा कमाने पर कभी-कभी विशेष लाभांश की घोषणा कर सकती हैं। हालांकि, एक डिसएडवांटेज है कि सोने जैसी वस्तुओं में सीधे निवेश करने की तुलना में इन शेयरों का ओवर ऑल शेयर बाजार के साथ कुछ संबंध जरूर होता है। कुछ कमोडिटी (वस्तुएं) में निवेशक निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। इनमें निवेश करने का एक फायदा यह है कि, ये कमोडिटी मुद्रास्फीति से बचाव के रूप में काम करती है, जबकि एक कमी यह है कि इन वस्तुओं की कीमतें अस्थिर होती है, जो कई फैक्टर से प्रभावित भी होती है। आखिरी में निवेशकों को हमारी यह सलाह है कि, किसी वस्तु पर निवेश करने का फैसला लेने से पहले अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों पर विचार जरुर करें और उसके बाद ही इन्वेस्ट करें। तेजी-मंदी के फाउंडरवैभव अग्रवाल कहते हैं कि कमोडिटी-केंद्रित स्टॉक पोर्टफोलियो बनाने का एक अन्य तरीका पेसिव इंडेक्स फंड्स में निवेश करना है, जो निफ्टी मेटल इंडेक्स को ट्रैक करते हैं। दूसरा है एक्टिव सेक्टोरल फंड, जिसे मेटल स्टॉक और कमोडिटी में निवेश किया जाता है। यदि आप भ्रमित हैं कि किन वस्तुओं में निवेश करना है, तो आप इन निवेश के विकल्प पर विचार कर सकते हैं। यह देखा गया है कि सोने का शेयरों के साथ नकारात्मक संबंध रहा है, जिसका तात्पर्य है कि शेयर बाजार में संकट के दौरान सोने की कीमतों में वृद्धि होती है, क्योंकि लोग अपने निवेश को सोने जैसी सुरक्षित संपत्ति में ट्रांसफर करते हैं। इसलिए अपने निवेश में विविधता लाने के लिए सोना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।इसे भौतिक रूप में या गोल्ड ईटीएफ के रूप में खरीदा जा सकता है। भौतिक सोने की तुलना में गोल्ड ईटीएफ के माध्यम से निवेश करना ज्यादा प्रभावी है। निवेशक पूरे कारोबारी दिन सोने को बेच भी सकते हैं। इसके साथ ही, भारत सरकार नियमित अंतराल पर कई चरणों में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड भी जारी करती है। सोने के साथ-साथ चांदी एक अन्य कमोडिटी है, जिस पर निवेशक इस त्योहारी सीजन में विचार कर सकते हैं। आईसीआईसीआई की एक शोध रिपोर्ट के अनुसार तेजी से बढ़ती आर्थिक स्थिति वाले इंडस्ट्रियल सेगमेंट चांदी की वैश्विक मांग को बनाए रखेंगे। चांदी को भौतिक रूप में या सिल्वर ईटीएफ के रूप में भी खरीदा जा सकता है।

# साइरस मिस्त्री का अंतिम संस्कार:मुंबई में पारसी रीति-रिवाज से हुईं रस्में

## प्रार्थना सभा में भजन और गायत्री मंत्र का पाठ हुआ

मुंबई, 6 सितंबर (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री (54) का आज मुंबई के वर्ली श्मशान घाट पर पारसी रीति-रिवाज के मुताबिक अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा मुंबई के वालकेश्वर में उनके सी फेसिंग मेंशन से वर्ली श्मशान पहुंची। इससे पहले साइरस मिस्त्री के लिए आयोजित प्रार्थना सभा में गायत्री मंत्र और गोविंद गोपाल के भजन भी गाए गए। साइरस के अंतिम संस्कार में शामिल होने आकाश अंबानी, एचडीएफसी के चेयरमैन दीपक पारेख, एनसीपी नेता सुप्रिया सुले और कई पारिवारिक मित्र पहुंचे थे।। हालांकि उनके परिवार ने अंतिम संस्कार की सूचना के साथ ही लोगों से शोक सभा के लिए न आने की अपील की थी। साइरस मिस्त्री का रविवार दोपहर




मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। वे गुजरात के उदवाड़ा में बने पारसी मंदिर से लौट रहे थे। मिस्त्री की मर्सिडीज जीएलसी 220 कार महाराष्ट्र में पालघर के पास रोड डिवाइडर से टकरा गई थी। हादसे में मिस्त्री और उनके दोस्त जहांगीर पंडोले (49) की मौत हो गई, जबकि कार ड्राइव कर रही महिला डॉक्टर अनायता पंडोले और उनके पति दरीयस पंडोले घायल हैं। दरीयस जेएम फाइनेंशियल के सीईओ हैं। साइरस मिस्त्री जिस लग्जरी मर्सिडीज कार में थे, वह करीब 134 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चल रही थी। इसका खुलासा कार के आखिरी सीसीटीवी फुटेज से हुआ है। कार ने रविवार दोपहर 2 बजकर 21 मिनट पर चरौती का चेक पोस्ट क्रॉस किया था। यहां से हादसे की जगह 20 किमी दूर है। मर्सिडीज कार ने यह दूरी महज 9 मिनट में तय की। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग के समय जजमेंट में हुई गलती की वजह से कार रोड डिवाइडर से टकराई। एक्सीडेंट में जान गंवाने वाले मिस्त्री और जहांगीर दोनों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी। डिवाइडर से टकराने के बाद कार के अगले एयरबैग तो खुल गए, लेकिन पीछे वाले एयरबैग सही समय पर नहीं खुले। साइरस और जहांगीर पीछे ही बैठे थे। रविवार को एक चश्मदीद ने भी कहा था कि कार बहुत रफ्तार में थी और दूसरी गाड़ी को रॉन्ग साइड से ओवरटेक करते समय डिवाइडर से टकराई थी। उदवाड़ा के जिस फायर टेंपल से लौटते समय मिस्त्री की कार का एक्सीडेंट हुआ, वहां के पुजारी ने कहा, 'पालोनजी के निधन के बाद साइरस ने हमारे ईरानशाह (फायर टेंपल) और धर्मशाला का रेनोवेशन करवाया। शापोरजी पालोनजी ग्रुप ने पारसी समाज के विकास के लिए सबसे ज्यादा दान दिया है। यहां देखरेख का सारा खर्च भी वे उठाते हैं। हर कार्यक्रम में सबसे पहले उनके परिवार के लोग यहां पहुंचते थे। हम दुआ करते हैं कि ईरानशाह उनके परिवार को दुख सहन करने की हिम्मत दे।'



# पायलट को बधाई देने 21 मंत्री-विधायक पहुंचे

## इनमें मलिंगा सहित 7 गहलोत समर्थक, सीएम बनाने की मांग, बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ता

जयपुर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। सिविल लाइंस स्थित सचिन पायलट के बंगले पर बड़ी संख्या में समर्थक जुटे हुए हैं। सड़कें पायलट समर्थित पोस्टरों से भरी पड़ी हैं। इस शक्ति प्रदर्शन के सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और राजस्थान के डिप्टी सीएम रहे सचिन पायलट के जन्मदिन के बहाने उनके समर्थक आज जयपुर में शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा होने के बाद बीते करीब दस दिन से पायलट गुट अधिक एग्रेसिव दिख रहा है। समर्थक विधायक दावा कर रहे हैं कि सचिन को सीएम बनाने की मांग में कई विरोधी गुट के सदस्य भी अब उनके साथ हैं। आज जयपुर के सिविल लाइंस में जुटे हजारों समर्थक व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा अब तक 21 मंत्री-विधायक पायलट को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे। इनमें 3 मंत्री और 7 गहलोत समर्थक भी हैं। वहीं, बाड़ी (धौलपुर) से विधायक गिर्राज मलिंगा भी पायलट से मिलने पहुंचे। मलिंगा का आना सियासी तौर पर काफी अहम माना जा रहा है।

मंगलवार सुबह से ही जयपुर के अलावा बूंदी, टोंक, कोटा, दौसा, भरतपुर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पायलट के घर पहुंचना शुरू हो गया था। सचिन का जन्मदिन 7 सितंबर को है, लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए वे कन्याकुमारी जा रहे हैं। इस कारण उन्होंने आज ही समर्थकों से मिलने का कार्यक्रम रखा। ट्विटर पर ट्रेंड कर रहे पायलट सोशल मीडिया पर भी सचिन पायलट से जुड़े हैशटैग सुबह से ट्रेंड कर रहे हैं। #सचिनसंगराजस्थान के साथ अब तक 39 हजार से ज्यादा लोग ट्वीट कर चुके हैं। वहीं #सचिन पायलट भी दूसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। सुबह सचिन के समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ दो विधायक सबसे पहले सचिन से मिलने पहुंचे। इनमें उनियारा (बूंदी) विधायक हरीश चंद्र मीणा, नीम का थाना (सीकर) विधायक सुरेश मोदी हैं। वहीं, महुवा (दौसा) से निर्दलीय और गहलोत समर्थक विधायक ओमप्रकाश हुड़ला ने भी पायलट से मुलाकात की। मसूदा (अजमेर) से कांग्रेस विधायक राकेश पारीक भी सुबह पूर्व डिप्टी सीएम से मिलने वालों में शामिल रहे। इसके बाद गहलोत समर्थक विधायक गंगा देवी पायलट से मिलने पहुंचीं। बामनवास (टोंक) विधायक इंद्रा मीणा ने पायलट को बधाई दी तो गहलोत समर्थक किशनगढ़ (अजमेर) से निर्दलीय सुरेश टांक भी पायलट से मिलने सिविल लाइंस पहुंचे।




वन मंत्री हेमाराम चौधरी, परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला, पर्यटन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा, श्रीमाधोपुर विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह शेखावत, टोडाभीम (करौली) विधायक पीआर मीणा, रबतसर (नागौर) विधायक रामनिवास गवडिया, बांदीकुई (दौसा) विधायक जीआर खटाना, लाडनूं से विधायक मुकेश भाकर, चाकसू विधायक वेद प्रताप सोलंकी, विराटनगर(जयपुर) इंद्राज गुर्जर, दांतारामगढ़ से विधायक वीरेंद्र सिंह ने भी पायलट के घर जाकर शुभकामनाएं दीं। बधाई देने निवाई (टोंक) विधायक प्रशांत बैरवा और बयाना (भरतपुर) विधायक अमर सिंह भी पहुंचे। समर्थकों ने आज प्रदेश भर में कार्यक्रम रखे हैं। कल भी ब्लड डोनेशन कैंप सहित कई कार्यक्रम होंगे। राजधानी जयपुर में सिविल लाइंस में हर दीवार पर पायलट को जन्मदिन की शुभकामना देने वाले बैनर पोस्टर लगे हुए हैं। प्रदेश के दूसरे शहरों में भी इसी तरह का माहौल है।

**पायलट से मिलने वाले सियासी चेहरों पर निगाह**

सबकी निगाहें आज बड़े सियासी चेहरों पर रहेगी। पायलट से मिलकर बधाई देने आने वाले विधायकों की संख्या से भी सियासी नरेटिव तय होगा। पायलट के जन्मदिन से पहले यह सियासी जमावड़ा ऐसे वक्त हो रहा है जब कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से लेकर राजस्थान के बदलावों को लेकर सियासी हलकों में चर्चाओं का दौर चल रहा है। पायलट समर्थक नेता और विधायक उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग उठा रहे हैं।

**पायलट की अगली भूमिका जल्द तय होने की संभावना**

पिछले लंबे समय से सचिन पायलट को सत्ता या संगठन में भूमिका दिए जाने का इंतजार है। पिछले 25 महीने से पायलट के पास कोई पद नहीं है। सचिन पायलट की अगली भूमिका पर जल्द फैसला होने की संभावना है। बताया जाता है कि हाईकमान के स्तर पर इस मामले में चर्चा हो चुकी है। इसे लेकर कुछ संकेत भी मिले हैं। सचिन पायलट अब सभाओं में अपने समथर्कों को सबको साथ लेकर चलने और सबका सम्मान करने की सीख दे रहे हैं। इसे भी एक बड़ा इशारा माना जा रहा है।

# वसुंधरा की नई 'प्रोफ़ाइल पिक' पर यूजर्स के कमेंट्स

## 'कहों दिल से वसुंधरा फिर से'

जयपुर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की ट्वीट पर नई प्रोफाइल पिक्चर चर्चा में है। वसुंधरा राजे की सभी ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रोफ़ाइल पिक बदल गई है। नई प्रोफ़ाइल पिक और स्टेटस में उनकी उन तस्वीरों को जगह दी गई है, जब पूर्व में राजे का मुख्यमंत्री कार्यकाल रहा था। इस नई रस्वीर में लिखा गया है, 'सबका साथ निभाना है, उन्नत राजस्थान बनाना है।' यही वजह है कि अब राजे की बदली प्रोफ़ाइल पिक चर्चा का विषय बनी हुई है। इसपर यूज़र्स के मिले जुले कमेंट्स आ रहे हैं। एक यूज़र ने लिखा, 'मिशन विधानसभा चुनाव 2023 में जन-जन की एक ही पुकार- फिर से हो वसुंधरा जी की सरकार, कहो दिल से-वसुंधरा जी फिर से।' राजे की बदली प्रोफ़ाइल पिक के पोस्ट पर उनके समर्थक 'जय-जय राजस्थान' लिखकर उनके समर्थन में जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। समर्थक उन्हें प्रदेश के



भावी सीएम के तौर पर देखने की इच्छा ज़ाहिर कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में राजधानी जयपुर में हुए कार्यक्रम में भी कहों दिल से वसुंधरा फिर से सरीखे नारे लगे थे। हालांकि, पूर्व सीएम ने नारे लगा रहे लोगों को शांत करा दिया था।

पूर्व सीएम की बदली हुई तस्वीर पर यूजर्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया रही है। कुछ यूजर्स ने लिखा है कि भाजपा नेतृत्व को पूर्व सीएम की अनदेखी का खामियाजा चुनाव में उठाना पड़ेगा। वसुंधरा 36 कौम की नेता है।

# अजय सिंह चौटाला ने बीजेपी के साथ चुनाव लड़ने की जताई मंशा

## कांग्रेस पर साधा निशाना

नागौर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला नागौर के एक दिवसीय दौरे पर रहे। चौटाला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जननायक जनता पार्टी भाजपा के साथ मिलकर लोकसभा और विधानसभा 2023 के चुनाव लड़ेगी। इस दौरान चौटाला ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अजय सिंह चौटाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी क्यों ईडी और सीबीआई से डर रही है, जांच एजेंसियां अपनी कार्रवाई कर रही है। नागौर पहुंचे चौटाला पहले खरनाल गांव स्थित वीर तेजा मन्दिर नोखा के पैदल संघ के साथ चीमरानी गांव से खरनाल तक पैदल गए और तेजाजी के मंदिर के



नमूने का लोकार्पण किया। इस दौरान हरियाणा सरकार के मंत्री अनूप धानक भी साथ थे। इसके बाद उन्होंने नागोर के मानासर स्थित श्री नाथूराम मिर्धा ग्रामोत्थान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित छात्रावास का निरीक्षण किया और छात्रों और समाज के बंधुओं को संबोधित किया। इस दौरान चौटाला ने छात्रावास के लिए ई-लाइब्रेरी खोलने की घोषणा की। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने मीडिया से बातचीत की। मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि तेजाजी का पूरा मंदिर मकराना की संगमरमर से निर्मित होगा। जिस फर्म को मंदिर बनाने का ठेका दिया है, उस फर्म को सबसे महंगे पत्थर उपयोग में लेने के लिए 5 करोड़ रुपए दे दिए हैं और मंदिर ट्रस्ट को एक करोड़ रुपए दिए हैं। चौटाला ने कहा कि मंदिर का जो कार्य है, उसको जल्द से जल्द पूरा करेंगे।

# सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन

## पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा, दो हिरासत में

उदयपुर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। उदयपुर की मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन के दौरान हंगामा हो गया। एनएसयूआई और एबीवीपी के छात्र कुलपति को ज्ञापन देने यूनिवर्सिटी के अंदर जाने के लिए अड़ गए और हंगामा बढ़ गया। जिसके बाद पुलिस को बल प्रयोग कर छात्रों को खदेड़ना पड़ा। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार दो छात्र संगठन रिजल्ट के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। अध्यक्ष कुलदीपसिंह के नेतृत्व में एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ नारेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। इसी बीच प्रतापनगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद छात्रों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इसके बाद मौके पर पुलिस ने सभी को खदेड़ दिया।

पुलिस ने एबीवीपी से जुडे. छात्र नेता रौनकराज सिंह और अविनाश




कुमावत को हिरासत मे ले लिया। हालांकि, बाद में दोनों को छोड़ दिया गया। इस दौरान एनएसयूआई को भी पुलिस ने खदेड़ दिया। प्रदर्शन कर रहे छात्र जारी रिजल्ट में सुधार करने की मांग कर रहे हैं।

अध्यक्ष कुलदीपसिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाया है कि 50 फीसदी से अधिक छात्रों को फेल किया गया है। इस बार भी रिजल्ट में गड़बड़ी हुई लेकिन रिजल्ट में सुधार नहीं किया जा रहा है।

# पछुआ हवा ने चार से पांच डिग्री तक बढ़ाया पारा

## 9 सितंबर से बदल सकता है मौसम का मिजाज

जयपुर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। प्रदेशभर में मानसून की गतिविधियों में कमी आई है। ऐसे में सूर्यदेव की तपिश से बीते करीब एक सप्ताह से दिन और रात के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पछुआ और शुष्क हवाओं के असर से लगातार गर्मी का असर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले सप्ताह दिन के तापमान में करीब चार से पांच डिग्री तक बढ़ोतरी दर्ज की जा चुकी है। रात के तापमान में भी करीब तीन डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। कोटा, झालावाड़, श्रीगंगानगर में बाढ़ आने के बावजूद गर्मी का सितम लगातार जारी है। सबसे ज्यादा गर्मी श्रीगंगानगर में देखने को मिल रही है। श्रीगंगानगर और चूरू का पारा 40 डिग्री के करीब पहुंचने के कगार पर है। वहीं छह से अधिक जिलों में दिन का तापमान लगातार 36 डिग्री के पार दर्ज किया जा रहा है। इसके साथ ही गर्मी का सितम



रात को भी जारी है। सभी जिलों में रात का तापमान 24 डिग्री के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार से प्रदेश में नया तंत्र सक्रिय होने से मौसम में बदलाव हो सकता है। इस दौरान प्रदेश के 13 से अधिक जिलों में फिर से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी में लगातार प्रेशर बनेगी। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में प्रवेश करने वाला है, जिसकी वजह से एक चक्रवातीय परिसंचरण राजस्थान पर बनेगा। इस कारण प्रदेश में 9 से 20 सितंबर के दौरान बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कहीं मध्यम तो कहीं हल्की बारिश दर्ज की जा सकती है। कोटा, झालावाड़, बारां, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर के पूरे हिस्से में बारिश होगी।

# पति ने पत्नी की हत्या कर शव खेत में दफनाया

## परिजनों को बताया-किसी और के साथ भाग गई

भरतपुर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। भरतपुर में पति ने पत्नी की हत्या कर दी और शव को घर से 200 मीटर दूर पड़ोसी के खेत में दफना दिया। आरोपी ने दफनाने से पहले शव का हाथ-पैर बांध दिए और मुंह को भी कपड़े से बांध दिए। इसके बाद उसने लोगों को बताया कि वह किसी के साथ भाग गई।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार आरोपी पिंटू (26) ने सोमवार रात को पत्नी कृष्णा (23) की हत्या कर दी। मंगलवार सुबह वह उठा और लोगों को बताया कि उसकी पत्नी भाग गई। इसके बाद सुबह सात बजे मथुरा में रहने वाले पत्नी के भाई राकेश को कॉल कर बताया कि कृष्णा रात से ही लापता है।

मृतका का भाई ने मौके पर पहुंचकर बहन की तलाश शुरू की। इस दौरान उन्हें घर के पास एक खेत में मिट्टी बिखरी हुई मिली। उसके बाद उसने पुलिस को कॉल कर दिया।

मिट्टी हटाई गई तो पुलिस भी चौंक गई। कृष्णा के शव के हाथ-पैर बंधे थे। मुंह भी कपड़े से बांधा गया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया।

# राजस्थान के इस स्कूल में पढ़ती है 14 जुड़वां भाई-बहनों की जोड़ी

उदयपुर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। गोपी-किशन, सीता-गीता और जुड़वा ये सभी फिल्में आपने जरूर देखी होंगी, अगर नहीं भी देखी होंगी तो इनके नाम जरूर सुने होंगे। इन फिल्मों में दो भाइयों और दो जुड़वा बहनों की कहानी दिखाई गई है। फिल्मों की बात करें तो एक भाई को चोट लगती है तो दूसरे को भी दर्द होता है। एक बीमार होता है तो दूसरा भी अपने आप ही बीमार हो जाता है। इस तरह की कई चीजें फिल्मों में दिखाई जाती हैं जो कभी हमें हंसाती हैं तो कभी हमें रुलाती है। राजस्थान के उदयपुर जिले में स्थित एक स्कूल भी ऐसी ही मजेदार कहानी है। इस स्कूल में प्रेप से लेकर 12वीं तक 14 जुड़वां भाई-बहन पढ़ते हैं। इनमें



से एक ट्रिपलेट भाइयों का जोड़ा भी है। शहर के जिस स्कूल में जुड़वां बच्चे पढ़ते हैं उसका नाम है द स्कॉलर्स एरिना है। इस स्कूल में 14 जुड़वां भाई-बहन पढ़ते हैं। यह सभी प्रेप से लेकर 12वीं तक की क्लास में हैं। जिनमें 10 जुड़वा भाई-बहन, एक जोड़ी बहनें और एक तीन भाइयों को जोड़ियां शामिल हैं। हालांकि, इन जुड़वा बच्चों की कहानी फिल्मों से नहीं मिलती है। स्कूल में पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चों का स्वभाव अलग-अलग है। कोई शांत स्वभाव का है तो कोई बहुत ही तेज-तर्रार है, और हां एक को चोट लगने पर दूसरे को दर्द बिल्कुल नहीं होता है।

स्कूल में तीन जुड़वा बच्चों की जोड़ी कुछ साल से यहां पढ़ रही है, लेकिन इस साल यहां नौ जुड़वा बच्चों की जोड़ी ने दाखिला लिया है। जिससे अब यहां 14 जुड़वा बच्चों की जोड़ी हो गई है। वहीं, 12वीं क्लास में पढ़ने वाले दीक्षित और मेहुल जुड़वां भाई हैं। उनकी दो जुड़वां बहनें भी हैं। ऐसे में घर में 4 जुड़वां भाई-बहन हैं। हालांकि, दीक्षित और मेहुल की बहनें इस स्कूल में नहीं पढ़ती हैं। स्कूल प्रबंधन का दावा है कि जुड़वा बच्चों के दाखिले के लिए उन्होंने कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं किया। इन बच्चों के माता-पिता ने खुद ही उनका दाखिला स्कूल में कराया है।

# मिशन बुनियाद के तहत डिजिटल एजुकेशन को मिलेगा बढ़ावा

जयपुर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश के 20 लाख स्टूडेंट्स को डिजिटल एजुकेशन से जोड़ा जाएगा। मिशन बुनियाद के तहत प्रदेश के 33 जिलों के चयनित स्कूलों के 8वीं से 12वीं तक की छात्राओं को विषय सामग्री से युक्त टैबलेट दिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार राजस्थान सरकार ने मिशन बुनियाद का विस्तार किया है। जिसके तहत टैबलेट दिए जाएंगे। टैबलेट में स्टूडेंट्स की कक्षा का सिलेबस डाउनलोड होगा। जिससे वो ऑफलाइन भी पढ़ाई कर सकेंगी। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए राज्य के 33 जिलों में 20 लाख छात्राओं के लिए डिजिटल लर्निंग इंफ्रास्ट्रक्चर सशक्त होगा। योजना से सीनियर सेकेंडरी की छात्राओं का विद्यालय से जोड़ने और ड्रॉपआउट्स को कम करने की योजना है। योजना से ज्यादा से ज्यादा छात्राओं तक डिजिटल पहुंच होगी। बीडी कल्ला ने बताया कि अब तक छह जिलों में चल रहे इस योजना से करीब 35 हजार छात्राएं लाभान्वित हुई। उनमें 16 फीसदी तक शिक्षा का स्तर बढ़ा है। नई तकनीक के माध्यम से अब प्रदेश की 20 लाख छात्राएं लाभान्वित होंगी।

# डंपर ने बैंक मैनेजर की कार उड़ाई, 3 की मौत

## हादसे में मां-बेटे की भी मौत, एक दिन पहले था बच्चे का बर्थडे

बांसवाड़ा, 6 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। मंगलवार सुबह हुए एक्सीडेंट में एक बैंक मैनेजर सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में मां-बेटे भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बच्चे का एक दिन पहले ही बर्थडे था।

घटना बांसवाड़ा के लोहारिया थाना क्षेत्र की सुबह आठ बजे की है। जानकारी के अनुसार अमृतिया के रहने वाले मिनी बैंक व्यवस्थापक हरवीर सिंह चुंडावत (45) आसपुर से बांसवाड़ा जा रहे थे।

इस दौरान उनके साथ उनके दोस्त की बेटी सोनल (30) और उसका बेटा पीटर (8) भी था। रास्ते में पालोदा (बांसवाड़ा) तालाब के पास तेज स्पीड में आ रहे डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। जहां बैलेंस बिगड़ने पर कार तालाब में जा गिरी। मौके पर मौजूद लोगों ने मुश्किल से कार में फंसे घायलों को निकाला। तीनों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सागवाड़ा (डूंगरपुर) लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक सोनल के पिता महिपाल सिंह और हरवीर सिंह दोस्त हैं। हरवीर सिंह अपने किसी काम से बांसवाड़ा जा रहे थे। इस दौरान सोनल अपने पीहर गढ़ानाथ जी(डूंगरपुर) आई हुई थी, पिता महिपाल सिंह ने बेटी और उसके बेटे को डूडका (बांसवाड़ा) उसके ससुराल छोड़ने को कहा था।

हादसे का शिकार हुए 8 साल के पीटर का सोमवार को ही बर्थ-डे था। दूसरे दिन ही उसकी मौत हो गई। उसके पिता गजराज सिंह कुवैत में नौकरी करते है। वहीं, बहन गढ़ानाथ जी में मामा के पास रहती है। मृतक हरवीर का एक बेटा युद्धवीर सिंह (21) और एक बेटी सुमन(18) है। युद्धवीर जयपुर में रीट की तैयारी कर रहा है, बेटी सुमन फर्स्ट ईयर में है।

# गाड़ी में बेरहमी से भरी गायें, 10 की मौत



बानसूर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। बानसूर में पुलिस ने गायों से भरे एक गाड़ी को पकड़ा है। मिनी ट्रक में 25 गाय बड़ी ही क्रूरता के साथ भरी हुईं थी। जिसमें दम घुटने से 10 गायों की मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक सुनसान कच्चे रास्ते में गाड़ी छोड़कर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार पुलिस को रात में सूचना मिली कि एक ट्रक में गाय भरकर बानसूर इलाके की तरफ आ रहा है। पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी कर दी। जिसके बाद मिनी ट्रक का ड्राइवर ट्रक को बहराम का बास गांव के पास शहीद बाबा मंदिर के पास लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गए। वहीं, इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर बानसूर के गिरधारी गौशाला में पहुंचाया गया। जिसमें दम घुटने से 10 गायों की मौत हो चुकी थी। वहीं बाकी गायों को गिरधर गौशाला भिजवाया गया है।

बानसूर डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि रात्रि को सूचना मिली कि एक मिनी ट्रक में गाय भरकर बानसूर की ओर आ रही है। वहीं पुलिस ने सभी रास्तों पर नाकाबंदी कर दी गई थी। जिसके बाद ड्राइवर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर गाड़ी को जप्त कर लिया।

# बेरोजगारों ने किया स्वायत्त शासन विभाग का घेराव

जयपुर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर आज स्वायत्त शासन विभाग का घेराव किया। महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव ने बताया कि फायरमैन भर्ती के प्रैक्टिकल फिजिकल की तिथि जारी करवाने और जेडीए हाउसिंग बोर्ड में ठेके पर भर्ती निकालने के विरोध को लेकर स्वायत शासन विभाग घेराव किया। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने 5 सदस्य प्रतिनिधि मंडल की वार्ता महासंघ अध्यक्ष उपेन यादव के नेतृत्व में स्वायत शासन विभाग सचिव आईएएस जोगाराम से वार्ता करवाई गई। सचिव जोगाराम कहा की फायरमैन भर्ती के फिजिकल प्रैक्टिकल की तिथि का निर्णय आज ले लिया जाएगा। शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

**4 महीने बाद तारीखों का नहीं किया एलान**

उल्लेखनीय है कि फायरमैन भर्ती का परिणाम 18 अप्रैल को जारी हुआ था। 4 महीने से 18 दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक डीएलबी विभाग की तरफ से प्रैक्टिकल फिजिकल की तिथि जारी नहीं हुई है। 4 महीने के अंतराल के बाद बेरोजगारों ने आज स्वायत शासन विभाग का घेराव किया है। उपेन यादव ने कहा कि यदि मांगे पूरी करती है सरकार तो फिर घेराव किया जाएगा। उपेन यादव का कहना है कि सरकार उनकी मांगे नहीं मानती है तो फिर गुजरात में राजस्थान के कांग्रेस नेताओं की सभाओं में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने गुजरात में दांडी यात्रा निकालने के लिए सरकार को चेताया है।

महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा पहले बजट में 6000 पदों पर टेक्निकल हेल्पर भर्ती निकालने की घोषणा की थी लेकिन हाल ही में राज्य सरकार द्वारा 1512 पदों पर भर्ती की जा रही है। इसलिए राज्य सरकार अपने बजट घोषणा को जल्द पूरा करें। और टेक्निकल हेल्पर भर्ती में 6000 पद किए जाए। पंचायती राज जेईएन भर्ती बजट घोषणा के अनुसार 2100 पदों के साथ 539 पदों को जोड़ते हुए जल्द से जल्द विज्ञप्ती जारी की जाए और लिखित परीक्षा के माध्यम भर्ती परीक्षा आयोजित की जाए। जूनियर अकाउंटेंट भर्ती को सीईटी से बाहर किया जाए।

# राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान में हुई हिंदी कार्यशाला



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। परिषद मुख्यालय निर्देश के अनुपालन में, कोविड-19 महामारी के दिशानिर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद के सम्मेलन कक्ष में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की देखरेख में को संस्थान स्तर पर त्रैमासिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन दो सत्रों में, डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक, के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशफाक अहमद, हिन्दी प्रभारी ने किया। सर्वप्रथम डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक ने अतिथि वक्ता और संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में अतिथि वक्ता डॉ. बी. बालाजी, उप प्रबंधक हिंदी अनुभाग एवं निगम संचार मिश्र धातु निगम लिमिटेड, हैदराबाद ने संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली सुचारु रूप से कैसे भरें के विषय पर व्यापक व्याख्यान प्रस्तुत किया। दूसरे सत्र में अतिथि वक्ता चिलुकूरी वेंकट सुब्बाराव सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.) हैदराबाद (3) सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान उप्पल रोड, हैदराबाद ने संसदीय राजभाषा समिति का सामना कैसे करें, हमारी जिम्मेदारियाँ के विषय पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली को सही ढंग से भरने पर जोर दिया तथा उन्होंने प्रश्नावली भरने का अभ्यास कराया। संस्थान में कार्यरत सभी प्रतिभागियों ने व्याख्यान को ध्यानपूर्वक सुना। इस कार्यक्रम में संस्थान के लगभग 25 अधिकारी एवं कर्मचारी गण ने भाग लिया। डॉ. बिश्वो रंजन दास, अनुसंधान अधिकारी (होम्योपैथी) ने प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तेलंगाना भरोसा मंच अध्यक्ष ने आकाशपुरी हनुमान मंदिर में की विशेष पूजा





हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आकाशपुरी हनुमान मंदिर में गोशामहल के विधायक टी. राजासिंह की जल्द रिहाई के लिए तेलंगाना भरोसा मंच के अध्यक्ष तथा जामबाग के पार्षद राकेश जायसवाल के नेतृत्व में विशेष पूजा की गई। किया गया। इस दौरान सामूहिक प्रार्थना और 108 नारियल फोडा गया। आज 6 सितंबर को पूर्वाह्न 11.00 बजे राकेश जायसवाल सामूहिक प्रार्थना में शामिल होकर आकाशपुरी हनुमान मंदिर, धूलपेट में 108 नारियल चढ़ाकर गोशामहल विधायक राजा सिंह की शीघ्र रिहाई के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर रामकृष्ण, दसारी अनिल, सोमराज सिंह, नंदू कुमार, काजल, कल्पना, विद्या, जनार्दन, भानु आदि उपथस्थत रहे।



**शिव शक्ति गणेश मंडल द्वारा किशनगंज में स्थापित गणेश मंडाल में उपस्थित पार्षद शंकर यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता अमर सिंह राजपुरोहित, राजू महाराज, अनिल यादव, रमेश यादव व अन्य।**



**गोशामहल के हिंद नगर में बाल युवा मंडल द्वारा स्थापित गणेश पंडाल में उपस्थित भाजपा नेता अशोक सेन, गणेश अग्रवाल व अन्य।**



**तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा शिक्षक दिवस पर कबूतरखाना स्थित माहेश्वरी विद्यालय में शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसमें भाग लेते हुए अध्यक्ष रमेश बंग, महामंत्री रामप्रकाश भंडारी, श्याम बंग व अन्य।**



**चेर्लापल्ली में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में नगर पधारे भीलवाड़ा डेयरी चैयरमैन रतनलाल चौधरी का राजस्थानी पगड़ी व शॉल से सम्मान कर अवसर पर उपस्थित आयोजक प्रकाश जाट, भाजपा नेता सोहनसिंह राजपुरोहित, किशनलाल शर्मा, रमेश चौधरी, रामलाल हाम्बड़, मदनलाल व अन्य।**



**जगद्गिरीगुटा स्थित सालासर हनुमान मंदिर स्थित 7 सितम्बर एक शाम बाबा रामदेवजी के नाम विशाल जागरण के लिए कुकटपल्ली सी.आई नरसिंह राव, जगतगिरीगुटा सी.आई. साईदुलु, सालासर हनुमान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष पवन संथोलिया व माली समाज उपाध्यक्ष कालुराम साँखला को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण देते हुए राजस्थानी माली समाज युवा मंडल महादेवपुरम के रामनिवास भाटी, पदाधिकारी व सदस्यगण।**

# बिना कुपोषण के अधिकारियों के समन्वय से पूर्ण करें कार्रवाई : जिलाधीश



आसिफाबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर राहुल राज ने कहा कि जिले में कुपोषण रोकने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय कर पूरे उपाय किये जा रहे हैं। मंगलवार को दिल्ली से नीति आयोग के अधिकारी सी. एस आर परियोजना प्रबंधन पर आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में पई के साथ अपर जिला कलेक्टर चाहत बाजपेई भी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुपोषण को दूर करने के लिए छोटे अनाज की खेती के क्षेत्र को बढ़ाने और उन्हें सभी के लिए सुलभ बनाने के उपाय किए जा रहे हैं, स्टंटिंग की स्वास्थ्य स्थितियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. और कम वजन, और स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों के स्वास्थ्य की स्थिति पर विशेष निगरानी की जाएगी। जिले में हाल ही में हुई भारी बारिश से करीब 50 हजार एकड़ में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विशेष उपाय किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मना उरु-मनाबडी कार्यक्रम के तहत पहले चरण में चयनित स्कूलों में विकास कार्य करवाए गए हैं और हम काम को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जलाशक्ति अभियान कार्यक्रम को पूरी तरह से लागू किया जा रहा है और जिले के दस हजार एकड़ में किसानों को छोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उचित उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पशुपालन के साथ-साथ बागवानी फसलों की खेती के लिए विशेष उपाय किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा, कृषि, चिकित्सा स्वास्थ्य, पशुपालन, बागवानी विभाग के अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

# अग्रवाल समाज मलकपेट द्वारा केंद्रीय समिति पदाधिकारियों का स्वागत



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज मलकपेट द्वारा युवा मोर्चा के तत्वाधान में आनंद नगर कॉलोनी में स्थापित विघ्नहर्ता श्री गणेश जी के मंडप में केंद्रीय समिति पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया।

शाखा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ.दिलीप पंसारी, संयुक्त मंत्री सतीश अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष राकेश जालान का युवा मोर्चा के नितेश अग्रवाल,नितिन अग्रवाल,पीयूष अग्रवाल व राहुल गर्ग ने पदाधिकारियों को शॉल, माला व प्रसाद प्रदान कर सम्मानित किया। अवसर पर अंजनी कुमार अग्रवाल एवं डॉ. दिलीप पंसारी ने अपने संबोधन में मलकपेट शाखा युवा मोर्चा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें केंद्रीय समिति के कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा दी। आगामी महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5146 वी जयंती के अवसर पर किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए महिलाओं एवं युवा वर्ग को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया। केंद्रीय समिति सदस्य महावीर प्रसाद अग्रवाल तथा शाखा अध्यक्ष लाजपत राय गुप्ता ने केंद्रीय समिति पदाधिकारियों को मलकपेट शाखा व युवा मोर्चा द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की, जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी।अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल ने शाखा की संपूर्ण कार्यकारिणी एवं युवा मोर्चा के सदस्यों की अग्रसेनजी का ओढ़ना पहनाकर सम्मानित किया। अवसर पर शाखा के परामर्शदाता सुरेश चंद्र गुप्ता, मानद मंत्री पंकज संघी,उपाध्यक्ष सतनारायण मोदी, कोषाध्यक्ष दिनेश गोयल, केंद्रीय समिति सदस्य राजकुमार गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य संजीव गोयल, शैलेश अग्रवाल,मनीष जिंदल,सुनील रुंगटा,महिला समिति की रेखा अग्रवाल, नीता मोदी ,रूपा अग्रवाल, तथा युवा मोर्चा के नितेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, जीतेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, निशिंत अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल,राहुल अग्रवाल, किशन जैन,आयुष अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, रोहित मोदी ,जितेंद्र अग्रवाल आदि सहित महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

# भाजपा नेता राजगोपाल रेड्डी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आलोचना की

नलगोंडा, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा नेता और मुनुगोड़े के पूर्व विधायक कोमटीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वह उनकी परवाह नहीं करेंगे। जिले के नामपल्ली मंडल के तुंगपडु गांव में प्रवेश करने के लिए उन्हें कठिन समय का सामना करना पड़ा क्योंकि कांग्रेस सदस्यों ने उनके वाहन को घेर लिया था।

जब राजगोपाल रेड्डी कुछ ग्रामीण स्तर के कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल करने की योजना में शामिल होने के लिए गांव पहुंचे, तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांव में उनके प्रवेश का विरोध किया और तुंगपाडु के प्रवेश बिंदु पर उनका वाहन रोक दिया।

# दक्षिण दीपांजलि महिला समिति का 14वां वार्षिक दिवस समारोह आयोजित



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण दीपांजलि महिला समिति ने हाल ही में एसआरएचक्यू में विविधता में एकता विषय के साथ अपना 14 वां वार्षिक दिवस समारोह मनाया। इस शानदार कार्यक्रम में लेडीज क्लब के सदस्यों के इन-हाउस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इससे पहले, इस अवसर के मुख्य अतिथि नरेश आनंद, रेड (दक्षिण) ने श्रीमती रेणुका आनंद, अध्यक्ष, डीडीएमएस के साथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन भाषण में, श्रीमती आनंद ने इसे जीवंत बनाने के लिए सदस्यों और पदाधिकारियों के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने लेडीज क्लब को एनटीपीसी के विस्तारित समर्थन के लिए भी सराहना की।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री आनंद ने डीडीएमएस को इसके सकारात्मक योगदान और रचनात्मकता और सीखने पर जोर देने के साथ इसे उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के लिए बधाई दी। उन्होंने सीएसआर गतिविधियों में डीएमएमएस द्वारा निभाई गई भूमिका की भी सराहना की। शाम का प्रमुख आकर्षण भारत की विविधता और इसकी समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाला शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम था। वार्षिक दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण के अलावा दर्शकों ने भी उत्साहपूर्वक मनोरंजक खेलों में भाग लिया।

# चबूतरे पर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा बिठाने वाले को गिरफ्तार करने की मांग



मदनूर, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुछ दिन पहिले मदनूर मंडल केंद्र में कुछ अजनबी लोगों ने महात्मा बसवेश्वर प्रतिमा बिठाने वाले चबूतरे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की छोटी प्रतिमा बिठा कर मंडल में दो जाति में तनाव का वातावरण निर्माण करने वाले अजनबी व्यक्ति पर कानूनी कार्यवाही करने में पुलिस की लापरवाही को देखते हुए मदनूर मंडल लिंगायत समाज अध्यक्ष पंडित राव पाटील ने समाज प्रतिनिधि के सहयोग से मंगलवार के दिन तहसील कार्यालय मैदान में भूख-हड़ताल की। मंडल के स्थानीय लिंगायत समाज के प्रतिनिधियों ने मदनूर मंडल मेनुर गांव के पास 161 अंतर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटों तक चक्का जाम करते हुए बताया कि बसवेश्वर के चबूतरे पर शिवाजी का पुतला बिठाने वाले अजनबी व्यक्तियों को एक सप्ताह से गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। उन्होंने उसे जल्दी से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

**खैरताबाद स्थित गणेश उत्सव समिति द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा का दर्शन-वंदन करते हुए एस. राजकुमार, एस. वीणा माधुरी, अरुण डाकोतिया, राजेश करवा, शोभम बाबू, अभिषेक गौड व अन्य।**





**शिक्षक दिवस पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गायत्री नगर शाखा के प्रबंधक विष्णुवर्धन ने हिंदी सेवा के लिए दी गई विशेष सेवा के उपलक्ष्य में एसईआरटी के हिंदी पाठ्य पुस्तक के लेखक सैयद मतीन अहमद का विशेष सम्मान किया। श्री अहमद ने बैंक प्रबंधक के प्रति आभार जताया।**

# एक शाम वीर तेजाजी महाराज के नाम जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भोनगिरी स्थित डोलफिन होटल के पीछे वीर तेजाजी महाराज के मंदिर प्रांगण मे भादव मास के पावन अवसर पर वीर तेजाजी महाराज का भव्य जागरण आयोजित किया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति मे नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष धर्माराम कड़वा व सहकोषाध्यक्ष रामनिवास पिचकिया ने संयुक्तरुप से बताया कि मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर वीर तेजाजी महाराज का विशेष श्रृंगार कर सोमवार 5 सितम्बर पूजा-अर्चना व आरती के पश्चात् पधारे भक्तों एवं समाज बन्धुओं के लिए सायं 7 बजे से भोजन प्रसादी, रात्रि 9.15 बजे से जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे सम्पत दाधिच द्वारा भजनों के पुष्प अर्पित किये गये।

तेजाजी महाराज की महानता और उनके द्वारा वचनों का सम्मान करने के लिए दिये गये बलिदान की याद मे तेजा दशमी के पावन अवसर पर भजन गायकार सम्पत दाधिच ने तेजाजी महाराज का प्रसिद्ध भजन 'लीलण सिंणगारे शेर पनेरा जावे रे कड़वा कड़वा बोल मती बोल भाभज म्हारी रे' के भजन पर समाज बन्धुओं ने वीर तेजाजी महाराज अमर रहे के नारे लगाकर नाचते-गाते हुए मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम मे विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे। महाआरती के पश्चात् जागरण का समापन्न हुआ। जाट समाज बन्धुओं के लिए मंगलवार 6 सितम्बर प्रात: वेला में पूजा-अर्चनाकर दर्शन-वंदन किया। कार्यक्रम मे जाट समाज वीर तेजाजी नवयुवक मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहे।

## दूसरे पृष्ठ का शेष भाग

### 5 विपक्षी नेताओं ...

वहीं कांग्रेस और अन्य के खाते में 126 सीटें गई थीं। सूत्रों के मुताबिक नीतीश और गठबंधन का पूरा फोकस इन रूरल एरिया पर है। यहां पर 2014 और 2009 के मुकाबले भाजपा सबसे ज्यादा कमजोर थी। 2009 में भाजपा को रूरल एरिया में सिर्फ 77 सीटों पर जीत मिली थी। जो 2014 में बढ़कर 190 और 2019 में 207 पर पहुंच गई। वहीं सेमी अर्बन की बात करें तो यहां 2009 में भाजपा को 20 सीटें मिली थीं, जबकि 2014 में यह बढ़कर 53 और 2019 में 58 पर पहुंच गई। हाइली अर्बन यानी उच्च शहरी एरिया की बात करें तो यहां 2009 में भाजपा के पास 20 सीटें थीं, जो 2014 और 2019 में बढ़कर 40-40 सीटों पर पहुंच गई।

### हैदराबाद का पहला ...

हैदराबाद में कई लोग हैं जो ऑफिस जाने के लिए भी साइकिल का इस्तेमाल करते हैं। उनके लिए यह ट्रैक राह आसान बनाएगा। यह नानकरामगुड़ा और टीएसपीए सर्कल के बीच 8.5 किलोमीटर की दूरी और नरसिंगी और कोल्लूर के बीच 14.5 किलोमीटर की दूरी कवर करेगा। इस प्रोजेक्ट को शहर के आईटी कॉरिडॉर के पास ही बनाया जा रहा है, ताकि आईटी प्रोफेशनल्स को आने-जाने में आसानी हो।

इस प्रोजेक्ट के लिए हैदराबाद ग्रोथ कॉरिडॉर लिमिटेड (एचजीसीएल) और हैदराबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) की टीम दक्षिण कोरिया गई थी। वहां अधिकारियों ने डेजॉन और सेजोंग के बीच साइकिल ट्रैक प्रोजेक्ट को बारीकी से स्टडी किया।

टीम के अनुसार, हैदराबाद में बन रहा सोलर रूफ साइकिलिंग ट्रैक दक्षिण कोरिया के मॉडल का ही बेहतर वर्जन है। यह ज्यादा सुंदर होगा और यहां बारिश से सुरक्षा, पार्किंग और फूड स्टॉल जैसी कई सुविधाएं दी जाएंगी। इसके दोनों तरफ पेड़-पौधों के लिए 1 मीटर की जगह छोड़ी जाएगी। यहां 24 घंटे सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे और सीसीटीवी कैमरा भी चालू रहेंगे।

# सुनील गावस्कर ने विराट कोहली से कहा- किन खिलाड़ियों से मैसेज की उम्मीद कर रहे थे, नाम बताइए





नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर-4 में शानदार बल्लेबाजी करने वाले दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली एक बार फिर अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने मैच में मिली हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा था, "बहुत सारे लोग टीवी पर या बाहर मुझे सुझाव देते हैं। अगर वह मुझसे मिलकर या मेरे नंबर पर मैसेज करके सुझाव देते तो अच्छा होता।" इस पर भारत के महान बल्लेबाज और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कोहली से पूछा है कि वह किन खिलाड़ियों से मैसेज की उम्मीद कर रहे थे। उन्हें नाम बताना चाहिए। गावस्कर ने सोमवार को एक न्यूज चैनल से बातचीत में कहा कि विराट को उस खिलाड़ी का नाम बताना चाहिए जिससे वह टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद कॉल की उम्मीद कर रहे थे और यह भी बताएं कि वह किस तरह के मैसेज का इंतजार कर रहे थे। प्रेस कांफ्रेंस में कोहली ने कहा था कि टेस्ट की कप्तानी छोड़ने के बाद उन्हें महेंद्र सिंह धोनी के अलावा किसी ने भी मैसेज नहीं किया था। विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ 60 रन की शानदार पारी खेली थी।

**सिर्फ धोनी ने किया था मैसेजः कोहली**

कोहली ने कहा था, ₹एक बात मैं आपको बता सकता हूं कि जब मैंने टेस्ट कप्तानी छोड़ी, तो मुझे केवल एक व्यक्ति का मैसेज मिला, जिसके साथ मैं पहले खेल चुका हूं - एमएस धोनी। कई लोगों के पास मेरा नंबर है और बहुत से लोग टीवी पर सुझाव देते हैं, लेकिन जिन लोगों के पास मेरा नंबर है, उनमें से मुझे किसी और का मैसेज नहीं मिला।"

'कोहली को लेना चाहिए नाम'

जब गावस्कर से विराट की इस शिकायत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ₹यह कहना बहुत मुश्किल है कि विराट किसका जिक्र कर रहे हैं? अगर उन्होंने कोई नाम लिया होता, तो आप उस व्यक्ति से पूछ सकते हैं कि आपने उनसे संपर्क किया है या नहीं। मैंने जो सुना है वह यह है कि वह केवल बात कर रहा है धोनी ने उन्हें टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद मैसेज किया था।

गावस्कर ने आगे कहा, "अगर वह पूर्व खिलाड़ियों के बारे में बात कर रहे हैं, जो उनके साथ खेले हैं, तो हम जानते हैं कि टीवी पर कौन आता है। उन्हें उस खिलाड़ी का नाम लेना चाहिए जिसका वह जिक्र कर रहे हैं। उनसे पूछो क्या भाई आपने कोई मैसेज नहीं किया? अगर कोहली नाम लेते हैं तो उन खिलाड़ियों के लिए सही होगा, जिन्होंने विराट को कप्तानी छोड़ने के बाद शुभकामनाएं दी थीं।"

**अर्शदीप विवाद पर भी बोले गावस्कर**

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 18वें ओवर में आसिफ अली का कैच छोड़ने के बाद अर्शदीप सिंह ट्रोल के निशाने पर आ गए। उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई।

# सुरेश रैना ने क्रिकेट से संन्यास लिया

## आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में भी नहीं नजर आएंगे, अगस्त 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा था



नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। सुरेश रैना ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। रैना ने मंगलवार को ट्वीट कर ये जानकारी दी। रैना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 15 अगस्त 2020 को लिया था। इसी दिन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी संन्यास का ऐलान किया था।

अब रैना ने सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया है। यानी वे घरेलू क्रिकेट और IPL में भी नहीं खेलेंगे। रैना ने मंगलवार को ट्वीट किया- देश और अपने राज्य उत्तर प्रदेश के लिए खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। ट्वीट में उन्होंने BCCI, UP क्रिकेट एसोसिएशन, अपनी IPL फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स का शुक्रिया अदा किया है।

**2022 आईपीएल में किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद रैना आईपीएल और विदेशी लीग्स में खेल रहे थे, लेकिन 2022 के आईपीएल में उन्हें चेन्नई समेत किसी भी फ्रेंचाइजी ने नहीं लिया था। हालांकि माना जा रहा था कि 2022 आईपीएल में रैना की वापसी हो सकती है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं था। रैना ने 2020 का सीजन बीच में छोड़ा था। इसी सीजन में उन्होंने अपना आखिरी आईपीएल मैच खेला था।

**विदेशी लीग में खेल सकते हैं**

रैना ने भले ही घरेलू क्रिकेट को अलविदा कह दिया है, लेकिन वे रोड सेफ्टी सीरीज जैसी इंटरनेशनल लीग में खेलते दिख सकते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस खिलाड़ी ने बीसीसीआई से एनओसी मांगा है।

**2002 में झारखंड के खिलाफ डेब्यू किया था**

सुरेश रैना के क्रिकेट करियर की शुरुआत 2000 में हुई थी। जब उन्होंने क्रिकेटर बनने का निर्णय लिया और एक स्पोर्ट्स स्कूल जॉइन किया। उसके बाद 2002 में झारखंड के खिलाफ उन्होंने UP टीम के लिए डेब्यू किया था। वे उस टीम के कप्तान भी बने थे।

**'फायर है मैं' से 'शुक्रिया' तक**

आईपीएल-2022 मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद मिस्टर आईपीएल ने एक फोटो पोस्ट की थी। जिसमें वे अल्लू अर्जुन के लुक और स्टाइल में नजर आ रहे थे। पोस्ट में खिलाड़ी ने लिखा था- फायर (इमोजी) है मैं, आप जानते हैं कि यह क्या है।

# एक छोटे कीड़े ने रोक दिया यूएस ओपन का मैच

खेल डेस्क, 6 सितंबर (एजेंसियां)। कहते हैं एक चींटी हाथी पर भारी पड़ सकती है। यह बात मंगलवार को यूएस ओपन में सही साबित हुई, जब एक छोटे से कीड़े के कारण विमेंस सिंगल्स का राउंड ऑफ 16 मुकाबला रोकना पड़ा।


डेनियल कॉलिन्स और आर्यन सबालेंका के बीच खेले गए इस मुकाबले के दौरान कोर्ट में एक कीड़ा आ गया। ऐसे में कोलिंग ने कीड़े को देखकर सर्विस रोक दी। फिर बॉल गर्ल ने उस कीड़े थोड़े प्रयास के बाद हटाया। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। यह मुकाबला सबालेंका ने 6-3, 3-6, 6-2 से जीता।

इससे पहले, साल के चौथे ग्रैंड स्लैम के 9वें दिन 22वीं सीड कैरोलीना प्लिस्कोवा ने 26वीं सीड विक्टोरिया अजारेंका को तीन सेटों के मुकाबले में हराते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

चेक रिपब्लिक की कैरोलिना प्लिस्कोवा ने विमेंस सिंगल्स में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को 7-5, 6-7, 6-2 से हराया।

# भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी होंगे मालामाल

## कॉमनवेल्थ और वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को 1.5 करोड़ का इनाम देगी बीएआई



नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। मंगलवार को भारतीय बैडमिंटन संघ ने कॉमनवेल्थ गेम्स और वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पदक विजेताओं के लिए इनाम की घोषणा की है। बैडमिंटन संघ ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। बैडमिंटन में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों और स्पोर्ट्स स्टाफ को 1.5 करोड़ का पुरस्कार दिया जाएगा।

गोल्ड विजेताओं को 20 लाख का इनाम

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट हिमंत विश्व शर्मा ने इनाम की घोषणा करते हुए कहा, 'हमारे खिलाड़ी लगातार देश के लिए पदक जीत रहे हैं और यह कैश रिवॉर्ड पिछले दो वर्षों में उनकी उपलब्धियों के लिए एक छोटा सा प्रयास है।'

बर्मिंघम कॉमनवेल्थ में गोल्ड जीतने वाले प्लेयर्स को 20 लाख का इनाम दिया जाएगा। वहीं, मेंस डबल्स के खिलाड़ी सात्विक रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 25-25 लाख रुपए दिए जाएंगे।

वहीं, बर्मिंघम में सिल्वर जीतने वाली भारतीय टीम को कुल 30 लाख रुपए मिलेंगे। टीम में 10 खिलाड़ी थे, इसलिए एक खिलाड़ी को कुल 3 लाख का इनाम मिलेगा। वर्ल्ड चैंपियनशिप में गए स्पोर्ट स्टाफ के लिए भी 1.5 लाख रुपया का इनाम घोषित किया गया है। वर्ल्ड चैम्पियनशिप के सिल्वर विजेताओं के लिए 10 लाख और कॉमनवेल्थ के ब्रॉन्ज पदक विजेताओं 7.5 लाख रुपए दिए जाएंगे।

बैडमिंटन खिलाड़ियों ने रचा था इतिहास

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप में कुल 9 मेडल जीते। 2021 और 22 में खेले खेले गए बीडब्ल्यूएफ (BWF) वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत ने 3 मेडल जीते थे। 2022 में भारतीय खिलाड़ी सात्विक रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मेन्स डबल्स में इंडोनेशिया की टीम को हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। वहीं, 2021 में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत ने कांस्य और सिल्वर मेडल अपने नाम किए थे।

कॉमनवेल्थ में भी भारतीय शटलर ने कमाल का प्रदर्शन दिखाया और मेडल सूची में कुल 5 मेडल जोड़े। उन्होंने कुल 3 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज अपने नाम किए।

# राफेल नडाल उलटफेर का शिकार

## फ्रांसिस टियाफो ने हराया, रुबलेव क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



न्यूयॉर्क, 6 सितंबर (एजेंसियां)। यूएस ओपन के चौथे राउंड में राफेल नडाल उलटफेर का शिकार हुए हैं। 22 ग्रैंडस्लैम जीत चुके राफेल नडाल को अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने 6-4, 4-6, 6-4, 6-3 के अंतर से हराया। इसके साथ ही नडाल का इस साल अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम और करियर का पांचवां यूएस ओपन जीतने का सपना टूट गया। नडाल ने अपने करियर में रिकॉर्ड 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इनमें 14 फ्रेंच ओपन, चार यूएस ओपन, दो विम्बलडन और दो ऑस्ट्रेलियन ओपन शामिल हैं।

सोमवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में खेलते हुए, 24 वर्षीय ने नडाल के खिलाफ तीन घंटे, 31 मिनट तक संघर्ष किया और शानदार खेल दिखाया। यूएस ओपन में चार बार के चैंपियन राफेल नडाल को हराकर टियाफो ने अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टियाफो 2018 में जॉन इस्नर के बाद इस टूर्नामेंट में अंतिम आठ में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी हैं।

एंड्री रुबलेव ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में नौवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के कैमरन नोरी को 6-4, 6-4, 6-4 से मात दी। अब रुबलेव का सामना टियाफो से होगा।

दूसरा सेट हारने के बाद शानदार वापसी

पहला सेट जीतने और दूसरा हारने के बाद टियाफो ने शानदार वापसी करते हुए तीसरा सेट जीत लिया। चौथे सेट में भी उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 6-3 के अंतर से जीत हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टियाफो ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, ₹मैं बहुत खुश हूं, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। मैंने आज अविश्वसनीय टेनिस खेला। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हुआ। जब मैं पहली बार आया तो मैं मानसिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं था। मैं इसके लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं था। मेरे पीछे एक महान टीम है। मैं बस अपना सिर नीचे रख रहा हूं और मैं सामान्य रूप से जीवन में जहां हूं उससे खुश हूं। मैं सक्षम हूं मुझे करो और इसे अपने तरीके से करो और उस खेल का आनंद लो जो मुझे पसंद है।

# बुमराह के साथ फोटो शेयर कर ट्रोल हुईं संजना

## फिर अपने जवाब से आलोचकों की बोलती बंद की



खेल डेस्क, 6 सितंबर (एजेंसियां)। आठ अगस्त को यह खबर आई थी कि बुमराह एशिया कप में नहीं खेलेंगे। बुमराह फिलहाल बैक इंजरी से जूझ रहे हैं। वह हाल ही में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में अभ्यास करते हुए दिखाई दिए थे।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एशिया कप में चोट के कारण नहीं खेल रहे हैं। उनकी कमी टीम को खल रही है। टीम इंडिया एशिया कप के सुपर-4 में पाकिस्तान से रविवार (चार सितंबर) को हार गई। इस मैच में हार का गुस्सा कुछ लोगों ने जसप्रीत बुमराह पर उतारने की कोशिश की।

संजना गणेशन ने पति को ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया। उनका कमेंट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। संजना ने बुमराह के साथ एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, "जसप्रीत के साथ प्यारी सी पुरानी फोटो। मेरे और बुमराह के स्नीकर्स इस फोटो के स्टार्स हैं।" इस फोटो को शेयर करते हुए संजना ने बता दिया था कि यह तस्वीर पुरानी है, इसके बावजूद शख्स ने बुमराह को ट्रोल करने की कोशिश की। संजना ने अपने जवाब में लिखा, "थ्रोबैक फोटो है, दिखता ही नहीं है क्या?" आठ अगस्त को यह खबर आई थी कि बुमराह एशिया कप में नहीं खेलेंगे। बुमराह फिलहाल बैक इंजरी से जूझ रहे हैं। वह हाल ही में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में अभ्यास करते हुए दिखाई दिए थे। बुमराह वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनकी नजर ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज पर है। सुपर-4 के मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को एक गेंद रहते पांच विकेट से हरा दिया है।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 181 रन बनाए। विराट कोहली ने 44 गेंदों में 60 रन की पारी खेली। जवाब में पाकिस्तान ने 19.5 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद रिजवान ने 51 गेंदों में 71 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने छह चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, मोहम्मद नवाज ने 20 गेंदों में 42 रन की पारी खेली।

अपनी पारी में उन्होंने छह चौके और दो छक्के लगाए। पाकिस्तान को आखिरी तीन ओवर में 34 रन चाहिए थे। 18वें ओवर में रवि बिश्नोई गेंदबाजी के लिए आए और उनके इस ओवर में आसिफ अली का कैछ छूटा। तब आसिफ खाता भी नहीं खोल सके थे। इसके बाद आसिफ ने आठ गेंदों में 16 रन बना डाले। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान को 26 रन चाहिए थे। भुवनेश्वर कुमार ने 19वें ओवर में 19 रन दे डाले।

# मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलेंगी जेमिमा रोड्रिगेज

## फ्रेंचाइजी से खेलने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी; रेनेगेड्स का साथ छोड़ा




मेलबर्न, 6 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिगेज बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलती नजर आएंगी। वे क्लब की ओर से खेलने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को यह ऐलान किया है। उसने एक सोशल पोस्ट में लिखा- 'हमारी पहली भारतीय खिलाड़ी। स्टार्स फैमली में आपका स्वागत है।'

फ्रेंचाइजी ने एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें जेमिमा की जर्सी की रंग बदलता नजर आ रहा है।

जेमिमा ने कहा कि मैं स्टार फैमली के साथ जुड़ने के लिए तैयार हूं। मुझे बताया गया कि मैं क्लब से खेलने वाली पहली भारतीय हूं और यह मेरे लिए गर्व की बात है।

वे क्लब स्टार्स फ्रेंचाइजी में शामिल होने से पहले भारतीय टीम से विमेन एशिया में हिस्सा लेंगी।

**पहले रेनेगेड्स के लिए खेलती थीं**

22 साल की भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई लीग में अब तक मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेलती थीं। उन्होंने पिछले सीजन में 116 के स्ट्राइक रेट से 333 रन बनाए थे।

**आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंच के लिए नामित**

एक दिन पहले जेमिमा आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट हुई थीं।

उनके साथ ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और ताहिला मैकग्रा को भी नॉमिनेट किया गया था। इन तीनों को पिछले महीने के प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है।

**अगस्त में बेहतरीन पारियां खेलीं**

जेमिमा ने पिछले महीने कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए 72 की औसत से कुल 146 रन बनाए। इसमें बार्बाडोस के खिलाफ 56 रन की नाबाद पारी भी शामिल है।

फाइनल में जेमिमा ने 33 रन बनाए। वे कॉमनवेल्थ गेम्स में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर की सूची में 5वें स्थान पर थी। स्मृति मंधाना इस सूची में 159 रन के साथ तीसरे नंबर पर थी।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ : इंग्लैंड के कप्तान से लेकर न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर तक




खेल डेस्क, 6 सितंबर (एजेंसियां)। अगस्त के महीने में इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनने के प्रबल दावेदार हैं। इन दोनों के अलावा जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा भी दावेदारी पेश कर रहे हैं। आईसीसी ने अगस्त महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के खिताब के दावेदार खिलाड़ियों के नाम जारी कर दिए हैं। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स, न्यूजीलैंड के स्पिन ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा इस खिताब के दावेदार हैं। इन तीनों खिलाड़ियों ने अलग-अलग सीरीज और फॉर्मेट में अपने देश के लिए कमाल किया और इस सूची में जगह बनाई है। रजा ने बांग्लादेश और भारत के खिलाफ तीन शतक लगाए थे। वहीं, स्टोक्स ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कमाल किया। सेंटनर ने नीदरलैंड के खिलाफ बेहतरीन अर्धशतक लगाया था।

इंग्लैंड के कप्तान बने स्टोक्स ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाप घरेलू सीरीज में कमाल का ऑलराउंड प्रदर्शन किया था। उन्होंने मैनचेस्टर में दूसरे टेस्ट में एडेन मार्करम, रसी वन डर डुसेन के विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीकी टीम को 151 रन के स्कोर पर रोक दिया था। इसके बाद उन्होंने शानदार शतक लगाया था। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बाद स्टोक्स के शतक की बदौलत इंग्लैंड को 264 रन की बढ़त मिली थी। इसके बाद दूसरी पारी में रसी वान डर डुसेन और कीगन पीटरसन को आउट करके उन्होंने अपनी टीम को पारी के अंतर से जीत दिलाई थी। सीरीज के पहले मैच में भी उन्होंने तीन विकेट लिए थे और 40 रन बनाए थे, लेकिन उनकी टीम हार गई थी।

जिम्बाब्वे ने सिकंदर रजा ने वनडे फॉर्मेट में कमाल का प्रदर्शन किया था। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दो शतक लगाए थे और अपनी टीम को सीरीज जिताने में अहम योगदान दिया था। पहले वनडे में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने नाबाद 135 रन और दूसरे मैच में नाबाद 117 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। इसके बाद तीन विकेट भी लिए थे। भारत के खिलाफ भी उन्होंने 115 रन बनाए थे, लेकिन आखिरी ओवर में उनके आउट होने की वजह से जिम्बाब्वे की टीम मैच हार गई थी।

# 17 दिन 5 मैच तय करेंगे दलीप ट्रॉफी का चैंपियन



खेल डेस्क, तीन साल के बाद आखिरकार दलीप ट्रॉफी का इंतजार खत्म हो गया है। इस साल दलीप ट्रॉफी की शुरुआत 8 सितंबर से हो रही है। इसका फाइनल 21 तारीख को खेला जाएगा। आखिरी बार ये टूर्नामेंट साल 2019 में खेला गया था। कोरोना के कारण 2020 और 2021 में इसका आयोजन नहीं हुआ था। 8 अगस्त को बीसीसीआई ने डोमेस्टिक सीजन का शेड्यूल जारी किया था। 2022 का डोमेस्टिक सीजन दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा।इस बार दलीप ट्रॉफी में कुछ बदलाव किए गए हैं। साल 2016 से 2020 के बीच दलीप ट्रॉफी में तीन टीमें हिस्सा लेती थी।

इंडिया रेड, इंडिया ब्लू और इंडिया ग्रीन ये टीमें हुआ करती थी। इस बार बीसीसीआई ने दलीप ट्रॉफी का पुराना तरीका अपनाया है। पिछले सीजन की तरह इस बार तीन टीमों की बजाए कुल 6 टीमें दलीप ट्रॉफी में खेलेंगी।इन टीमों को जोन के आधार पर बांटा गया है।

# सार्वजनिक संपत्ति के निजीकरण में केन्द्र की दिलचस्पी अधिक : तलसानी

## मंत्री ने नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन, मत्स्य पालन व डेयरी विकास और छायांकन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सार्वजनिक संपत्ति के निजीकरण में दिलचस्पी ले रही है और श्रमिकों की समस्याओं को हल करने के लिए ईमानदारी नहीं है। वे मंगलवार को सिकंदराबाद के रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित हो रहे नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन की 30 वीं राष्ट्रीय कांग्रेस में मुख्य अतिथि के रूप में देश भर से आए रेलकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी परिवहन व्यवस्था के रूप में रेल विभाग की काफी पहचान है।

कोविड महामारी के दौरान भी उन्होंने हजारों मालगाड़ियां चलाईं और देश के विभिन्न हिस्सों में माल की आपूर्ति की। रेलकर्मियों ने विशेष ट्रेनें चलाकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। उन्होंने कहा कि 1962 में चीनी आक्रमण के दौरान और 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भी, रेलवे कर्मचारियों ने सैनिकों को युद्धक टैंक और अन्य युद्ध सामग्री की आपूर्ति के लिए 24 घंटे काम किया। उन्होंने कहा कि 3200 रेलकर्मियों की कोरोना वायरस से मौत हो चुकी है और आज तक केंद्र सरकार ने उनके परिवारों को एक पैसा भी अनुग्रह राशि नहीं दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के अधीन इंडियन एयरलाइंस और बीमा का न केवल निजीकरण किया जा रहा है बल्कि रेलवे का भी निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि मजदूर चिंता न करें, पूरा देश आपके साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर कार्यकर्ता खड़े होंगे तो देश में एक भी ट्रेन नहीं चलेगी और केंद्र की भाजपा सरकार को दिखाने का समय निकट है कि आप क्या हैं। उन्होंने रेलकर्मियों से एकजुट रहने और आगामी चुनावों में भाजपा को उचित आइना दिखाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन के अध्यक्ष गुमान सिंह, नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन के महासचिव राघवैया, वेंकट सुब्बम्मा, प्रभाकर, भानु प्रसाद, शेखर राम, संतोष आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राजा सिंह की पत्नी ने जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा विधायक राजा सिंह की पत्नी उषा बाई ने पीडी एक्ट के तहत चेर्लापल्ली केंद्रीय जेल में बंद अपने पति को जमानत देने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

बीजेपी विधायक को 26 अगस्त को प्रिवेंशन ऑफ डिटेंशन एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। एमएलए की पत्नी उषा बाई ने पुलिस के आदेश को चुनौती दी। अपनी याचिका में उन्होंने एचसी को बताया कि राज्य सरकार ने 26 अगस्त को उनके पति की गिरफ्तारी का मार्ग प्रशस्त करने के लिए जीओ नंबर 1651 जारी किया था। उसने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने उसके पति के खिलाफ दर्ज मामलों के बारे में बात नहीं की। उसने एचसी को यह भी बताया कि पुलिस ने उसके पति को सीआरपीसी की धारा 41 ए के तहत कोई नोटिस जारी नहीं किया है।

# महापौर ने बुखार परीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की



हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी के तहत डेंगू रोग की रोकथाम के हिस्से के रूप में, महापौर विजयलक्ष्मी गदवाल ने जोनल कमिश्नर रवि किरण, चीफ एंटोमोलॉजिस्ट रामबाबू और डीसी रजनी कांत रेड्डी के साथ एनबीटी नगर वार्ड में बुखार परीक्षण कार्यक्रम शुरू किया। इस इलाके में सबसे अधिक डेंगू की बीमारी सबसे ज्यादा दर्ज की गई है। इस अवसर पर महापौर ने एनबीटी नगर में घर-घर जाकर डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि घर के अंदर और बाहर साफ-सफाई रखनी चाहिए।

कम से कम प्रत्येक रविवार की सुबह 10 बजे 10 मिनट के लिए परिवार के सभी सदस्यों को आसपास की सफाई में भाग लेना चाहिए। बरसात के मौसम में बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए लोगों को सतर्क रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जीएचएमसी के तहत कीट विज्ञान विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को 4846 कॉलोनियों, दो-तीन कॉलोनियों के लिए जिम्मेदार बनाया गया है। वे न केवल घर-घर जाकर मच्छरों से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूकता पैदा करेंगे, बल्कि रुके हुए क्षेत्रों में मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए निवारक उपाय, फॉगिंग और दवाओं का छिड़काव भी करेंगे। उन्होंने कहा कि मच्छरों से होने वाली बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा और बचाव के उपाय भी किए जाएंगे। आशा कार्यकर्ता बुखार से पीड़ित लोगों के रक्त के नमूने एकत्र करती हैं। इस अवसर पर महापौर ने कीट विज्ञान एवं सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट आदि वितरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कीट विज्ञानी रजनी, रजिता और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों ने भाग लिया।

# करोड़पति बनने के चक्कर में 3 लाख रुपये गंवाए

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कौन बनेगा करोड़पति लॉटरी की आड़ में शहर के एक व्यक्ति से धोखेबाजों ने 3.03 लाख रुपये की ठगी की। सुराराम कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय व्यक्ति को व्हाट्सएप पर एक संदेश मिला था कि उसने लॉटरी में 25 लाख रुपये जीते हैं। इसके बाद राणा प्रताप सिंह नाम के एक व्यक्ति का फोन आया। उसने पीड़ित व्यक्ति के बैंक डिटेल, मोबाइल नंबर, फोन नंबर, आदि जानकारी एकत्र कर लिया। पुलिस ने कहा कि फोन करने वाले ने शिकायतकर्ता से कहा कि उसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मंजूरी, आरबीआई शुल्क, एलआईसी, दस्तावेज शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। इसके बाद उसे कौन बनेगा करोड़पति की जीती धनराशि मिलेगी। इसी आधार पर पीड़ित से 3.03 रूपए उसने पीड़ित से ठग लिए। पैसे मिलने के बाद फोन करने वाले का मोबाइल फोन स्विच ऑफ था। शिकायत के आधार पर साइबराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# तेलंगाना में भारी बारिश का अनुमान, आईएमडी ने येलो व ऑरेंज अलर्ट जारी किया

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में अगले चार दिनों में भारी बारिश की संभावना के बीच मंगलवार को हैदराबाद के कई हिस्सों में बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) हैदराबाद ने मंगलवार को अगले चार दिनों में राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। कुछ जिलों को येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जो गरज के साथ बिजली गिरने का संकेत दे रहा है। जहां बुधवार और शनिवार के लिए येलो अलर्ट है, वहीं गुरुवार और शुक्रवार को राज्य ऑरेंज अलर्ट पर रहेगा। हैदराबाद के लिए गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के अनुसार, कुछ जिलों में तेज हवाएं भी चलेंगी।



**मंगलवार को नगर में हुई भारी बारिश से पंजागुट्टा में जलमग्न सड़क।**

मंगलवार को नगरकुर्नूल (70.6 मिमी) में सबसे अधिक वर्षा हुई, इसके बाद महबूबनगर (60.4 मिमी), जोगुलम्बा गडवाल (51.6 मिमी), मंचेरियल (45.2 मिमी) और पेद्दापल्ले (42 मिमी) में बारिश हुई।

अगले चार दिनों के लिए बताये गये पूर्वानुमान के अनुसार 7 सितंबर को आदिलाबाद, कुमारम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोत्तागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, महबूबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, जनगांव, रंगारेड्डी, कामारेड्डी और नागरकुरनूल में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। , तेलंगाना के जिले गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

8 सितंबर को तेलंगाना के नागरकुर्नूल, जोगुलम्बा गडवाल निर्मल, निजामाबाद, जगित्याल, राजन्ना सिरसिला, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, महबूबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, जनगांव, सिद्दीपेट, यादाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी, कामारेड्डी में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। तेलंगाना के सभी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं (40-50) किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की संभावना है।

9 सितंबर को तेलंगाना के भद्राद्री कोत्तागुडेम, वारंगल, हनमकोंडा, जनगांव, सिद्दीपेट और कामारेड्डी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली बिजली और तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। 10 सितंबर को तेलंगाना में आदिलाबाद, कुमारम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निजामाबाद, जगित्याल, राजन्ना सिरसिला, सिद्दीपेट, कामारेड्डी जिलों सहित कई स्थानों पर हल्की से मध्यम गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। गरज के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

# सार्वजनिक अदालत से बच नहीं सकती टीआरएस सरकार : इटेला

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा विधायक इटेला राजेंदर ने आज कहा कि टीआरएस सरकार सार्वजनिक अदालत से बच नहीं सकती, हालांकि वह जनता की समस्याओं पर चर्चा करने से बच गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा के मानसून सत्र का पहला दिन महज पांच मिनट चला।

उन्होंने कहा कि टीआरएस सरकार को सार्वजनिक अदालत में सजा का सामना करना पड़ेगा। पार्टी विधायक एम. रघुनंदन राव के साथ विधानसभा मीडिया प्वाइंट पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अविभाजित आंध्र प्रदेश में विधानसभा 80 से 90 दिनों तक चलती थी।

उन्होंने कहा कि बजट सत्र 50 दिनों तक चलता था। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा सत्र में भाजपा विधायकों को बिना किसी कारण के निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वीआरए और आदिवासी उनसे विधानसभा में अपनी समस्याएं उठाने का आग्रह कर रहे है।









# इब्राहिमपट्नम में कार्यस्थल पर मृत मिला युवक

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके रंगारेड्डी जिले के इब्राहिमपट्टनम में मंगलवार को एक युवक अपने कार्यस्थल पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। पुलिस ने कहा कि स्वास्थ्य कारणों से उसकी मौत होने की आशंका है।

कृष्ण कुमार रेड्डी (27) के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति ने एक मीट मार्ट में पर्यवेक्षक के रूप में काम किया और कार्यस्थल के कमरों में अपने सहकर्मियों के साथ रह रहा था। पुलिस के मुताबिक कृष्ण कुमार रेड्डी पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और उनका इलाज भी चल रहा था। सोमवार की रात उनके सहकर्मी उन्हें कमरे में छोड़कर गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निकले थे। उसने उन्हें बताया कि वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है और कुछ समय के लिए आराम करना चाहता है।

उन्होंने उसे बिस्तर पर सोने के लिए छोड़ दिया और गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए चले गए। जब तक वे वापस लौटे, वह अचेत अवस्था में मिला।

# तेलंगाना विधानसभा 12 सितंबर तक स्थगित

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विधानसभा का मानसून सत्र मंगलवार को यहां शुरू हुआ और हाल के दिनों में पूर्व विधायकों के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित होने के बाद 12 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

विधानसभा अध्यक्ष पोच्चाराम श्रीनिवास रेड्डी ने शोक प्रस्ताव पेश करने के तुरंत बाद सदन को 12 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया। तुंगतुर्ती विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक मल्लू स्वराज्यम और कमलापुर विधानसभा क्षेत्र से चुने गए परीपति जनार्दन रेड्डी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सदस्यों ने थोड़ी देर के लिए मौन रखा। बाद में, विधानसभा अध्यक्ष पोच्चाराम श्रीनिवास रेड्डी की अध्यक्षता में विधायिका की कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) का आयोजन किया गया और 12 और 13 सितंबर को दो दिनों के लिए विधानसभा सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया। डिप्टी स्पीकर टी. पद्माराव गौड़, विधायी मामलों के मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी, अन्य मंत्री टी हरीश राव, गंगुला कमलाकर और कोप्पुला ईश्वर, चीफ व्हिप दस्यम विनय भास्कर, एमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस विधायक भट्टी विक्रमार्क ने बीएसी में हिस्सा लिया।



**विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बीएसी कीबैइक में भाग लेते हुए समिति के प्रतिनिधि।**

जैसा कि राज्य सरकार 'हैदराबाद स्टेट लिबरेशन' के 75 साल पूरे होने पर 16 सितंबर से तीन दिवसीय लंबी हीरक जयंती वर्ष समारोह आयोजित करने और 17 सितंबर को 'तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाने के लिए कमर कस रही है।

केवल दो दिनों के लिए सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव बीएसी में शामिल नहीं हुए। भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को बीएसी में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था।

# बर्थडे सेलिब्रेशन : आंध्र प्रदेश में जहरीली गैस के कारण 50 केवी के छात्र बीमार

काकीनाडा, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रामीण वलासपकला में केंद्रीय विद्यालय के करीब 50 छात्र मंगलवार को जहरीली गैस की चपेट में आने से बीमार हो गए। पांचवीं और छठी कक्षा के छात्रों को घुटन महसूस हुई और उन्हें तुरंत कक्षाओं से बाहर लाया गया और उनकी देखभाल की गई। कुछ छात्र जो ठीक नहीं हुए, उन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि वे कुछ स्प्रे का उपयोग करके कक्षा में एक छात्र का जन्मदिन मना रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप यह घटना हुई।

# फूड प्वाइजनिंग से 54 छात्रा बीमार

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वर्धनापेट स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास में सोमवार की रात फूड प्वाइजनिंग से 54 छात्रा बीमार हो गईं। इनमें से 20 की हालत गंभीर है और उनका वारंगल एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके विरोध में सोमवार मध्यरात्रि को एमजीएम अस्पताल के पास एआईएफडीएस के तत्वावधान में धरना आयोजित किया गया, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा सके। इसको लेकर पुलिस से नोकझोंक हो गई। बाद में वारंगल जिला कलेक्टर गोपी ने आकर छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए निर्देश दिया।



स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को उपभोक्ता कोर्ट का निर्देश

## 17 साल से इंतजार कर रहे भक्त को सेवा टिकट दें या 45 लाख का मुआवजा

हैदराबाद, 6 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कंज्यूमर कोर्ट ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को एक व्यक्ति को वीआईपी दर्शन का टिकट दिलाने या फिर 45 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश दिया है। इस व्यक्ति ने 2006 में मंदिर में विशेष सेवा के लिए टिकट खरीदा था। इसकी तारीख 2020 में पड़ी थी। इसलिए वह इस सेवा में हिस्सा नहीं ले पाया। यही विवाद कंज्यूमर कोर्ट पहुंचा था, जिसमें आदेश दिया गया है। हुआ ऐसा था कि हरि ने मेलचट वस्त्रम सेवा के लिए 17 साल पहले 12 हजार 250 रुपए का भुगतान किया था। उसे 10 जुलाई 2020 की तारीख दी गई। लेकिन उस समय कोरोना महामारी के चलते मंदिर बंद था। इसलिए हरि ने सेवा की तारीख पोस्टपोन करने देवस्थानम के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर को चिट्ठी लिखी थी। इसके बाद असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ने जानकारी दी कि, उनकी मांग पर चर्चा चल रही है। डिप्टी एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ने एक नोटिस जारी करते हुए हरि को बताया कि टीटीडी उसकी सेवा टिकट को वीआईपी दर्शन में बदल सकता है या फिर उसका पैसा रिफंड कर सकता है। लेकिन हरि ने इसे मानने से इंकार कर दिया और दोबारा सेवा की नई तारीख देने की अपील की। हालांकि देवस्थानम ने हरि की अपील को रिजेक्ट कर दिया मामला उपभोक्ता विवाद निवारण कमेटी तक पहुंचा तो कमेटी ने टीटीडी को दो महीने के अंदर मेलचट वस्त्रम सेवा के लिए तारीख देने का निर्देश दिया है। ऐसा न होने पर हरि को उसकी राशि वापस की जाए। साथ ही यह भी कहा कि इस राशि को देने में देर होती है तो 6 प्रतिशत की दर से हर साल का ब्याज जोड़कर करीब 45 लाख का मुआवजा दिया जाए। तिरुपति तिरुमाला देवस्थान ने कोरोना काल में एडवांस बुकिंग के तौर पर कुल 17,946 अर्जित सेवा टिकट दिए थे। टीटीडी ने टिकट वाले भक्तों को सेवाओं के रद्द होने के कारण धनवापसी या वीआईपी ब्रेक का ऑप्शन दिया था। जिसका इस्तेमाल 95 प्रतिशथ श्रद्धालुओं ने किया। हालांकि कुछ भक्तों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया लेकिन फैसला टीटीडी के पक्ष में हुआ था।









Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.